e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 86
शुक्रवार
29.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जीवन में एक बात हमेशा याद रखें, विश्वास और ईमानदारी इंसान की अमूल्य धरोहर है।

**रोजा का समय**
इफ्तार (29.03.24): शाम 06:05 बजे
सेहरी (30.03.2024) सुबह 04 : 21 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# मनरेगा मजदूरी में हुआ बढ़ोतरी

## * सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

**पूरे भारत में औसत मनरेगा मजदूरी बढ़ोतरी 28 रुपये प्रति दिन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए औसत वेतन 289 रुपये होगा जबकि वित्त वर्ष 23-24 के लिए 261 रुपये है।**

एजेंसी
**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में संशोधन को लेकर लेटेस्ट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। देशभर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को अब पहले के मुकाबले प्रतिदिन के हिसाब से ज्यादा मजदूरी मिलेगी। सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में 3 से 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया है। पूरे भारत में औसत मनरेगा मजदूरी बढ़ोतरी 28 रुपये प्रति दिन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए औसत वेतन 289 रुपये होगा जबकि वित्त वर्ष 23-24 के लिए 261 रुपये है। बता दें कि मनरेगा योजना का संचालन करने वाले ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हाल ही में संशोधित मजदूरी दरों को नोटिफाई करने के लिए चुनाव आयोग की अनुमति हासिल की थी, क्योंकि आगामी आम चुनावों के लिए देश भर में आदर्श आचार संहिता पहले से ही लागू है। मौजूदा समय में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की मजदूरी सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक- कृषि श्रम) में बदलाव के आधार पर तय की जाती है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति को दर्शाती है।




### कहां सबसे ज्यादा और कहां सबसे कम बढ़ोतरी

सरकार के इस नोटिफिकेशन से पता चलता है कि हरियाणा में प्रतिदिन अधिकतम 374 रुपये मजदूरी मिलेगी। सबसे कम अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के लिए 234 रुपये प्रतिदिन तय किया गया है। गोवा (10.56 प्रतिशत) और कर्नाटक (10.4 प्रतिशत) में सबसे अधिक प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मजदूरी दरों में सिर्फ 3 प्रतिशत की सबसे कम बढ़ोतरी की गई है। आंध्र प्रदेश (10.29त), तेलंगाना (10.29त) और छत्तीसगढ़ (9.95त) में जोरदार प्रतिशत वृद्धि हुई है। केंद्र ने केंद्रीय बजट 2024-25 में मनरेगा के लिए 86,000 करोड़ रुपये अलॉट किए थे। यह चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के संशोधित अनुमान के बराबर था। केंद्र की अधिसूचित मजदूरी दरों के अलावा, राज्य भी लाभार्थियों के लिए इस लेवल से अधिक मजदूरी दर प्रदान कर सकते हैं।



देश के 500 वकीलों ने चीफ जस्टिस को लिखी चिट्ठी

## चिट्ठी में खास समूह के दबाव का किया गया है जिक्र

**नई दिल्ली :** देश के दिग्गज वकील हरीश साल्वे समेत करीब 500 मशहूर वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में न्यायपालिका पर खास समूह के दबाव को लेकर चिंता जताई गई है। पत्र में न्यायपालिका की अखंडता को कम दिखाने को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है। चिट्ठी में लिखा गया है कि एक खास ग्रुप देश में कोर्ट को कमजोर करने में जुटा हुआ है। चिट्ठी में लिखा गया है कि कानून का समर्थन करने वाले लोगों के रूप में, हमें लगता है कि अपनी अदालतों के लिए आवाज उठाने का समय आ गया है। हमें साथ आने की जरूरत है। चिट्ठी में लिखा गया है कि छिपे हुए हमलों के खिलाफ बोलने की जरूरत है। चिट्ठी में लिखा गया है कि यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी अदालतें हमारे लोकतंत्र के स्तंभ के रूप में बनी रहें, इन सोचे-समझे हमलों से बचने की जरूरत है। पत्र में लिखा गया है कि खास समूह अलग-अलग तरीकों से प्रपंच कर रहे हैं। इससे न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान होता है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के केस में दबाव का इस्तेमाल करने की कोशिश की जाती है।

# स्व. दुर्गा सोरेन का अपमान नहीं करेंगे बर्दाश्त : सीता सोरेन



**रांची की धरती पर सीता सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा एवं स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की व उन्हें नमन किया। सीता सोरेन का काफिला भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा। जहां उनका महिला मोर्चा की बहनों ने जोरदार स्वागत किया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची।** भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शिबू सोरेन की बड़ी बहू, जामा की पूर्व विधायक और दुमका संसदीय क्षेत्र की लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन नई दिल्ली से रांची पहुंची। एयरपोर्ट पर रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। रांची की धरती पर सीता सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा एवं स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की व उन्हें नमन किया। सीता सोरेन का काफिला भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा। जहां उनका महिला मोर्चा की बहनों ने जोरदार स्वागत किया। सीता सोरेन ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भानु प्रताप शाही सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और परिचय प्राप्त किया। प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अंगवस्त्र एवम पुष्प गुच्छ से सीता सोरेन का स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सीता सोरेन ने झामुमो व राज्य सरकार पर निशाना साधा। सीता सोरेन ने कहा कि झामुमो को अपने खून पसीने से सींचने वाले झामुमो के कद्दावर नेता उनके पति स्व दुर्गा सोरेन का अपमान उन्हे कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन की मौत आज तक रहस्य बना हुआ है। इनके मौत की जांच राज्य सरकार कराए। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवम प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी उपस्थित थे। इसे पूर्व रांची पहुंची सीता सोरेन ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अभी हमें बहुत कुछ कहना है सब्र करिए. बीजेपी में शामिल होने और उनके प्रति विश्वास जताए जाने के लिए सीता सोरेन ने पीएम मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरा करके दिखायेंगी.

## क्विक न्यूज

### नानकमत्ता गुरूद्वारे के डेरा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या, दो बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली

**ऊधमसिंह नगर:** नानकमत्ता गुरूद्वारे के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की दो अज्ञात बाइक स्वर बदमाशों ने गोली मरकर हत्या कर दी. घटना गुरुवार सुबह की है जब तरसेम सिंह रोज की तरह डेरे पर बैठे थे. तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गए. आनन-फानन में तरसेम सिंह को खटीमा के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद से ही प्रदेश में हड़कंप मचा है. मौके भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है. उत्तराखंड के डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे पुलिस को सूचना मिली की 6.15- 6.30 बजे के बीच दो बाइक सवार बदमाशों ने नानकमत्ता गुरूद्वारे में प्रवेश किया और प्रमुख जत्थदेयर बाबा तरसेम सिंह को गोली मार दी. उन्होंने तुरंत खटीमा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. यह बहुत ही गंभीर घटना है और मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है. एसएसपी मौके पर हैं, डीआईजी कुमायूं रेंज भी पहुंच रहे हैं. वे मौके पर मुआयना कर हालात का जायजा लेंगे. वारदात की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गयी है, जिसमें एसटीएफ और लोकल पुलिस के अधिकारी शामिल हैं.

### एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए अभिनेता गोविंदा

**मुंबई** : फिल्म अभिनेता गोविंदा एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं. पार्टी में शामिल होने के बाद फिल्म अभिनेता ने कहा, मै एकनाथ शिंदे का धन्यवाद देता हूं. आज के दिन मैं इस पार्टी में प्रवेश कर रहा हूं ये कृपा और प्रेरणा है. उन्होंने कहा कि 2009 में मै राजनीति से बाहर निकला था तो सोचा नही था कि वापस आऊंगा. लेकिन अब एकनाथ शिंदे जी की पार्टी में आया हूं. फिल्म अभिनेता गोविंदा ने कहा कि मेरा 14 साल का वनवास खत्म हुआ है.फिल्म अभिनेता गोविंदा ने कहा कि अगर पार्टी में आर्ट और कल्चर का काम मिले तो मैं जरूर करूंगा. उन्होंने कहा, मुंबई अब और सुंदर हुई है. सीएम एकनाथ शिंदे के आने के बाद ये शहर सुंदर दिखने लगा है. चुनाव लड़ने पर गोविंदा ने कहा, ये हमारे सीएम तय करेंगे. उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर शिवाजी की कृपा रही है और बाला साहेब की.

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किये गये। इसी सिलसिले में मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान मैगजीन के साथ एक इंसास एलएमजी राइफल, मैगजीन के साथ एक 9 मिमी एसएमजी कार्बाइन, एक डबल बैरल गन, पांच एचई हैंड ग्रेनेड, दो मोर्टार शेल, एक आईईडी, एक वॉकी टॉकी, तीन आंसू गैस के गोले, पांच स्टन शेल, रबर बुलेट के साथ दो कारतूस 38 मिमी एंटी-रायट, पांच डेटोनेटर, 19 जीवित गोला बारूद और चार खाली कारतूस ग्वारोक हिल, थौबल जिले से बरामद किए गए। छापामारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |



# रांची के पूर्व भाजपा सांसद कांग्रेस में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** झारखंड की रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया. नई दिल्ली में गुरुवार को उन्होंने कांग्रेस के मीडिया कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधानसभा में कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली. रामटहल चौधरी ने वर्ष 2019 में भाजपा का टिकट न मिलने के बाद पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था. हालांकि उन्हें मात्र 29,597 मत हासिल हुए थे और उनकी जमानत जब्त हो गई थी. उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं. उल्लेखनीय है कि रांची लोकसभा सीट से इस बार फिर से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा थी, लेकिन अब उनकी जगह रामटहल चौधरी इंडिया गठबंधन की ओर से मैदान उतर सकते हैं. 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर रांची लोकसभा सीट से सुबोधकांत सहाय चुनाव लड़े थे लेकिन दोनों बार इनको हार का सामना करना पड़ा. तीसरी बार भी इनके टिकट मिलने के कयास लगाए जा रहे थे. हालांकि अब रामटल चौधरी के आने के बाद माना जा रहा है कि सुबोधकांत सहाय का टिकट कट सकता है.

# कोर्ट ने केजरीवाल की पांच दिनों की ईडी रिमांड किया मंजूर



**अरविंद अग्रवाल ने कोर्ट में कहा**
*** शरत रेड्डी ने 55 करोड़ के चुनावी बॉन्ड बीजेपी को दिए**
*** ईडी का उद्देश्य आप पार्टी को नष्ट करना और कुचलना है**

एजेंसी
**नई दिल्ली :** दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार को पेशी हुई. दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल की पांच दिनों की ईडी रिमांड मंजूर कर दी. ईडी ने सात दिनों की रिमांड की मांग की थी.
सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने अदालत में अपनी बातें रखीं और ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए. कोर्ट में अरविंद केजरीवाल ने खुद भी अपनी दलीलें रखीं. उन्होंने मामले में आरोपी शरत रेड्डी की कंपनी द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए बीजेपी की फंडिंग का मामला भी उठाया.
दरअसल, चुनाव आयोग द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हाल ही में जो इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी सार्वजनिक की गई है, उसके मुताबिक बीजेपी को दिल्ली शराब नीति मामले में आरोपी शरत चंद रेड्डी की कंपनी अरबिंदो फार्मा ने 52 करोड़ रुपये का चंदा दिया है. रेड्डी को नवंबर 2022 में शराब नीति मामले में गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद वह पिछले साल सरकारी गवाह बन गए थे. इसी मामले को भी केजरीवाल ने कोर्ट में हाईलाइट किया है. हालांकि, केजरीवाल ने कोर्ट में दिए अपने बयान में चंदे की रकम को 52 करोड़ की जगह 55 करोड़ बताया है. केजरीवाल ने कहा कि ईडी की जांच के दो मकसद हैं. माहौल बनाना और ईडी की धमकी देकर पैसा इकट्ठा करना. शरत रेड्डी ने इलेक्टोरल बॉन्ड से 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया. ईडी का उद्देश्य आप पार्टी को नष्ट करना और कुचलना है. शरत रेड्डी को 55 करोड़ रुपये का चंदा देने के बाद जमानत मिली थी. गिरफ्तार होने के बाद शरत रेड्डी ने बीजेपी को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया था. बॉन्ड की कॉपी हमारे पास है.

# झारखंड-बिहार के वरीय पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता
**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न हो, इसको लेकर झारखंड व बिहार के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक गुरुवार को हरिहरगंज थाना में हुई। बैठक में पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन तथा औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम सहित कई वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से संपन्न करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने, नक्सल से लेकर अपराधियों पर नजर रखने पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन करने, शराब, ड्रग्स, मादक पदार्थों पर रोक लगाने और चुनाव को प्रभावित करने वालों की पहचान करने आदि पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद एसपी औरंगाबाद स्वप्ना जी मेश्राम ने बताया कि यह पुलिस अधिकारियों की बैठक थी। बैठक में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर अभियान चलाने का निर्णय लिया, दोनों राज्यों ने नक्सली और उनके समर्थकों की सूची को भी साझा किया है. पलामू और औरंगाबाद सीमा पर नक्सलियों के कई छिपाने के स्थान हैं वहां पर विशेष निगरानी करने को कहा गया. इंटर स्टेट बैठक में शराब और मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का भी निर्णय लिया गया है. दोनों राज्य संयुक्त रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे.
पहले चरण के चुनाव से पहले बिहार से सटे हुए सीमावर्ती इलाके को पूरी तरह से सील कर दिया जाएगा. केंद्रीय बलों के माध्यम से औरंगाबाद और पलामू में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जाना है. नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और बिहार के एसटीएफ को लगाया जाएगा.



# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक्सीडेंट में चार लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी
**गुरुग्राम :** गुरुवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बड़ा सडक हादसा हो गया, जिसमें एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार गाड़ी का संतुलन बिगडने के कारण हुआ।जानकारी के अनुसार मेरठ का रहने वाला एक परिवार ईको स्पोर्ट गाड़ी में सवार होकर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से उज्जैन जा रहा था। परिवार के 6 सदस्य ईको स्पोर्ट गाड़ी में सवार थे। गाड़ी ड्राइवर जैसे ही गाड़ी लेकर नूंह जिला के पिनगवां क्षेत्र के गांव झिमरावट के पास पहुंचा तो गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर से जा टकराई। आसपास लोग हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। इस हादसे में 3 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला की अस्पताल में मौत हो गई। मरने वालों की पहचान दीपांशु, प्रियांशु और 12 साल के पीयूष व 40 साल की महिला आंचल के रूप में हुई है। पिनगंवा थाना से जांच अधिकारी बाबूलाल के मुताबिक इस घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गई है। उनके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संक्षिप्त खबरें

## प्रभात कुमार सिंह ने भाजपा के शीर्ष नेताओं को दी सलाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने भाजपा के द्वारा झारखंड की किसी लोक सभा सीट से क्षत्रिय को टिकट नहीं देने से क्षत्रिय समाज में नाराजगी देखी जा रही है। उन्होंने इससे राष्ट्रीय नेताओं को अवगत कराने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि पहले से धनबाद और चतरा लोकसभा सीट क्षत्रिय नेताओं के पास थी। इन दोनो सीटों पर गैर क्षत्रिय प्रत्याशी देने से क्षत्रिय समाज नाखुश दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी अगर अन्य लोगों को ध्यान में रख कर टिकट का बटवारा कर रही है, तो क्षत्रिय समाज को भी साथ लेकर चलना बेहतर होता। झारखंड में क्षत्रिय समाज की संख्या सात प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इसपर राष्ट्रीय नेताओं को एक बार जरूर सोचना चाहिए।

# गिरफ्तारीः पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के सेमरटांड़ कोयल नदी किनारे रविवार को दो युवकों का बेहरमी के साथ धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दिया गया था। जिसमें हत्या का साज़िश करता कविता देवी उम्र 36 वर्ष पति रामा चौधरी एव हत्या में संलिप्त 20 वर्षीय राजा सिंह पिता बीरेंद्र सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसपर चैनपुर पुलिस ने धारा 147,148,149, 341, 302 के तहत आठ नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। वहीं मंगलवार को 9:30 बजे रात में प्रज्ञा केंद्र संचालक मनोज चौधरी को उसके चचेरे भाई अजय चौधरी व उसके दोस्तो ने गोली मारकर घायल कर दिया और मौके पर अजय चौधरी ने कैंची से उसका गला में घोपकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। वहीं इस संदर्भ में चैनपुर पुलिस ने अजय चौधरी का धारा 147,148,149, 302 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत हत्या आरोपी अजय चौधरी को चैनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर सभी को जेल भेज दिया।

## गरीबों के मसीहा थे पूर्व विधायक विदेश बाबू : मनोज सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी के पूर्व विधायक बाबू विदेश सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर पदमा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने अपने नेता को याद किया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक और स्वर्गीय विदेश सिंह के पुत्र बिट्टू सिंह ने कहा कि विदेश बाबू अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में लगा दिया। पांकी विधानसभा में उनके द्वारा किया गया विकास का काम आज भी देखा जा सकता है। मेदिनीनगर नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष व भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक विदेश बाबू गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता विदेश बाबू द्वारा किए गए कार्यों को नहीं भूलेगी। मनोज सिंह ने कहा कि अपने कार्यों के बदौलत विदेश बाबू यहां की जनता के दिलों में अमर रहेंगे। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक विदेश सिंह ने विकास के कई कार्य किए।

## राजद नेता को एक कार्यक्रम के दौरान आया हार्ट अटैक, भर्ती



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गत दिनों हरिहरगंज में राजद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मो जाकिर अली उर्फ राज अली शामिल हुए थे। कार्यक्रम में भाषण के दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। इस बीच उन्हे तत्काल हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्साको ने उनकी स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। उन्हे वाराणसी में एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जांच के बाद पता लगा की उन्हे तीन जगह ब्लॉकेज है। मो जाकिर अली की पुत्री थ्रो बोल की राष्टीय खिलाड़ी शायरा कायनात ने बताया कि उनके पिता की हालत ठीक है। उन्हें वाराणसी से रांची के केसी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनका हार्ट का ऑपरेशन किया जाना है। उन्होंने राजद कार्यकर्ताओं समेत हुसैनाबाद व झारखंड के लोगों से दुआ करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि दिन रात समाज सेवा में लीन रहने वाले उनके पिता के सफल ऑपरेशन और जल्दी स्वास्थ्य होने की कामना करने का आग्रह किया है। मो जाकिर अली के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, विधानसभा प्रभारी कलामुद्दीन खान, मोहिउद्दीन अंसारी,विनय कुमार सिंह यादव, रवि कुमार सिंह यादव, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, रिजवान खान, खुर्शीद अहमद समेत हुसैनाबाद समेत राज्य के सभी राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने की है।

## शहर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है : वीडी राम

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद नगर मंडल, हुसैनाबाद ग्रामीण मंडल एवं उर्धवार मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक हुसैनाबाद के होटल रिद्धि सिद्धि में आयोजित की गई। पलामू लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्यासी विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू जिले का संगठन बहुत मजबूत है। यहां के कार्यकर्ता अनुभवी हैं। यही कारण है कि इस जिले का संगठन क्षमता के लिए प्रदेश ही नहीं देश में भी पहचाना जाता है। हमारे कार्यकर्ता बूथ पर मेहनत करते हैं और हम बूथ को जीतने के साथ ही चुनाव जीत जाते हैं। बीजेपी अपने बल पर 370 एवं सहयोगियों के साथ 400 पार करेगी। हर बूथ पर 51 परसेंट वोट का लक्ष्य तय करे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमे वोट देने जरूर जाना है। पहले हम मतदान करेंगे, तब जलपान करेंगे। शहर के लोगो से खास निवेदन है की शहर में मतदान का प्रतिशत गिरता जा रहा है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यकर्ता ही बूथ पर विरोधियों का सामना करते है।

# अंचल निरीक्षक और अमीन को ग्रामीणों ने बनाया बंधक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर :** अंचल निरीक्षक और अमीन को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया मामला नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के ओरिया कला पंचायत के लोटवा गांव का है जहां ग्रामीणों ने अंचल निरीक्षक महेंद्र राम और अमिन शंकर सिंह को बंधक बना लिया सुचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना के एसआई राजू मांझी अपने दल बल के साथ लोटवा पहुंच ग्रामीणों से मुक्त कराया। पूछे जाने पर ग्रामीणों ने बताया कि एक माह पूर्व आवेदन अंचल निरीक्षक को दिया था वावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया और वहीं दूसरे तरफ कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ल का एक दिन पहले आवेदन मिला और दूसरे दिन निरीक्षण करने पहुंच देख भड़क गए साथ ही बताया कि खाता 43 प्लोट 1 लगभग 40 अकड़ जीएम लैंड जमीन पर हमलोगो का करीब एक सौ साल से कब्जा है रूद्र शुक्ल हमलोगो को डरा कर हमारी जमीन हड़पना चाहता है। इस मामले में क्या कहते हैं कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ल उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व के लोग जानबूझकर हमको परेशान कर रहे हैं यदि उनकी जमीन है तो कागजात दिखाए साथी कहा की बढ़ती लोकप्रियता से घरबरा कर हमारी छवि को धूमिल करना चाहते है। इस मामले में अंचल निरीक्षक महेंद्र राम से पक्ष जानना चाहा तो कुछ भी कहने से इनकार जा रहे हैं8 इस मामले में क्या हकीकत है जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष बने मुकेश अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामनवमी पूजा को लेकर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर की बैठक गुरुवार को देवी मंदिर प्रांगण में हुई बैठक में शाहपुर एवं आसपास के कई हिंदू धर्म प्रेमी शामिल हुए।बैठक के दौरान रामनवमी पूजा में होने वाले खर्च पर विचार विमर्श किया गया एवं अध्यक्ष के द्वारा पिछ्ले साल का आय व्यय का हिसाब भी दिया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सब पुजारी राजेंद्र मिश्रा ने किया जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल को चुना गया एवं लोगों के द्वारा माला पहनकर सम्मानित किया गया। वहीं दीपक जायसवाल, सोनू जायसवाल, पंकज जायसवाल, सुनील गुप्ता, शशांक सुमन, मोनू जायसवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मनोज जायसवाल, पिंटू जायसवाल को सचिव बनाया गया है। लाल बाबू पासवान, मिंशु जायसवाल को उप सचिव। सुनील कुमार गुप्ता को कोषाअध्यक्ष, लवलेश प्रजापति को कैप्टन। दिनेश पासवान, राजेंद्र पासवान को उपकैप्टन। गणेश प्रसाद जायसवाल एवं सत्यजीत जायसवाल को महामंत्री। अनिल रवि को संगठन मंत्री, मुन्ना सोनी, विश्वजीत जायसवाल, राकेश जयसवाल, जयप्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डु, जयप्रकाश सोनी, पंकज जायसवाल, कुलदीप विश्वकर्मा, बबन गुप्ता, संजय शरण, विकास कुमार प्रभाकर, विशाल सोनी को मंत्री बनाया गया है। अमित सोनी को कार्यालय मंत्री तथा संरक्षक के रूप में पत्रकार धर्मेंद्र जायसवाल, रामजी प्रसाद जायसवाल, सहेंद्र जायसवाल डब्लू, मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डु, धीरज जायसवाल, राजेंद्र मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, त्रिपुरारी जायसवाल, संजय जायसवाल, बबलू अग्रवाल, केदार शर्मा, शशिकांत गुप्ता उर्फ गुड्डु, बेचन जायसवाल, केदार शर्मा का नाम शामिल है।

## जल जंगल जमीन हमारा अधिकार, तुम्हारा नहीं चलेगा : बीएन सिंह

**नीलांबर पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहिद नीलांबर पीतांबर की समाधि स्थल एवं फांसी स्थल पर बृहस्पतिवार को शाहिद नीलांबर पीतांबर शहादत समारोह समिति ने पुष्पांजलि अर्पित कर संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और भाकपा माले के झारखंड स्थाई कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बीएन सिंह जन संग्राम मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामरेड ब्रिज नंदन मेहता बौद्ध महासभा के राजेंद्र राम लखन मेहता ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन के पलामू जिला अध्यक्ष गुड्डु कुमार भाकपा माले के कविता सिंह छोटू कुमार मेहता रीना देवी जोगेंद्र शर्मा नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो सहित काफी संख्या में शामिल थे कामरेड बी एन सिंह ने सम्बोधन करते हुए कहा कि शाहिद नीलांबर पीतांबर की सपना था जल जंगल जमीन पर मजदूर किसानों का अधिकार है। झारखंड वासियों का अधिकार है लेकिन आज पूंजीपति लोगो को दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ऐसे शहादत देने वाले दलित आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान नहीं बनने देना चाहती।

## देश की आजादी के लिए शहीदों ने अंग्रेजो से छेड़ी थी जंग : डॉ. मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** आजादी के महानायक झारखंड के वीर सपूत शाहिद नीलांबर पीतांबर की पुण्यतिथि पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पीत कर उनकी शहादत को याद किया उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से जंग छेड़ी थी और अंग्रेजों को छक्के छुड़ाए थे आज ही के दिन 28 मार्च को ही शाहिद नीलांबर पीतांबर को पड़कर फांसी दे दी थी दोनों भाइयों की कुर्बानी कभी भुलाया नहीं जा सकता उक्त बातें प्रखंड परिसर में लगी शाहिद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा के पास शहादत समारोह कार्यक्रम में कहा। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान समाजसेवी कामेश यादव अखिलेश ठाकुर किशोर प्रसाद गुप्ता अवधेश सिंह मुखिया पति बलवंत कुमार विजय तिवारी दिलीप मेहता गोपाल यादव सुधीर तिवारी अरविंद यादव प्रसिद्ध सिंह रामचरित्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला के संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया.इस अवसर पर स्कूल के सभागार में एक समारोह आयोजित कर सभी कक्षा के तीन टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह का उद्घाटन विश्रामपुर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, सेवानिवृत बीईओ सत्येंद्र नाथ चौबे, स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम व सिटी मिशन मैनेजर जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा सभी टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। विश्रामपुर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है.कठोर परिश्रम व लगन से ही मुकाम पाया जा सकता है.संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल अनुशासन व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने के लिए जाना जाता है.उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि बच्चों का बेहतर चरित्र निर्माण हो इसके लिए कुछ अलग हटकर कार्य करने का



प्रयास किया जाए. सेवानिवृत्त बीईईओ सत्येंद्र नाथ चौबे ने कहा कि कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता पिता का अहम योगदान होता है.शिक्षक केवल प्रेरक का काम करते हैं। समय का सदुपयोग कर सिकंदर बन सकते हैं। इसके लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा.विषयगत जानकारी हीं सब कुछ नहीं कदम कदम पर हमें सिखने की जरूरत है.संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है.साथ हीं बेहतर तकनीकी शिक्षा देने को लेकर हमेशा प्रयासरत भी है.बताया कि स्कूल प्रबंधक बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाती है.जहां स्कूली छात्र छात्राएं प्राकृतिक अनुभव का अध्ययन कर बेहतर शिक्षा प्राप्त करते रहे हैं.यह आगे भी बना रहेगा. मौके पर साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजीत तिवारी,सचिव रीना,प्राचार्य मोनिका एक्का,प्रीति चौरसिया,नूतन कुजूर, संजय तिवारी,जोस्मिता लकड़ा, उषा रोनिता, संजय कुजूर, फिलिसिया तिर्की, पूनम खेस, मिताली विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, निधि कुमारी, अल्बिना एक्का, इबरार अंसारी, अफजल अंसारी, शत्रुध्न नायक, प्रतिमा विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिका, अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एके सिंह कॉलेज जपला के प्रिंसीपल को शीघ्र हटाने की मांग की

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एके सिंह कॉलेज जपला के प्रभारी प्रिसिपल सूर्यमणि सिंह को हटाने का मामला तुल पकड़ने लगा है।पहले कई बार विश्वविद्यालय में भी हटाने को लेकर मामला आया था। जबकि विश्वविद्यालय द्वारा नही हटाया गया। आज बूथ स्तरीय कार्यक्रम में शासी निकाय के अध्यक्ष बी डी राम जी और सचिव प्रफुल सिंह को अभिभावक के द्वारा एक आवेदन देकर अवगत कराया गया की ए के सिंह कॉलेज जपला के प्रभारी प्राचार्य के द्वारा घोर अनियमिता बरती जाती है। उनके द्वारा बताया गया की अपने रिश्तेदार के माध्यम से कॉलेज में एक दलाल रखकर प्रैक्टिकल परीक्षा में अच्छा नंबर देने वास्ते पैसे का मांग करते है, नहीं देने पर फेल करने का धमकी देते है,ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित परीक्षा फॉर्म भरने में 3000 तीन हजार की वसूली कर ऑफ लाइन फॉर्म भरवाते है।इस तरह अवैध उगाही उनके द्वारा कराया जाता हैं। उनका स्वयं का व्यवहार तानाशाह जैसा है अभिभावक इसकी शिकायत इनसे करते है तो उनको भी बेइज्जत करने से नहीं हिचकते हैं। अभिभावक लिखितआवेदन में दिए है की जपला के राजनीति में हिस्सा लेते है। इनका कहना है कि सांसद विधायक और सचिव को मैं जेब में रखता हूं। कोई माई का लाल मुझे नहीं हटा सकता है। अभिभावको का कहना है कि ऐसी तानाशाह प्रिंसिपल को अभिलंब हटाया जाए। आवेदन देने वालों में लक्ष्मण रजवार, राजीव कुमार पासवान राजीव कुमार पासवान, सोमनाथ राम, सोनल रजवार, अर्जुन राम प्रहलाद मेहता, राजू सिंह, कामलेश सिंह, पवन पासवान नीरज कुमार, विवेक पांडे का नाम प्रमुख है।

## पलामू का चैनपुर प्रखंड क्राइम जोन में हुआ तब्दील : शत्रुघ्न कुमार शत्रु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बजार (पलामू) :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने नावाबाजार प्रखण्ड के रबदा स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कांग्रेस पार्टी के दलित प्रकोष्ठ के नेता रह चुके उद्यमी व विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी राजमोहन पॉलू व बिजली मिस्त्री राकेश कुमार दास की जघन्य, निर्मम व नृसंश हत्या की कठोरतम शब्दों में निन्दा करते हुए गहरा दुख व शोक प्रकट किया है। साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन जी व जिला प्रशासन से एसआईटी का गठन कर हत्यारों की अविलम्ब पहचान कर गिरफ्तार करने की मांग किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि होली के खुमार में अभी तक डूबे हुए पलामू के आरक्षी अधीक्षक व उपायुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी की प्रशासनिक विफलता के कारण पिछले चार दिनों में अपराधियों द्वारा पांच लोगों की नृसंश हत्या से मेदिनीनगर व चैनपुर क्राइम जोन में तब्दील हो गया है।पलामू में गिरती विधि-व्यवस्था



का आलम यह है कि बेखौफ साइबर अपराधी उपायुक्त पलामू का फेसबुक पर फेंक आईडी बनाकर जिला प्रशासन को खूलेआम चुनौती दे रहे हैं,जो चिंतनीय है। बयान में झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने पलामू की गिरती विधि-व्यवस्था पर स्थानीय सांसद व सभी दलों के विधायकों की गहनतम चुप्पी पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्य सचिव एल0ख्यांगते व डीजीपी अजय कुमार सिंह से शीघ्र हस्तक्षेप कर विधि-व्यवस्था नियंत्रित कर भयमुक्त चुनाव का माहौल बनाने की मांग किया है।ज्ञातव्य है कि पलामू में बालू व।खनन माफियाओं व अपराधियों की पुलिस के साथ मिलीभगत की वजह से नित्यप्रति जघन्य हत्याओं समेत अन्य अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है,जिस पर लगाम लगाना जरूरी है।बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि अभी हाल ही में जेल से सजा काटकर निकले राजमोहन पॉलू व बिजली मिस्त्री राकेश कुमार दास की दिनदहाड़े जघन्य हत्या से उनका पूरा परिवार असुरक्षित व असहाय हो गया है।हम राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन जी से उनके परिवार जनों को पूर्ण सुरक्षा के साथ पर्याप्त मुआवजा देने व दोहरे हत्याकांड की एसआईटी जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं।अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो तीव्र आन्दोलन शुरू किया जाएगा।

# बीडीओ ने मतदान केंद्र वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, विधुत विभाग के साथ बैठक कर मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी प्रधानाध्यापकों से मतदान केन्द्र वार उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा किया। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुबिधायें यथा शौचालय, पेयजल, रैम्प, विधुत, चार्ज़िंग पॉइंट आदि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हरहाल में उक्त सभी सुबिधायें आगामी 30 मार्च तक मतदान केंद्रों पर उपलब्ध होना चाहिये। बीडीओ ने कहा कि सभी मतदान केंद्र के प्रधानाध्यापक 31 मार्च को उक्त सभी सुबिधायें



मतदान केन्द्र पर उपलब्ध होने का प्रमाणपत्र प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। बैठक में प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, विद्युत विभाग के ए ई, एमडीएम सेल के अमित कुमार, प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा, रमेश प्रसाद, अविनाश सहाय, राजनाथ राम, निर्मल कुमार, उदय कुमार, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, अरविंद कुमार ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, मोतीचंद, नंदगोपाल भगत, कुंदन कुमार, अमरेंद्र दास, अविनाशचंद्र, कुमारी नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजली कुमारी, रूबी कुमारी, किरण कुमारी, तस्लीमा, रागनी रवानी, प्रेमशंकर पांडेय, नंदलाल पांडेय, सुरेंद्र शर्मा, नित्यानंद तिवारी, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार केशरी, अजय कुमार सहित सभी मतदान केंद्रों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस संस्था ने 50 महिला किसानों के बीच ओल बीज का किया वितरण



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा भौंरो मोड़ स्थित क्लस्टर भवन में गुरुवार को जेएसएलपीएस संस्था द्वारा 50 महिला किसानों के बीच ओल बीज का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने कहा कि महिला किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत अनुदान में ओल बीज का वितरण किया गया है। भंडरा प्रखंड के उदरंगी, भीठा, भौंरो, मसमानो, गडरपो, जमगाई पंचायत के 50 स्वयं सहायता आजीविका समूह से जुड़ी महिला किसानों के बीच एक-एक बोरा ओल बीज का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला किसान को आर्थिक विकास के लिए संकल्पित है। एफटीसी भरत राम ने कहा कि महिला किसान को ओल खेती करने के लिए जेएसएलपीएस संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। ओल खेती के माध्यम से महिला किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस संस्था द्वारा पूर्व में चयनित किसानों के बीज शत-प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया गया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## कल्पना सोरेन का फर्जी अकाउंट चलाया जा रहा था

**रांची :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का फर्जी अकाउंट चल रहा था, जिसकी शिकायत कल्पना सोरेन ने गोंदा थाने में की है। पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ के दर्ज कर लिया है। यह अकाउंट जनवरी 2024 से चलाया जा रहा था। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अकाउंट किसके द्वारा चलाया जा रहा है। इस केस का अनुसंधान गोंदा थाना प्रभारी अजय सिन्हा कर रहे हैं। वह साइबल सेल की मदद से एक्स अकाउंट का आईपी अड्रेस हासिल करने का प्रयास कर रहे है। जिससे जिस मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप से ये एक्स अकाउंट बनाया गया है उसे पकड़ा जा सके। मामले को लेकर कल्पना सोरेन ने बताया कि @kalpnasoren_jmm नाम से एकाउंट न तो उनके द्वारा और न ही पार्टी द्वारा बनाया गया है।

## झारखंड सचिवालय और सभी कार्यालय 30 को खुले रहेंगे, आदेश जारी

**रांची :** झारखंड सचिवालय और सभी कार्यालय 30 मार्च को खुले रहेंगे। इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने गुरुवार को जारी किया है। इसकी जानकारी सभी संबंधितों को दे दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए 30 मार्च, 2024 (शनिवार) को सचिवालय और संलग्न कार्यालय के साथ-साथ राज्य सरकार अन्तर्गत वैसे सभी कार्यालय जहां शनिवार को अवकाश है, अन्य कार्यदिवस की भांति खुले रहेंगे।

# छोटू रंगसाज़ हत्या मामले में गुड्डू खान गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** डेली मार्केट थाना अन्तर्गत वाजुद्धीन उर्फ छोटू रंगसांज के हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि ग्राम-सेवाडीह थाना-रंका जिला-गढ़वा वर्तमान-काँटाटोली थाना-नामकुम जिला-राँची की हत्या कपड़ा खरीदने के दौरान बाईक सवार दो अपराधकर्मीयों के द्वारा षड़यंत्र के तहत कर दिया गया था। जिसके संबंध में डेली मार्केट थाना कांड सं0 09/2024 दर्ज किया गया। तथा जिसके अनुसंधान हेतू वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में फिरदोस खान उर्फ गुड्डू खान उम्र करीब 40 वर्ष पता-ग्राम पिपरा थाना जिला-गढ़वा झारखंड को गिरफ्तार किया गया जिसका पूर्व का लंबा अपराधिक इतिहास रहा है। जिसके द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि मृतक छोटू रंगसांज से पुरानी दुश्मनी रहने के कारण अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया है।



छापामारी दलः दयानन्द कुमार पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार, राँची। रंजीत सिन्हा पुनि सह थाना प्रभारी कोतवाली, राँची, लक्ष्मी कान्त पुनि पुलिस केन्द्र, राँची, पुअनि प्रवीण कुमार थाना-कोतवाली, राँची, पुअनि अनुरंजन कुमार थाना-रातु, राँची, पुअनि रिजवान अंसारी थाना-लोअर बाजार, पुअनि चुनरू बानरा अशोक नगर टीओपी, राँची।पुअनि दीपक राणा थाना-सदर, राँची। पुअनि नवीन शर्मा थाना-डेली मार्केट, राँची, पुअनि प्रणय सत्यम थाना-डेली मार्केट, सअनि शाह फैजल तकनिकी शाखा, राँची।

# प्रोन्नति से सबंधित समस्याओं से डीआईजी कार्मिक को अवगत कराया गया

**भेट के दौरान पुलिस उप-महानिरीक्षक ने आश्वासन दिया कि वैसे पदाधिकारी जो सेवानिवृत्त/ मृत हो गए उन्हें एसीपी /एम एसीपी लाभ देना पहले अनिवार्य होगा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के आदेशानुसार पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) से मिलकर पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को 10 वर्षों/20वर्षों/30वर्षों का लाभ नहीं मिल पाया एवं आरक्षी संवर्ग से सअनि/ सअनि से पुअनि एवं पुअनि से पुनि में प्रोन्नति के सबंधित उनके समक्ष रखा गया, क्योंकि रिक्त बहुत हो गया है साथ ही भेट के दौरान पुलिस उप-महानिरीक्षक महोदय द्रारि आश्वन दिए कि वैसे पदाधिकारी जो सेवानिवृत्त/मृत हो गए उन्हें एसीपी /एम एसीपी लाभ देना पहले अनिवार्य होगा और कुछ सदस्यों का बोर्ड भी कर चुका हूं और प्रोन्नति भी दिया जाएगा और जल्द पूरक बोर्ड भी किया जाएगा और प्रयास रहेगा। इस मौके मैं और, स्पेशल ब्रांच एवं रांची जिला सचिव अभिनव पाठक, उपाध्यक्ष नवीन सिंह मौजूद थे।



## बरियातू के नर्सिंग होम के पास एक व्यक्ति का मिला शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बरियातू इलाके में रांची नर्सिंग होम के पास एक व्यक्ति का शव पाया गया है। शव की पहचान हो गई है। यह शव राजधानी के सदर इलाके से 3 दिन पहले लापता आलोक कुमार उर्फ कान्हा का है। आलोक होली के एक दिन पहले से ही घर से लापता था। घरवाले उसकी खोजबीन में जुटे थे। आलोक का शव रांची के सदर थाना क्षेत्र के एक नर्सिंग होम के पास मिला। शव झाड़ियों से बरामद किया गया है। गुरुवार की सुबह शव से दुर्गंध आ रही थी, तब लोगों को पता चला कि किसी की लाश पड़ी हुई है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। आलोक का शव देखकर ऐसा लगा रहा है कि उसकी मौत तीन दिन पहले ही हो गयी होगी। हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## पचास हजार रुपये से भरा बैग लूट कर भाग रहे दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र में ऑटो से जा रहे दम्पति से पचास हजार रुपये से भरा बैग लूट कर भाग रहे अपराधी को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूट मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को दबोचा है।दम्पति राँची आये थे और ऑटो से होटल जा रहे थे इसी बीच बाइक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था।घटना के बाद सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम गठित किया।टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई जगहों पर छापेमारी की।उसके बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार दोनों ने पूछताछ में कई घटनाओं की जानकारी दी है।राँची पुलिस सम्भवतः प्रेसवार्ता में खुलासा कर सकते हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गौशाला मैकी रोड के पास ऑटो से होटल जा रहे एक दंपत्ति से दो बाइक सवार युवकों ने उनका 50 हजार रुपए से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए। इस संबंध में फरीदाबाद के रहने वाले संदीप शर्मा ने कोतवाली थाने में मारपीट कर बैग लूट कर भागने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वृंदावन कॉलोनी से 26 मार्च की रात 9.15 बजे वे ऑटो से अपने होटल जा रहे थे। उसी दौरान दो बाइक सवार युवकों ने पहले धक्का मारा, फिर मारपीट की और बैग लूट कर फरार हो गए।



## डीआइजी कार्मिक के आवास पर पंद्रह दिवसीय तरावीह की नमाज संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डीआईजी कार्मिक के आवास पर खत्म ए तरावीह की नमाज का आयोजन किया गया था, जो पंद्रह दिनों में मुकम्मल कुरान हुआ। (तरावीह की नमाज) में रोजाना चालीस लोगों ने नमाज अदा किया। उस अवसर पर सभी के लिए अल्लाह ताला से सुख शांति समृद्धि और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गई। हाफ़िज़ि सज्जाद को तोहफा के साथ नजराना पेश किया गया।वहीं डीआईजी (कार्मिक)रांची,नौशद आलम ने गरीबों और मिस्किनों को खाना का पैकेट और जकात का पैसा वितरण किया।

## राज्य की सभी 14 लोस सीटों पर एनडीए बड़ी जीत दर्ज करेगी: सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आज आजसू पार्टी अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय पर मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बारे में बताते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर बड़ी जीत दर्ज करेगा। एक बार फिर देश की जनता ने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय किया है। विकसित झारखंड के लक्ष्य को जनता के सहयोग से हम सभी को मिलकर पूरा करना है। चुनाव की रणनीति को लेकर गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व का चिंतन-मंथन आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। इंडिया गठबंधन का उद्देश्य जनता की सेवा नहीं सिर्फ सत्ता का लालच है। इनसे न सीटों का बंटवारा हो पा रहा है न उम्मीदवारों का ऐलान।

इनके पास चुनाव लड़ने के लिए कोई विजन भी नहीं है।आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक कल सुबह 10 बजे से हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गई है। इस बैठक में संसदीय बोर्ड के सभी सदस्य शामिल होंगे।



## श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाया जायेगा : राजीव रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची की वार्षिक बैठक संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब राँची सम्पन्न हुई । बैठक में वर्ष 2024 श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि श्री महावीर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ा के उस्ताद एवं खिलाड़ियों को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा एवं सभी अखाड़ो के नेतृत्वकर्ता एवं उस्तादों को सम्मानित किया जाएगा । बैठक में 2023 की कमिटी को भंग कर नए कार्यकारणी की सर्व सहमति से गठन किया गया । बैठक में सर्व सहमति से राजीव रंजन मिश्रा , संजय सेठ (सांसद) एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे को मुख्य संग्रक्षक बनाया गया । संग्रक्षकः प्रणय कुमार , साहेब अली , सुशील केजरीवाल , सूरजभान सिंह। संयोजकः किशोर साहू , रमेश सिंह , गोपाल पारीक , संदीप वर्मा । अध्यक्ष- राम अनुज सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष- रमेश केडिया, मंत्री- बंटी सिंह उपाध्यक्ष- लंकेश सिंह , राहुल सिन्हा , दीपू गाड़ी , नंद किशोर चांगल , रंजीत चौरसिया , मनीष कुमार मिश्रा आदि को शामिल किया गया है।




## नकली शराब बनाने की मिनी फैक्टरी का खुलासा, तीन लोग गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उत्पाद विभाग की टीम ने नकली विदेशी शराब बनाने वाली एक मिनी फैक्टरी का खुलासा किया है। उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि नामकुम के लोवाडीह में बुधवार देर रात छापेमारी की गयी और भारी मात्रा में अलग-अलग विदेशी ब्रांड की नकली शराब 207 लीटर, रंगीन तैयार शराब 20 लीटर, खाली बोतले, 700 लीटर स्प्रीट, स्टीकर और अन्य केमिकल जब्त किये हैं। छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने नकली शराब बनाने वाले किंगपिन नरेश सिंधिया, अरुण सिंधिया और शैलेश हजाम को भी गिरफ्तार किया है। टीम गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है। नरेश लंबे समय से नकली विदेशी शराब बना रहा था। इसकी सूचना उत्पाद विभाग की टीम को मिली थी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने उत्पाद विभाग की टीम को बताया कि वे स्प्रिट में केमिकल मिलाकर नकली शराब तैयार कर रहे थे। वे विदेशी ब्रांडों की नकली शराब तैयार कर रहे थे, जो मार्केट में कम दर में बिकती हैं। उत्पाद विभाग की टीम को छापेमारी के दौरान 20 से 25 पेटी तैयार नकली शराब मिली है।



## डीआईजी ने बैच लगाकर दी बधाई



**रांची।** सीआईडी मुख्यालय में पीपिंग सेरेमनी में डीएसपी से प्रोन्नत हुए एएसपी दीपक कुमार और एएसआई से एसआई बने 6 अन्य पुलिस पदाधिकारियों को डीजी अनुराग गुप्ता और डीआईजी ने बैच लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम ने सीआईडी के सभी पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

## राज्यस्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप में नन्हें बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंग्लिश लिट्रेसी प्रोग्राम के तहत गुरुवार को लीप फॉर वर्ड के सहयोग से झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में राज्यस्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सरकारी स्कूलों के कक्षा 2 से पांच तक के 24 बच्चों ने भाग लिया और अपने शाब्दिक शक्ति का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों के 24 बच्चों ने अंग्रेजी के कठिन शब्दों, वाक्यों एवं अनुच्छेदों का अपनी ज्ञान क्षमता से समाधान किया। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले विजेताओं को मुंबई में आयोजित होने वाले नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**चार्टर्ड प्लेन में बच्चों को कराया जाएगा मुंबई दर्शनः** राष्ट्रीय वर्ड पावर चैंपियनशिप में भाग लेने वाले राज्य के मेधावी बच्चों को चार्टर्ड प्लेन में मुंबई दर्शन कराया जायेगा। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि मेधावी बच्चे ना केवल मुंबई में अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेंगे, बल्कि राज्य की ओर से इन बच्चों को हवाई जहाज से मुंबई भेजा जाएगा।

वहां रहने, खाने-पीने के साथ-साथ उन्हें चार्टर्ड प्लेन से मुंबई की सैर भी कराई जायेगी। इसका सारा खर्च राज्य वहन करेगा।

**अगस्त में बच्चों के बीच प्रतियोगिताः** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने अगस्त में राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के बीच इंटर स्कूल वोकेशनल और आईसीटी प्रतियोगिता कराने की घोषणा की। रंजन ने विजयी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ाया।

**इन श्रेणियों में बच्चे हुए पुरस्कृत, रांची को मिले छह पुरस्कारः** राज्यस्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप में विभिन्न श्रेणियों में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 2 वर्ग में रांची के समरजीत महतो ने पहला, बोकारो के सुमित महतो ने दूसरा और रांची की स्वाति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 3 वर्ग में रांची की आशा कुमारी ने पहला, रांची के अंकित महतो ने दूसरा और गिरिडीह के स्वप्निल तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 वर्ग में पलामू के प्रभात रंजन ने पहला, रांची के अनुप कुमार महतो ने दूसरा और कोडरमा की सौम्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा पांच वर्ग में गोड्डा के देवाशीष ने पहला, लोहरदगा के असद अख्तर अंसारी ने दूसरा और रांची की प्रियंका कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## उपायुक्त और एसएसपी ने नक्सल प्रभावित इलाकों के बूथों का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को नक्सल प्रभावित इलाके में बूथ का निरीक्षण किया। शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। दोनों अधिकारियों ने नक्सल प्रभावित तमाड़ थाना क्षेत्र पेडाईडीह, लुपुंगडीह और डेरो बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर पेयजल,शौचालय और बिजली सहित अन्य व्यवस्था कराने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की भारत निर्वाचन आयोग के जरिये दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त और एसएसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर संवेदनशील इलाकों में बूथों का विशेष निरीक्षण किया ताकि मतदाताओं को भय मुक्त वातावरण में मतदान कराया जा सकें। इसको लेकर मतदान केंद्रों पर तमाम सुरक्षा व्यवस्था कैसे सुनिश्चित हो इसकी पुरी बारीकी से मुआयना किया।

एसएसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर संवेदनशील इलाकों में निरीक्षण के क्रम में तमाम संवेदनशील बूथों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी लिया गया है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा रांची पहुंचीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा गुरुवार को न्यू एजी कालोनी स्थित एनसीएसटी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। इस क्रम में उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से मुलाकात की। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय में लंबित मामलों की जानकारी ली। डा. आशा लकड़ा ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में आनलाइन मामलों की कुल संख्या 93 है। सभी केस एक्टिव हैं। आयोग का गठन नहीं होने के कारण संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी। क्षेत्रीय कार्यालय में ही रांची जिले से संबंधित चार आफलाइन मामले भी आए हैं। इनमें खेलगांव से संबंधित एक, हवाई नगर से संबंधित दो व ईटकीसे संबंधित एक मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एनसीएसटी का क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य मार्ग से अंदर है। इस कारण लोगों को यहां तक आने में कठिनाई होती है। जब मैं कार्यालय में बैठना शुरू करूंगी तो आफिस सेटअप चेंज करने का प्रयास करूंगी।

# अफीम की अवैध खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नामकुम थाना पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुरूरपीढ़ी में दो एकड़ में लगे अफ़ीम की अवैध खेती को नष्ट किया है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम में अभी जरूर से अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के बाद नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया टीम ने कार्रवाई करते हुए अफीम के अवैध खेती को नष्ट किया। मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## अशोक परियोजना के माईनिंग सरदार उपेंद्र प्रसाद सिंह का हुआ निधन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना में कार्यरत माइनिंग सरदार उपेंद्र प्रसाद सिंह का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया।वह अशोक परियोजना के पूर्व इनमोसा सचिव भी रह चुके है।गुरुवार की सुबह उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और बिहार के आरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था,जहां बीती रात इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इधर इनमौसा के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में गुरुवार को शोकसभा का आयोजन किया गया,जिसमें स्वर्गीय उपेंद्र प्रसाद सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनका निधन इनमौसा परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। इस दौरान दो मिनट का मोन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।साथ ही पीड़ित परिवार को संत्वाना देते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।इस मौके पर अनिल कुवंर,सुरेश महतो, रूपलाल महतो,केशव प्रसाद यादव,राजू साव,रजी अहमद, सिद्धनाथ सिंह,वीरेंद्र चौहान, उमेश उरांव,संजीव कुमार, मोहम्मद मुजाहिद,जोधन प्रसाद,शत्रुघ्न विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दिव्यांग जनों के बीच कृत्रिम अंग व अन्य उपकरणों का हुआ वितरण



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में गुरुवार को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फूड) के द्वारा शिविर लगाकर दिव्यांगो और बुजुर्गों के बीच स्टिक, बैसाखी, क्लिपर, श्रवण यंत्र,व्हीलचेयर व कृत्रिम अंग का निःशुल्क वितरण गया। संस्था के चेयरमैन ललित केडिया ने बताया कि इस संस्था के द्वारा अबतक भारत के अलावा बाहर 17 देशों में लगभग 22 लाख दिव्यांगो व जरूरतमंद लोगों को अब तक कृत्रिम सामग्री निन्शुल्क वितरण दिया गया है। मौके पर संस्था के चेयरमेन- ललित केडिया, सचिव- नमी अग्रवाल, प्रमोद कुमार, वेंकट बागड़िया, एचके साहू, राम कु महतो, सूरज कुमार, और बेड़ो जेडीजेएम विकलांग संघर्ष समिति के अध्यक्ष लालू उराँव, सचिव अशोक महतो , कोषाध्यक्ष सुनीता कुजूर, मुखिया कुवारी खलखो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चुनाव को लेकर लागतार बुढ़मू प्रखंड में डीएसपी और थाना प्रभारी कर रहे हैं सर्च अभियान

**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशानुसार बाइक से स्स्क्र के टीम, पुलिस उपाधीक्षक खलारी डीएसपी ऋह चौधरी, बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार, एवं बुढ़मू थाना पुलिस के द्वारा कोठा, सुमो, महुआखुरा, सारले एवं केरेडारी(हजारीबाग) के बॉर्डर के समीप डमारू के आसपास के जंगलों में उग्रवादियों के खिलाफ सर्च अभियान एवं छापामारी किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन




**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कर्रा में बुधवार को प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय के छात्रों द्वारा मॉडल बनाकर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम पर बीपीओ मनमोहन साहु ने दिशा निर्देश पर प्रखंड के कुल 17 विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया. सभी का मॉडल काबिले तारीफ रहा. इस प्रतियोगिता में राजकीय मध्य विद्यालय घुनसूली प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दुसरे स्थान पर राजकीय मध्य विद्यालय कर्रा तथा तीसरे स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलमी रहा. कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेन्द्र पाठक, एरियल संजय कन्डूलना, संदीप कुमार सिंह एवं रितेश प्रसाद ने अहम भूमिका रही।

## झारखंड अंतरोपोलीजिकल एसोसिएशन के सदस्यों का हुआ स्वागत



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को स्नातकोतर मानवशास्त्र विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची में झारखण्ड एंथ्रोपोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवम् वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत किया गया। इनमें एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अरबिंद सिन्हा तथा उपाध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सिंह,डॉ. एस. एम. अब्बास एवं डॉ. बी. एन. सहाय, कोषाध्यक्ष अली इमाम एवं विभाग की शिक्षिका मालवी विश्वकर्मा तथा शीतल पूर्ति एवं शोधार्थी प्रियंका, अभिजीत मुंडा,अतीश पन्ना, आकाश दीप, सुनीता मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक, शोधार्थीगण एवं विद्यार्थियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड एंथ्रोपोलोजिकल एसोसिएशन को प्रभावी बनाने हेतु शोधार्थियों से जुड़ने का आग्रह किया गया एवं आगामी अक्टूबर 2024 में स्नातकोत्तर मानवशास्त्र विभाग में ही एल्युमिनी मीट के आयोजन की बात रखी गई, जिससे यह पता चल सके कि मानवशास्त्र विभाग के पूर्व विद्यार्थीगण किन-किन क्षेत्रों में कार्यरत है, तथा वे किस तरह मानवशास्त्र विषय को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें रहे हैं । साथ ही मानवशास्त्र विषय में शोध को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा दिये जा रहे प्रोजेक्ट कार्यो हेतु अनुदान पर चर्चा हूई ।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा मांडर मंडल व टागरबसली मंडल की कार्यसमिति बैठक गुरुवार को संयुक्त रूप से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा मांडर मंडल के अध्यक्ष विजय खलखो के अध्यक्षता में मेसाल मुड़मा में हुआ जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के विषय में चर्चा किया गया व कार्यकर्ताओ के द्वारा भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से जीताने के लिए कार्य योजना तैयार किया गया बैठक में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री भोगेन सोरेन कार्यसमिति सदस्य प्रदीप महली मांडर मंडल अध्यक्ष खदी उरांव टागरबसली मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सुकरा उरांव मांडर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा के



उपाध्यक्ष विश्वनाथ उरांव महामंत्री दीपक कुजूर कर समिति सदस्य मनोज उरांव प्रमोद उरांव सतीश उरांव अर्जुन उरांव बिरसा उरांव जैना उरांव घासीया उरांव मंधीरनमंधीरन लोहरा सुरेश लोहरा सुभाष उरांव महादेव उरांव अशोक उरांव व काफी संख्या में मांडर मंडल व टागरबसली मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सोनाहातु पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सोनाहातु :** रांची जिला अंतर्गत सोनाहातु थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों के विरुद्ध सघन छापामारी की इस अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के कई गांवों में अवैध महुआ शराब और महुआ जावा को नष्ट किया गया। अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध छापामारी अभियान की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुरे सोनाहातु थाना के गांवों में छापेमारी की जा रही है इसी कड़ी में बलुवाडीह गांव के चंद्रशेखर महतो के द्वारा अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा था जिसे पुलिस के द्वारा विनष्ट कर दिया गया है वहीं मौके पर 60 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है और करीब 800 किलोग्राम फुला हुआ जावा महुआ को नष्ट किया गया है। छापामारी में जब्ती के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि अवैध महुआ शराब बनाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही इसके रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

# बचरा बंसत विहार कालोनी मे इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी में इस्तेमाई दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कई सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि सहित कॉलोनी के लोग शामिल हुए।इस संबंध में कॉलोनी के लोगों ने बताया कि रमजान के महीने में प्रत्येक वर्ष बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही इस्तेमाई दावते इफ्तार का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें कॉलोनी के लोग शामिल होकर एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं।इफ्तार से पूर्व हाफिज नेहाल अख्तर के द्वारा क्षेत्र राज्य एवं देश की अमन चैन,खुशहाली और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके पर इस्लाम अंसारी, अब्दुल कुदुस, आबिद हुसैन, असलम आजाद, जसउद्दीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, खुर्शीद आलम, अमजद अली, मो. मन्जुर, मो. नेजाम, जसीक अंसारी, रियाज अंसारी, मो. कलामउदीन, जमाल खान, दिलनवाज अंसारी, शाकिरउद्दीन अंसारी, कूदूस खान, जावेद अख्तर, मो. आशिक, मो. फारूक, खुर्शीद खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक ने किया बेड़ो स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरूवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने औपचारिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक मरीजों से उनका हाल-चाल जाना। मरिजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिलने वाले लाभ का जानकारी लिया।विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के साथ घटने वाला घटना का भी जानकारी ली। वहीं विधायक ने आए दिन चोरी की घटना को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों व स्टॉफ को सुरक्षा गार्ड लगाने की सलाह दी।मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, सोमरा लोहरा, स्वास्थ्य प्रभारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी अनगड़ा महिला पंचायत प्रभारियों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** अनगड़ा में आजसू पार्टी अनगड़ा महिला पंचायत प्रभारियों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुवा जिसके मुख्य अतिथि महिला राँची जिला अध्यक्ष सह उपप्रमुख वीणा देवी ने सभी पंचायत प्रभारियों को जिम्मेदारी दिया गया और कहा कि अप्रैल माह के अंत तक सभी ग्राम प्रभारियों से मिलकर चूल्हा प्रमुख बनाने का का बूथ स्तर पूरा कर लें वहीं केंद्रिय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा हमारी तैयारी लोकसभा नही है हमारी तैयारी पार्टी संगठन को मजबूत करना है आजसू पार्टी झारखंड की जनसमस्याओं के लिए लड़ा है और आगे भी लड़ेगाइसके लिए पार्टी का संगठन का मजबूत होना जरूरी हैइस मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, निर्मला देवी, सबिता देवी, रिंकी देवी,सरीता उराँव, फुलमनी उराँव, अनिता देवी, गुफाम आलम, कृष्ण कन्हैया केशरी, शक्ति महतो, आदि मौजूद रहे।

# कम संसाधनों के बावजूद भी अच्छी शिक्षा और संस्कार दे रहा है स्कूल : डॉ राजा राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** एलडीएम पब्लिक स्कूल मिलन चौक में वार्षिक उत्सव मनाया गया ।वार्षिक उत्सव में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम मुख्य रूप से राष्ट्रीय पुस्कालय सलाहकार समिति के सदस्य भारत सरकार डॉ राजा राम महतो, वशिष्ठ अतिथि के रूप में इजागढ़ विधानसभा के प्रसिद्ध समाज सेवी खगेन महतो उपस्थित हुए। इस मौके पर डॉ राजा राम महतो ने कहा कि आज के समय में जब शिक्षा को भी व्यवसाय के रूप में देखा जा रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्र में बहुत कम संसाधनों के बावजूद भी यह स्कूल बहुत अच्छी शिक्षा और संस्कार दे रहा है उन्होंने स्कूल प्रबंधन और बच्चों को वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा दी जा रही। स्कूली बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़कर परिवार एवं देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया । अभिभावकों एवं सभी




स्कूली बच्चों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता बचाए रखने की अपनी अपील की। आगे उन्होंने यह भी कहा कि स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति बहुत ही सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि खगेन महतो ने कहा कि हमें बच्चों पर बिना दबाव बनाए, उनका चहुंमुखी विकास करना है। बच्चे जो करना चाहते हैं उन्हें वह स्वयं करके सीखने दें। बच्चों में स्पर्धा की भावना पैदा करने से उनका बेसिक मानसिक विकास रुक जाता है। बाल कलाकार अश्वनी महतो एक से एक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।विद्यालय निदेशक लम्बोदर महतो ने पूरे वर्ष का विद्यालय कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में विद्यालय में कई तरह के और सुविधाएं उपलब्ध की जाएंगी । इस मौके पर वीर विक्रम महतो, संजय महतो, कामेशवर महतो, धीरज महतो, अम्बिका प्रसाद महतो, सुभाष चंद्र महतो, बाल कलाकार अश्विनी कुमार महतो, निरंजन महतो, रमेश चंद्र महतो समेत स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# कोयलांचल के धवईयाटांड में मटका फोड़ होली का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार में होली त्यौहार का उत्साह और उमंग जारी है।होली के अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र के धवईयाटांड में मटका फोड़ का आयोजन किया गया। होली त्यौहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मटका फोड़ कार्यक्रम की प्रथा काफी लंबे समय से चली आ रही है।इसी के तहत धवाईयाटांड में मटका फोड सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मटका फोड़ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप मे नागेश्वर महतो उर्फ बैगी,शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह आदि अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस दौरान महिलाओं की कुर्सी रेस सहित विभिन्न



प्रतियोगिता आयोजित की गई।इसके पश्चात युवाओं की टोली के द्वारा मटका फोडने के कार्यक्रम को आरंभ किया गया।युवाओं ने नाचते गाते एवं रंग अबीर की होली खेलकर ऊंचाई पर स्थित मटके को काफी प्रयास के बाद मटका फोड़ा।मटका फोड़ने वाले युवाओं के टोली को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।इसके पश्चात होली के गीतों पर उपस्थित जन समूह में महिला पुरुष एवं ग्रामीणों द्वारा एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनेश्वर महतो,एसके पाल,राजेश महतो,मिंटू महतो,विजय भुईया सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष मौजुद थे।

# तमाड़ के बैसनाड़ीह में बा: पर्व मनाया गया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड प्रखंड क्षेत्र के आमलेशा पंचायत के ग्राम बाढु टोला बैसनाडीह में सोमवार को सामुहिक बा- पर्व सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गांव के ग्राम प्रधान सहित पूर्व मुखिया सह अखील भारतीय आदिवासी धर्म परिषद महिला संघ तमाड के अध्यक्ष सुशीला मुण्डा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आदिवासी रीति-रिवाज से बा-बोंगा का पूजा अर्चना कर पुस्प एवं प्रसाद वितरण किया गया। महिला पुरुष अपने अपने आदिवासी परिधान में ढोल नगाड़ों के साथ नाच-गान पारंपरिक जादुर नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीना सांडिल,भुषण मुण्डा,अकबर मुण्डा,सुरेश मुण्डा,मकर सिंह मुण्डा, रविन्द्र मुण्डा ,सुकरा सिंह मुंडा अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद महिला संघ तमाड़ के उप सचिव सरूवाला मुण्डा,सहित कोई गणमान्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आदिवासी मुंडा सरना समिति एवं समस्त ग्रामवासी का सराहनीय योगदान रहा।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, राँची (जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64—हटिया —सह— अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि—व्यवस्था) राँची के पत्रांक 650 (ii)/नि०नि०पदा० दिनांक 12.03.2024 के द्वारा कुल 11 मतदान केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण नाम परिवर्त्तन संबंधी प्रस्ताव विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया गया है, जो निम्नवत् है :—

| क्र0 | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | अंचल का नाम | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में अधिसूचित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | भवन का नाम परिर्वत्तन हेतु प्रस्तावित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | वर्तमान मतदान केन्द्र से प्रस्तावित मतदान केन्द्र की दूरी (कि0मी0/मी0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 64—हटिया | हेहल | 275—क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़— कमरा नं0 1 | 275—कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा— कमरा नं0 1 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 2 | 64—हटिया | हेहल | 276—क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़— कमरा नं0 2 | 276—कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा— कमरा नं0 2 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 3 | 64—हटिया | हेहल | 277—क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़— कमरा नं0 3 | 277—कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा— कमरा नं0 3 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 4 | 64—हटिया | हेहल | 278—क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़— कमरा नं0 4 | 278—कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा— कमरा नं0 4 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 5 | 64—हटिया | हेहल | 282—सामुदायिक भवन लेजर मरचा पून्दाग रोड़ | 282— विवाह मण्डप अरगोड़ा लेजर मरचा कमरा नं0 1 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 6 | 64—हटिया | हेहल | 283—सामुदायिक भवन लेजर मरचा पून्दाग रोड़ | 283—विवाह मण्डप अरगोड़ा लेजर मरचा कमरा नं0 2 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 7 | 64—हटिया | हेहल | 246—उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0—1 | 246— रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0—9 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 8 | 64—हटिया | हेहल | 247—उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0—2 | 247— रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0—10 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 9 | 64—हटिया | हेहल | 248—उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0—3 | 248— रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0—11 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 10 | 64—हटिया | हेहल | 249—उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0—4 | 249— रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0—12 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 11 | 64—हटिया | हेहल | 250—उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0—5 | 250— रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0—13 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |

उक्त के निमित निवार्ची पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका के कंडिका 2.11 के अनुसार मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्त्तन से संबंधित प्रस्ताव पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

अतः प्राप्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी राँची।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, —सह— उपायुक्त, राँची।

PR.NO.323359Ranchi(23-24):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विधायक प्रतिनिधि ने लड़ाईडूंगरी सबर बस्ती का किया दौरा, सबरों का जाना हाल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पटमदा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने गुरुवार को पटमदा प्रखंड की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत लड़ाईडूंगरी सबर बस्ती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबर महिलाओं से मिलकर हालचाल जाना। महिलाओं ने विधायक प्रतिनिधि को नियमित रूप से पेंशन, राशन व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचने की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं ने कई समस्याओं से प्रतिनिधि को अवगत कराई तो सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन प्रतिनिधि ने दिया है। इस दौरान ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद प्रतिनिधि ने एक शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर बस्ती के अन्य कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त नें समाहरणालय परिसर में सेल्फी पॉइंट एवं हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारम्भ

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने आज समाहरणालय परिसर में स्वीप के तहत सेल्फी प्वाईट एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया।इस क्रम में उपायुक्त नें कहा कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले भर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी प्वाइंट को शुरू किया गया है ताकि लोकसभा चुनाव 2024 में जिला के मतदाता अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बातरियार, अपर नगर आयुक्त आलोक दुबे, निदेशक डीआरडीए, निदेशक आईटीडीए, अपर उपायुक्त,-निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा, उपमण्डलाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## राधा कृष्ण नाम संकीर्तन से चारों ओर भक्ति भाव में डुबे लोग

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में बसंत ऋतु के पावन अवसर पर गांव गांव में हरी मंदिरों में राधा कृष्ण नाम संकीर्तन से चारों ओर भक्ति भाव से लोग डुबे हुए हैं। एक महीने से लगातार किसी न किसी गांव के हरी मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के अलावे व्यवसायिक संगठन भी इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान में पीछे नहीं है। ऐसे ही मिलन चौक के व्यवसायिक समिति द्वारा तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को जागरण व शनिवार को धुलोट व नगर कीर्तन के साथ समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन में झारखंड के अलावा बंगाल के भी प्रख्यात कीर्तन मंडली भाग लिया है। संकीर्तन में दो महिला टीमों द्वारा भी कीर्तन किया जा रहा है। महिला सम्प्रदाय के टीम लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मोहिनी महिला सम्प्रदाय दालभूमगड़ व पंचानन पातर महिला सम्प्रदाय पिलीद के महिला दलों का संकीर्तन का एक झलक पाने को लोग आतुर दिखे गए । राधा कृष्ण नाम संकीर्तन से पुरे वातावरण भक्तिमय हो गया। बाजारों व हाटों में भी मांस ,मछली, अंडे आदि आमिष खाद्य पदार्थ का खरीद बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन में भीम दास ,मनोहर दास, पंचानन दास , सुभाष दास , सुधीर दास व पंचानन पातर के संकीर्तन दलों ने भाग लिया है। वहीं व्यवसायिक समिति के महेश्वर गोप ने बताया कि मिलन चौक में व्यवसायिक समिति द्वारा तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन राम मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है। मौके पर डाक्टर सृष्टि धर महतो, अरूण दास, दिलीप महतो, मनोज साहू सहित कई समिति सदस्य उपस्थित थे।

## गौ-तस्करी के मामले में फरार अभियुक्त के घर बोड़ाम पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना कांड संख्या 35/22 के प्राथमिकी अभियुक्त काऊन खान के पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत बराबाजार थाना क्षेत्र के बेलडीह गांव स्थित घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाते हुए सरेंडर करने को कहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि 6 जुलाई 2022 को बोड़ाम थाना में गौवंशीय पशु की तस्करी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी जिसमें काऊन खान अभियुक्त है। वह अब तक फरार चल रहा है। जमशेदपुर कोर्ट से निर्गत नोटिस के आलोक में गुरुवार को उसके घर में जाकर ग्रामीणों एवं परिजनों को जानकारी देने के पश्चात इश्तेहार चिपकाया गया। इसमें मुख्य रूप से अवर निरीक्षक विजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक एम खान एवं बराबाजार थाना के सहायक अवर निरीक्षक राजदीप बनर्जी आदि मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में मतदान केन्द्रों के वल्नरेबल मैपिंग को लेकर बैठक संपन्न

**- एसएसपी, डीडीसी, सिटी एसपी, रूरल एसपी, पी.डी- आईटीडीए समेत अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** मतदान केन्द्रों के वल्नरेबल मैपिंग के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, पी.डी- आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पारूल सिंह, एसडीएम घाटशिला सच्चिदानंद महतो समेत अन्य पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा में कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एनं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर वल्नरेबल बूथ की पहचान करने में किसी प्रकार का समझौता नहीं करें। उन्होंने कहा वल्नरेबल बूथ की पहचान अभी से कर लेंगे तो मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहायक होगा ताकि मैपिंग के मुताबिक पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा प्रशासन का काम है वल्नरेबल बूथ की पहचान करना और शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराना। दो दिनों के अंदर अतिम रूप से वल्नरेबल मैपिंग के काम को पूरा करें। वैसे बूथ की पहचान करने के लिए उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से समीक्षा कर बूथ का निर्धारण करने का निर्देश दिया ।

## जमशेदपुर एफसी ने केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मुकाबले से पहले अभ्यास किया तेज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) प्लेऑफ की दौड़ तेज होती जा रही है. जमशेदपुर एफसी 30 मार्च, शनिवार, शाम 7~30 बजे केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले के लिए अपनी तैयारी में जुट गई है. हेड कोच खालिद जमील के नेतृत्व में टीम अपने प्रदर्शन में हाल ही में हुए बदलाव के बाद दृढ़ संकल्प से भरी हुई है, जिसने उन्हें लीग तालिका में 6वें स्थान पर पहुंचने और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने की उम्मीद को जगा दिया है.जमशेदपुर के ट्रेनिंग में तीव्रता देखी गई है, जहां खिलाड़ी केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से प्राप्त गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे है. केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मैच जमशेदपुर एफसी के लिए बहुत महत्व रखता हैटीम के नजरिए पर बोलते हुए, कोच खालिद जमील ने कहा, हम



प्रत्येक मैच में एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं, और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करते हैं. हमारा मुख्य ध्यान आगामी घरेलू मैच पर है, जहाँ जीत हासिल करना अनिवार्य है. हमने कठिन विरोधियों के खिलाफ सराहनीय प्रदर्शन किया है, और हमारा हालिया प्रदर्शन उत्साहजनक रहा है. हालाँकि, हम केरल ब्लास्टर्स स्रष्ट को कम नहीं आंक सकते. हमारे खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हमें सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना होगा और बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

## विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ नृत्य व मुर्गा लड़ाई का ग्रामीणों ने जमकर उठाया लुफ्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के काररगामा द्वारा विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छऊ नृत्य एवं मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद राय ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कहा कि अपनी संस्कृति को जीवित रखने का छऊ नृत्य एक बेहतर साधन है। संस्कृति को बचाए रखने में हम सभी की भागीदारी जरुरत है।ग्रामवासियों द्वारा इतने भव्य रूप से छऊ नृत्य का आयोजन करने के लिए पूरे ग्रामवासियों को आभार प्रकट किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इफ्तार पार्टी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रेक्षागृह में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी के अलावा बीओजी मेंबर शक्ति सिंह प्रोफेसर डॉ विक्रम शर्मा, प्रोफेसर डॉ सुधीर झा, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी शामिल हुए। इफ्तार से पूर्व सामूहिक दुआ हुआ। इफ्तार में स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोफेसर डॉ शमशेर आलम, प्रोफेसर शादां बशर, प्रोफेसर एस खान, प्रोफेसर अहमद ईसार मख्दूमी, डॉ एस पी सिंह एवं प्रोफेसर राहुल रंजन को प्राचार्य ने धन्यवाद दिया।

## 200 से अधिक लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जीवन ज्योति अस्पताल की ओर से छोटा गम्हरिया पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन उप मुखिया रेणु देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ रंजीत कुमार द्वारा दो सौ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई। इसके अलावा शिविर में लोगों को स्वास्थ्य से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। शिविर के सफल आयोजन में अस्पताल के सुजल अग्रवाल, कृपानंद झा, आरती कुमारी, ब्रजेश कुमार सिंह आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# पटमदा में अज्ञात युवक की हत्या, चुडूबुडू पहाड़ में अधजली लाश मिलने से सनसनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत अपो गांव के समीप चुडूबुडू पहाड़ से पुलिस ने गुरुवार की सुबह एक अधजली लाश बरामद की है। पुलिस ने अपो के ग्राम प्रधान खगेंद्र नाथ सिंह, पूर्व मुखिया नीलरतन पाल समेत आसपास के दर्जनों ग्रामीणों से लाश की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन किसी ने भी पहचानने से इंकार कर दिया है। अबतक लाश की पहचान नहीं हो पाने से पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इस संबंध में पूर्व मुखिया नीलरतन पाल ने बताया कि बुधवार की शाम को जंगल से लकड़ी लेकर लौटने के क्रम में कुछ महिलाओं की नजर उसपर पड़ी तो गांव पहुंचकर इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दिए जाने पर पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर मामले की छानबीन की। लाश पुरानी होने की वजह से उससे दुर्गंध फैल गई थी। पुलिस ने गांव के ही कुछ सबर व्यक्तियों से मदद मांगी और उनकी मदद से ही बांस की झाड़ी के नीचे मौजूद लाश को बोरे में भरकर अपने कब्जे में लिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या घटनास्थल के आसपास ही की गई थी क्योंकि वहां खून के धब्बे भी पाए गए हैं। उसके शरीर में रंगों के भी निशान पाए गए हैं जिससे लगता है कि घटना सोमवार यानी होली के दिन की ही है।

# खड़े हाइवा को तेज रफ्तार टेलर ने मारी टक्कर, चालक केबिन में फंसा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया स्थित बेबको मोटर्स के सामने गुरुवार की अहले सुबह खड़े हाइवा में कांड्रा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार टेलर द्वारा पीछे से टक्कर मार दी गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि टेलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और चालक टेलर के केबिन में ही फंसा रह गया। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और गैस कटर की टीम बुलवाकर टेलर के केबिन का बॉडी काटकर चालक को बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में टेलर चालक का पैर टूट गया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए



एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजा गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई जिससे उंक्त मार्ग पर काफी देर तक यातायात परिचालन प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। उधर हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## जिला व्यवहार न्यायालय के वकीलों ने लिफ्ट सहित तीन मामलों पर मांगपत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला व्यवहार न्यायालय भवन की लिफ्ट ठीक करने सहित तीन मामलों को लेकर जिला रजिस्ट्रार को एक मांग पत्र वकीलों ने सामूहिक रूप से दिया और इसकी प्रति झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्टर को भी भेजी गई। इन मांगों के समाधान हेतु वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। पूछे जाने पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया कि जिला न्यायालय भवन की दोनों लिफ्ट प्राय खराब रहती है और इससे बुजुर्ग वकील एवं पक्षकारों को पहले



और दूसरे तल में जाने में तकलीफ हो रही है। किसी किसी कोर्ट रूम में वकीलों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच नहीं है और उनकी नियमित रूप से सफ़ाई नहीं होती है, धूल जमी रहती है। इसके अतिरिक्त जिला व्यवहार न्यायालय में सैकड़ो पक्षकार और गवाह सम्बन्धित कोर्ट में उपस्थित होना होता है, ठोस जानकारी के अभाव में कई बार एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर में भटकना पड़ता है। मांग पत्र पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं ट्रस्टी मनोरंजन दास, पूर्व सह सचिव मोहम्मद कासिम, रतन चक्रवर्ती, निमाई चंद्र पांडा, ओ पी सिंह, बीवी सुब्रमण्यम, बबीता जैन, रास बिहारी, आर सत्पथी, एम सिंह, डी के चौधरी, जेकेएम राजू, राहुल कुमार, बाबू नंदी कुलविंदर सिंह आदि अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर कर मांग का समर्थन किया है।

## भाजमो नेता ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कई बोर्ड लगे हुए हैं। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी संजीव आचार्या ने इन बोर्डों को हटाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी अनन्य मित्तल को गुरुवार को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन मुख्य चुनाव आयुक्त को संबोधित है। ज्ञापन में कहा गया है कि बोर्ड में लिखा है कि यह बोर्ड जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की तरफ से लगाए गए हैं। जबकि, ऐसा नहीं है। इन बोर्डों को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने खर्चे पर लगवाया है। संजीव आचार्या ने



बताया कि साल 2022 में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विधानसभा में एक सवाल किया था। इस पर सरकार ने जवाब दिया था कि ऐसे बोर्ड को हटाने का आदेश दिया गया है। इसके बावजूद यह बोर्ड अभी तक नहीं हटाए गए हैं। संजीव आचार्या का कहना है कि इन बोर्डों से प्रचार हो रहा है। इसलिए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने मांग की कि यह बोर्ड अविलंब हटाए जाएं।

## आदर्श आचार संहिता के लेकर अनुपालन को जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई । परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपाकंर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो इसे संबधित प्रत्याशी एवं राजनीतिक दल सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्देशित किया गया कि लोकसभा चुनाव में सभी राजनैतिक दल एवं उम्मीदवार कहीं भी सरकारी भवन तथा निजी इमारतों पर बिना अनुमति के चुनाव प्रचार सामग्री नहीं लगाएंगे। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत ऐसे मामले में प्रत्याशी या पार्टी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इस दौरान कोई




भी उम्मीदवार किसी दूसरे प्रत्याशी पर कोई भी व्यक्तिगत, जातिगत, धार्मिक या पारिवारिक भावनाओं को ठेस पहुंचानी वाली बातें ना बोलें । परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा कि चुनाव आयोग ने सी-विजिल के नाम से मोबाइल एप शुरू किया है । इस एप पर कोई भी नागरिक या उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता की अवहेलना कहीं हो रही है तो उसकी फोटो खिंच कर भेज सकता है, जिस पर सौ मिनट में कार्रवाई की जाएगी । मतदाताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1950 भी शुरू कर दिया गया है जिस पर किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी ली जा सकती है ।बैठक में बताया गया कि चुनाव में वाहनों का इस्तेमाल, रैली या जलसा करने, लाऊडस्पीकर बजाने आदि की प्रशासन से पहले अनुमति लेनी होगी किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने से पहले अनुमति लेनी होगी। बैठक में बताया गया कि प्रचार-प्रसार में जो भी खर्च किया जाएगा उसका ब्यौरा व्यय लेखा कोषांग में जमा करायेगें। नकारात्मक प्रचार-प्रसार एवं बिना प्रेस के नाम का बैनर, पोस्टर, आदि का मुद्रण नहीं करायेंगे। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, एलआरडीसी घाटशिला, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एसडीएम धालभूम, एसडीएम घाटशिला, सीओ धालभूमगढ़, बीडीओ पटमदा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा ने दलभंगा में मुंडा मानकी के साथ किया बैठक, भाजपा में शामिल हुई महिलायें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खूंटी से भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को खरसावां-कुचाई प्रखंड का दौरा किया. इस दौरान रुगुडीह पंचायत की पूर्व मुखिया प्रतिमा देवी व बारुहातु के जगदिश मुंडा अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुई. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पार्टी का पट्टा पहना कर शामिल कराया. उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षो में खरसावां विस समेत खूंटी की धरती की विशेषता को दुनिया के सामने पहुंचाने का काम किया. खूंटी लोस क्षेत्र के विकास के लिये कई ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए नीव रखी गयी है. इसके दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे।अर्जुन मुंडा ने कहा कि विपक्षी दलों के पास नीति,नेता व नियत की भारी कमी है। मौके पर जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, सांसद प्रतिनिधि विजय महतो,पूर्व विधायक मंगल सोय, राम नाथ महतो, मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा, लखीराम मुंडा, विमल मुंडा, लाल सिंह सोय, वैकुंठ सिंह मुंडा, विजय मुंडा, लुदरी हेंब्रम, गुड्डी देवी, सीताराम सिंह मुंडा,केपी सेठ सोय, घनश्याम मुंडा, मंगल पांडेय. दुलाल स्वांसी, कार्तिक स्वांसी, सत्य नारायण मुंडा,आसु मुंडा, सत्येंद्र कुम्हार आदि थे ।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम जिला स्वीप कोषांग अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा कुचाई प्रखंड एवं आसनबनी पंचायत तथा चांडिल प्रखंड के रुगडी एवं डोबो में जागरूकता रैली शपथ आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

संपादकीय

# जहां तक कानून ने देखा

**पर्यटन** की महफिल में मुसीबतों के पहाड़ का अंदाजा लगाना मुश्किल है, फिर भी अदालती संज्ञान की वजह से हम देख पाते हैं कि कितना काम बाकी और सरकार की हर एजेंसी को इस दिशा में कैसे सोचना होगा। माननीय उच्च न्यायालय ने फोरलेन के किनारे पर मलबे के टीले देखते हुए इन्हें तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। यह कालका-शिमला फोरलेन मार्ग का परिदृश्य है जिसे कानून ने देखा तो खामियां संबोधित हो गईं, वरना इन मंजिलों से रोजाना व्यवस्था लांघ कर भी अनजान है। कालका-शिमला फोरलेन को हाई कोर्ट ने जिस तरह परखा, उस पड़ताल के सबूत हर छोटे-बड़े मार्ग पर डराते हुए मिल जाएंगे। रास्ते की चौड़ाई पर मलबों के ढेर लगे हैं, हकीकत में चारों ओर यही हाल है। माननीय अदालत ने कीरतपुर-मनाली फोरलेन के किनारे आराम से बसे हुए अवैध निर्माण को हटाने के भी निर्देश दिए हैं। आश्चर्य यह कि ऐसे विषय प्रशासन की छाती पर तने हैं, फिर भी कानून को ही हर बार बताना और बुलाना पड़ता है। अवैध कब्जाधारी इतने सशक्त और निर्भय हैं कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसा कसूर भी बेकसूर है। हमारी नीतियां, शासन पद्धति की बारीकियां और कार्य संस्कृति इस कद्र की जुगलबंदी में शरीक हैं कि अतिक्रमणकारी अब विशेषाधिकारी हो चुके हैं। सरकारी विकास के मार्ग पर अतिक्रमण के पंजे इतने भारी हैं कि हर परियोजना के विरोध में एक दुकानदारी चली है। हिमाचल में विशेष आर्थिक जोन की हर वकालत के विरोध के पीछे अतिक्रमणकारी शक्तियां रही हैं और ये व्यवस्थागत व सियासी शरण में सुरक्षित हैं। हर स्थानीय निकाय के जुर्म में उन्हीं के सदस्य अपना बचाव करते हुए जमीन से संपत्तियों तक कब्जा करते रहे। धर्मशाला के कचहरी अड्डे के करीब स्मार्ट रोड की हर लंबाई और चौड़ाई पर एक दुकान खड़ी है, लेकिन शहर को फुर्सत नहीं कि इस अतिक्रमण की विरासत का विरोध करे। प्रदेश के धार्मिक पर्यटन तथा प्रशासनिक शहरों के ऊपर अतिक्रमण के पांव चल रहे हैं, लेकिन नागरिक समाज इससे प्रेरित होकर खुद भी अवसर ढूंढ रहा है। विकास का संघर्ष नागरिक समाज से भी कहीं अधिक अतिक्रमण से है। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के मामले में भी यही तथ्य सामने आया, तो सरकार ने पहली बार अवैध निर्माण के गले में भी मुआवजे का हार डाल दिया। अतिक्रमण के घूमते फिरते दैत्य अब वाहन बने हैं। आप सडक़ें चौड़ी करते जाइए, लेकिन गांव से शहर तक वाहनों के कब्जे में सारी व्यवस्था ध्वस्त है, इसलिए अगर हाई कोर्ट डीसी कुल्लू को पार्किंग व्यवस्था पर निर्देश दे रहा है, तो यह हुक्म हर शहर की योजना में झांक रहा है। वास्तव में हम यानी नागरिक समाज महज खिलौना है, जो यदा कदा अदालती निर्देशों में अपनी किस्मत के चिराग ढूंढता है। प्रदेश ने आज तक पार्किंग के लिए कोई नीति नहीं बनाई। प्रदेश में पंजीकृत 22 लाख वाहनों के अलावा इतने ही अगर बाहरी राज्यों से जुड़ रहे हैं, तो इसका अर्थ पार्किंग को दीन हीन बनाने से तभी रोक सकता है, यदि सरकार त्वरित विचार करे। हर शहर की चारों दिशाओं में चार मैदान बनाकर, नालों का चैनलाइजेशन करते हुए इनके ऊपर पार्किंग स्थल बना कर या मलबे को दूरगामी परियोजना के तहत आकार देते हुए समाधान ढूंढा जा सकता है। अगर वाहन पंजीकरण के साथ एकमुश्त पार्किंग शुल्क लगाया जाए तो बाईस लाख वाहनों से मात्र हजार-हजार रुपया वसूल कर भी हम सवा दो सौ करोड़ की पार्किंग परियोजनाओं को अमलीजामा पहना सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में दर्जन भर ट्रांसपोर्ट नगर बसा कर तथा हर शहर में महापार्किंग परिसर विकसित करके निजात पा सकते हैं। माननीय अदालत की चिंताओं में पर्यटक सहूलियतों का जिक्र व प्रदेश की छवि का गंभीर प्रश्न उभरता है। कहने को हम पांच करोड़ पर्यटकों की राह देख रहे हैं, लेकिन क्या हम इस आवाजाही में वाहनों की कतार व रफ्तार का अंदाजा लगा रहे हैं। भागसूनाथ में पंजाब से आए पर्यटक की मौत के कारण समझे बिना हम पर्यटन की नगरियां नहीं बना सकते। आज हिमाचल की कानून व्यवस्था की सबसे अधिक चुनौतियां पर्यटन मार्ग से ही आ रही हैं और ये मलबे के ढेर से ट्रैफिक जाम तक, पार्किंग की अफरातफरी से पर्यटक की सुरक्षा तक और नशे से व्यभिचार तक फैल रही हैं।


कालका-शिमला फोरलेन मार्ग का परिदृश्य है जिसे कानून ने देखा तो खामियां संबोधित हो गईं, वरना इन मंजिलों से रोजाना व्यवस्था लांघ कर भी अनजान है। कालका-शिमला फोरलेन को हाई कोर्ट ने जिस तरह परखा, उस पड़ताल के सबूत हर छोटे-बड़े मार्ग पर डराते हुए मिल जाएंगे। रास्ते की चौड़ाई पर मलबों के ढेर लगे हैं, हकीकत में चारों ओर यही हाल है। माननीय अदालत ने कीरतपुर-मनाली फोरलेन के किनारे आराम से बसे हुए अवैध निर्माण को हटाने के भी निर्देश दिए हैं। आश्चर्य यह कि ऐसे विषय प्रशासन की छाती पर तने हैं, फिर भी कानून को ही हर बार बताना और बुलाना पड़ता है। अवैध कब्जाधारी इतने सशक्त और निर्भय हैं कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसा कसूर भी बेकसूर है। हमारी नीतियां, शासन पद्धति की बारीकियां और कार्य संस्कृति इस कद्र की जुगलबंदी में शरीक हैं कि अतिक्रमणकारी अब विशेषाधिकारी हो चुके हैं। सरकारी विकास के मार्ग पर अतिक्रमण के पंजे इतने भारी हैं कि हर परियोजना के विरोध में एक दुकानदारी चली है।


## चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों की नीयत से भी पर्दा उठ गया

# चुनावी बांड ने सियासी दलों का भांडा फोड़ा

योगेंद्र योगी

**सुप्रीम** कोर्ट ने चुनावी बांड के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सारे पैंतरे व्यर्थ कर दिए। इसके साथ ही इस पूरे मामले से चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों की नीयत से भी पर्दा उठ गया। सुप्रीम कोर्ट के भय से एसबीआई द्वारा किए गए खुलासे से जाहिर हो गया है कि जिस भी राजनीतिक दल का जोर चला उसने उसी हिसाब से उद्योपतियों और व्यवसायियों से चंदा वसूल किया है। यह तो निश्चित है कि कोई उद्यमी मुफ्त में कुछ नहीं देता। चंदा देने के दो ही तरीके हैं। पहला यह कि राजनीतिक दलों के डर के मारे देना पड़े और दूसरा ऐसा करने से निहित स्वार्थ साधे जा सकते हैं। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सार्वजनिक करवा कर सबको हमाम में नंगा कर दिया। इससे जाहिर हो गया कि दूध का धुला कोई राजनीतिक दल नहीं हैं। जिस राजनीतिक दल की जितनी हैसियत है, उसने उसी हिसाब से चुनावी चंदा वसूला है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दलों को कम और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को सर्वाधिक चंदा मिला है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट की इस पूरी कवायद में उद्यमी दो पाटों के बीच फंस गए हैं। उद्यमी कभी यह नहीं चाहते थे कि उनके चंदा देने का खुलासा हो। खुलासा होने के बाद उनके साथ कम चंदा मिलने या नहीं मिलने पर राजनीतिक दल बदले की भावना से काम करे बिना नहीं मानेंगे। ऐसे में उद्यमी चंदा देकर मुसीबत मोल ले बैठे। यदि उद्यमी सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों से बच गए तो राज्यों में सत्तारूढ़ गैर भाजपा दलों की राज्यों की एजेंसियों की लपेटे में आ सकते हैं। राज्य की एजेंसियां किसी न किसी बहाने चंदा कम मिलने या नहीं मिलने का हिसाब चुकता किए बगैर नहीं मानेंगी। बदले की भावना से राजनीतिक दलों द्वारा कराई गई ऐसी कार्रवाई को छिपाने के लिए एजेंसियां रटा-रटाया जवाब पहले भी देती रही हैं कि कानून अपना काम करेगा। राजनीतिक दलों ने ऐसे उद्यमियों से भी चंदा लेने से गुरेज नहीं किया जिन पर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की नजर है। दूसरे शब्दों में कहें तो उद्यमी इस मंशा को भांप गए कि चंदा देकर निशाने से कैसे बचा जा सकता है। चुनावी बांड की योजना लागू होने के बाद इसके माध्यम से सबसे अधिक 6986.5 करोड़ रुपए की धनराशि भाजपा को प्राप्त हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 1397 करोड़ रुपए, कांग्रेस को 1334 करोड़ रुपए और बीआरएस को 1322 करोड़ रुपए मिले। चुनावी बॉन्ड से सबसे ज्यादा दान पाने वालों की पार्टियों में तृणमूल दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस चौथे नंबर की पार्टी है। खास बात यह भी है कि जिन राजनीतिक दलों के पास सत्ता नहीं है और जिनके सत्ता में आने की संभावना क्षीण है, उनका आकलन करके चंदा देने वालों ने किनारा कर लिया। यदि सुप्रीम कोर्ट एसबीआई को इसका खुलासा करने पर मजबूर नहीं करता तो इस गठजोड़ का खुलासा कभी नहीं हो पाता। कई राजनीतिक दलों ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए चुनावी बॉन्ड देने वालों का विवरण साझा करने से इन्कार करते रहे। जबकि कुछ दलों ने कहा कि उन्हें ड्रॉप बॉक्स या डाक के माध्यम से चंदा मिला है, जिन पर किसी का नाम नहीं था। एक लॉटरी कंपनी से अधिकांश चंदा हासिल करने वाली द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने 2019 में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार चुनावी बॉन्ड का विवरण प्राप्त करने के लिए अपने दानकर्ताओं से संपर्क किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चंदा देने वालों का खुलासा न करने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम तथा आयकर अधिनियम के संबंधित पहलुओं का हवाला दिया। भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखे अपने पत्र में कहा कि विधिवत प्रस्तुत किया जा चुका है कि चुनावी बॉन्ड योजना केवल राजनीतिक वित्तपोषण में धन का हिसाब-किताब रखने और दानदाताओं को किसी भी परिणाम से बचाने के उद्देश्य से पेश की गई थी। कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को एक पत्र लिखकर चुनावी बॉन्ड दाताओं, धनराशि, तारीख और उस बैंक खाते का विवरण मांगा जिसमें ये जमा किए गए थे। एसबीआई ने कांग्रेस को जवाब दिया कि चुनावी बॉन्ड का विवरण राजनीतिक दलों के पास उपलब्ध है और बैंक खाते की जानकारी आयोग के साथ साझा की गई है। समाजवादी पार्टी ने एक लाख रुपए और 10 लाख रुपए की अपेक्षाकृत छोटी राशि के बॉन्ड का विवरण साझा किया। पार्टी ने बताया कि उसे एक करोड़ रुपए के 10 बॉन्ड बिना किसी नाम के डाक से प्राप्त हुए थे। लगभग 77 प्रतिशत चंदा लॉटरी किंग कहे जाने वाले सेंटियागो मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग से हासिल करने वाली द्रमुक ने कहा कि उसने दान का विवरण हासिल करने के लिए दानदाताओं से संपर्क किया था। द्रमुक ने कहा कि इस योजना के तहत दान लेने वाले को दानकर्ता का विवरण देने की भी आवश्यकता नहीं थी। फिर भी, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए, हमने अपने दानदाताओं से संपर्क करके विवरण हासिल किया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने दानदाताओं के नामों की जानकारी वाले कॉलम में तत्काल उपलब्ध नहीं लिखा है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि चुनावी बॉन्ड पार्टी कार्यालय में भेजे गए थे और उन्हें ड्रॉप बॉक्स में डाल दिया गया था। टीएमसी ने कहा कि पार्टी का समर्थन करने की इच्छा रखने वाले विभिन्न व्यक्तियों की ओर से दूतों के माध्यम से कुछ बॉन्ड भेजे गए थे जिनमें से कई ने गुमनाम तरीके से दान किया। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने बॉन्ड देने वालों का विवरण प्रस्तुत करने में असमर्थता व्यक्त की, क्योंकि पार्टी ने विवरण नहीं रखा था और न ही कोई रसीद जारी की थी। राकांपा ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि उसके कई पदाधिकारी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। राकांपा ने कहा कि जहां भी संभव हुआ, हमने उस व्यक्ति का नाम बताया है जिसके माध्यम से पार्टी को बॉन्ड प्राप्त हुए थे। कांग्रेस की गोवा इकाई ने पार्टी को मिले 30 लाख रुपए के चुनावी बॉन्ड का विवरण प्राप्त करने के लिए अपने दानदाता वीएम सालगांवकर एंड ब्रदर्स से संपर्क किया। राष्ट्रीय जनता दल ने कहा कि 1.5 करोड़ रुपए के दान के बारे में विवरण आसानी से उपलब्ध नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) ने आयोग को बताया है कि किसी ने 2019 में उसके कार्यालय में 10 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड वाला एक लिफाफा दिया था, जिसे पार्टी ने भुना लिया।




सुप्रीम कोर्ट के भय से एसबीआई द्वारा किए गए खुलासे से जाहिर हो गया है कि जिस भी राजनीतिक दल का जोर चला उसने उसी हिसाब से उद्योपतियों और व्यवसायियों से चंदा वसूल किया है। यह तो निश्चित है कि कोई उद्यमी मुफ्त में कुछ नहीं देता। चंदा देने के दो ही तरीके हैं। पहला यह कि राजनीतिक दलों के डर के मारे देना पड़े और दूसरा ऐसा करने से निहित स्वार्थ साधे जा सकते हैं। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सार्वजनिक करवा कर सबको हमाम में नंगा कर दिया। इससे जाहिर हो गया कि दूध का धुला कोई राजनीतिक दल नहीं है।


दृष्टि कोण

# आत्मनिर्भरता की ओर... संस्कृति से समृद्धि की रहा पर बढ़ता यूपी

**उत्तर** प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि का हमारा व्रत सात वर्ष पूर्ण कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को मिशन के रूप में आत्मसात करते हुए 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारंभ किया था, वह आज 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के रूप में पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत है। हमारी नीतियों के प्रति जिस प्रकार जनता ने अपना सहयोग और समर्थन दिया है, उससे यह विश्वास और दृढ़ हो चला है कि स्पष्ट नीति, साफ नीयत, प्रतिबद्धतापूर्ण नियोजन के सद्प्रयास अवश्य फलित होते हैं। उत्तर प्रदेश के बदलाव की चर्चा आज राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो रही है, तो इसके पीछे 'ट्रिपल सी' यानी, कल्चर, कनेक्टिविटी और कॉमर्स का मंत्र है। आज अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे सनातन आस्था के मानबिंदुओं का यशगान पूरी दुनिया में हो रहा है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीअयोध्याधाम में भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में श्रीरामलला भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पुनरोद्धार, विंध्यधाम कॉरिडोर, ब्रज भूमि, नैमिषारण्य धाम, और सोरों-सूकर क्षेत्र आदि के समग्र विकास के प्रयासों ने धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में नवीन संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न प्रांतों से करोड़ों श्रद्धालुओं का प्रदेश में आगमन हुआ है, जिन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर योगदान दिया है। परिणामतः, रोजगार के अवसर बढ़े हैं, खुशहाली के नवीन द्वार खुले हैं। आज उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने की ओर अग्रसर है। यह बदलाव, नए बनते अवसर आस्था, अर्थव्यवस्था और संस्कृति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। देश का सबसे बड़ा रेल और रोड नेटवर्क यहीं है। यही एकमात्र प्रदेश है, जहां पांच अंतरराष्ट्रीय और 16 घरेलू हवाई अड्डे हैं। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन यहां है। छह एक्सप्रेसवे संचालित हैं, सात निर्माणाधीन हैं। हमारी योजना है कि अगले वर्ष जब पूरी दुनिया से संत व श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए आएं, तो उन्हें गंगा एक्सप्रेसवे का सुखद अनुभव प्राप्त हो। प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह का परिणाम है कि देश का पहला इनलैंड वाटर-वे और पहली रैपिड रेल के संचालन का गौरव प्रदेश को प्राप्त हुआ। 'नए भारत का यह नया उत्तर प्रदेश' आज 'स्व' से साक्षात्कार कर रहा है। अपनी प्रतिभा, परंपरा और संभावनाओं को पहचान कर यह सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। यहां आस्था, परंपरा और विरासत का सम्मान है, तो अर्थव्यवस्था पर भी पूरा ध्यान है। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में राष्ट्रीय जीडीपी में 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। बीते सात वर्षों में राज्य की सकल घरेलू आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उत्तर प्रदेश की सशक्त पहचान बनी है, जो दर्शाता है कि प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दुनिया भर से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलना न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के किसी भी राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व घटना थी। यह प्रदेश को निवेश के श्रेष्ठ गंतव्य और भविष्य के भरोसे के रूप में व्यक्त करता है। एक वर्ष की अवधि के भीतर हमने 10.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया। इतनी बड़ी राशि का निवेश युवाओं के सपनों को साकार करने में भी सहायक होगा। हर हाथ को काम मिलेगा, हर घर खुशहाली आएगी। इन वर्षों में साढ़े छह लाख युवाओं को पारदर्शी ढंग से सरकारी नौकरियां मिली हैं। हमने चार लाख करोड़ रुपये से लेकर 40 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों की जो यात्रा तय की है, इसने प्रदेश में नवोन्मेष और स्टार्टअप संस्कृति के विकास को प्रोत्साहित किया है। इसका परिणाम है कि आज प्रदेश का युवा 'जॉब सीकर' से आगे बढ़कर 'जॉब क्रिएटर' बन रहा है। डबल इंजन सरकार के सात वर्ष 'संकल्प से सिद्धि' के रहे हैं। इन वर्षों में अंत्योदय से सर्वोदय तक, स्वास्थ्य से शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर से इंडस्ट्री, कृषि से कॉमर्स और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से ईज ऑफ लिविंग तक के संकल्प को समवेत करते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

कुछ अलग

# नेता जी की कोठी में मदनोत्सव

**वैसे** तो नेता जी की कोठी में उत्सव होना कोई नई बात नहीं है। इधर चुनावों का बिगुल बजता है, उधर नेता जी के घर उत्सव शुरू हो जाता है। दारू की पेटियां पहुंचने लगती हैं। शौकीनों की बहार आ जाती है। दो घूंट अंदर जाते ही 'जिंदाबाद-जिंदाबाद' के नारों से पूरी कोठी गुंजायमान हो जाती है। नेताजी के चुनाव जीतने के बाद तो उत्सव लगातार कई दिन चलता है। पूरी कोठी रंगीन लाइटों से जगमग करने लगती है। बधाई देने के लिए जब थोड़ा रुतबे वाले लोग आते हैं तो जाहिर है कि दारू के ब्रांड भी सुपीरियर हो जाते हैं। अब सडक़ छाप समर्थकों की बजाय धन्ना सेठों और ब्यूरोक्रेट्स की गाडियां नेताजी की कोठी की शोभा बढ़ाने लगती हैं। नेताजी जब अपने राजयोग को और मजबूत करने के लिए मंगल, केतु, राहु और शनि जैसे ग्रहों को साध लेते हैं और बिल्ली के भाग्य से छींका फूटने की तजऱ् पर जब उन्हें झंडी वाली गाड़ी मिल जाती है तो फिर उत्सवों का सिलसिला स्थायी रूप धारण कर लेता है। उनके घर जाती रोड वीआईपी रोड में तब्दील हो जाती है। पायलट गाड़ी नेताजी के आगे पीछे लग जाती है। उनकी पांचों उंगलियां घी में और सिर कड़ाही में हो जाता है। यानी उत्सवों का नशा सिर चढक़र बोलने लगता है। नेताजी का रोम-रोम उत्सवमय हो जाता है। उत्सवों की अंतहीन श्रृंखला में पहली मर्तबा नेताजी की कोठी पर मदनोत्सव का आयोजन हुआ। अफसर और अफसरनियां तो गुलाल लेकर आए ही, नेताजी की कई चेलियां भी वहां खिलखिलाती हुई नमूदार हो गईं। उनके चेहरे रंग से इतने पुते हुए थे कि यह पता लगाना मुश्किल था कि उनमें शीला कौन है, लीला कौन है और बसंती कौन...! नेताजी एक संत की तरह विनम्रता की प्रतिमूर्ति बने अपने चेहरे पर रंग लगवाए जा रहे थे और बीच-बीच में किसी-किसी से कनखियों में बतियाये भी जा रहे थे। उनके चेहरे की रंगत और आंखों का नूर देखते ही बनता था। वे अच्छे खासे सिद्ध पुरुष मालूम पड़ रहे थे। मदनोत्सव के लिए नेता जी ने क्या क्या प्लानिंग कर रखी है, यह जानने की उत्सुकता खाकसर के भीतर कुलांचे भर रही थी। जेहन में लगातार नए नए आइडिया दस्तक दे रहे थे। एक आइडिया ने दिमाग में ऐसी सरगोशी की कि खाकसार भी पैंट, कोट, हैट और काला चश्मा लगाकर किसी सुपर हीरो की तरह मस्ती से डग भरते और सिक्योरिटी गार्डों का सलाम कबूलते हुए भीतर पहुंचने में कामयाब हो गया। फिर किसी मंझे हुए एंकर की तरह अपने मोबाइल से नेताजी की कोठी में चल रहे मदनोत्सव का नजारा लाइव दिखाना शुरू कर दिया। अब लोग लाइव देख रहे हैं...और क्या देख रहे हैं कि... नेताजी को रंग लगाने दूसरे दलों के नेता भी आए हैं। जिनके खिलाफ नेताजी आए रोज बयानों के गोले छोड़ते हैं, वे भी नेताजी की बगल में विराजमान हैं। एक-दूसरे को कोहनियां मार रहे हैं। एक दूसरे के कान में फुसफुसा रहे हैं। स्माइल पर स्माइल दे रहे हैं। ऐसे लग रहा है जैसे दोनों विरोधी नहीं बल्कि एक ही थैली के चट्टे बट्टे हों। राजनीति में पार्टनर हों। एक दूसरे के कारनामों के राजदार हों। लोग लाइव देख रहे हैं... कि नेताजी भीतर से पुरानी ढोलकी उठा लाए हैं और ढोलकी पर थाप देते हुए नृत्य की मुद्रा में आ गए हैं। उनके समर्थक 'जय हो' का नारा लगा रहे हैं और नेताजी ठुमक ठुमक कर होली के रंग हवा में बिखेर रहे हैं। उनकी भाव भंगिमाएं सभी को चकित कर रही हैं। नेताजी लीडर होने के साथ-साथ अच्छे खासे नर्तक भी हैं, ऐसा दृश्य पहली बार लोग देख रहे हैं। लोग तालियां बजा रहे हैं। एक अति उत्साही समर्थक ने डीजे बजाना भी शुरू कर दिया है। मदनोत्सव अपने शबाब पर है। खाकसार ने भी लाइव कवरेज बीच में छोडक़र नेताजी की एक चेली के साथ नाचना शुरू कर दिया है।

देश दुनीया से

# सामाजिक क्रांति के प्रतीक थे भगत सिंह

**करीब** एक सदी के बाद भी भगत सिंह व उनके साथियों की शहादत अगर करोड़ों भारतवासियों के लिए प्रेरणादायक बनी हुई है तो यह इस बात का साक्षी है कि सर्वहारा के शोषण, उत्पीडन, अत्याचार के विरुद्ध न्यायप्रिय आवाज़ें हर युग, हर दौर में मुखर रहेंगी। बीसवीं सदी में महात्मा गांधी के अलावा जिस शख्स ने देश व दुनिया भर में अपने विचारों व शहादत से बेशुमार जनमानस के हृदय को आंदोलित किया, उसके शीर्ष पर केवल एक नाम व उसके साथी सुशोभित हैं। यानी भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव। प्रायः गांधी को अहिंसा का पुजारी और भगत सिंह को हिंसा या आतंक से आज़ादी हासिल करने का प्रतीक माना जाता है। छोटी आयु में ही भगत सिंह कार्ल मार्क्स, लेनिन, मैक्सिम गोर्की व अन्य अनेक लेखकों के विचारों से अभिप्रेरित हुए थे। वे पूंजीपतियों व संसाधनों पर कब्जा जमाए अमीरजादों और मजदूरों, किसानों के मध्य बनी रहने वाले खाई को पाटना चाहते थे। 200 साल पहले कार्ल मार्क्स ने यही स्वप्न देखा था। आज़ाद भारत के नक्शे पर भगत सिंह मजदूरों व आम आदमी के जिस सम्मान, स्वाभिमान व आर्थिक रूप से समाज में उनके कल्याण व उत्थान का सपना देख रहे थे, वह साकार होने की बज़ाय ध्वस्त हुआ है। पूंजी और संसाधनों का गरीब तबके पर नियंत्रण यथावत बना हुआ है। क्रांति का अर्थ खूनी लड़ाई नहीं है। बम या पिस्तौल का प्रयोग एकमात्र उद्देश्य नहीं है। क्रांति का मूल उद्देश्य उस अन्याय को समूल्य नष्ट करना है जिसकी बुनियाद पर शासन प्रणाली का निर्माण हुआ है। किसान, मजदूर हाशिए पर हैं। उनकी गहरी कमाई का सारा धन पूंजीपति चख रहे हैं। किसान अन्नदाता है, लेकिन दाने-दाने को मोहताज है। सूत कातने वाला जुलाहे के पास अपना व अपने परिवार का तन ढांपने के लिए कपड़ा नहीं है। राजगीर, लौहार तथा बढ़ई सुंदर महलों, घरों का निर्माण करते हैं, लेकिन उन्हें सूअर की तरह गंदे बाड़ों में जीवन के अंत तक रहना पड़ता है। फांसी से कुछ हफ्ते पहले भगत सिंह ने 'यंग पॉलिटिकल वर्कर्स' पत्रिका में लिखा था, आप क्रांति अमर रहे के नारे लगाते हैं। मैं यह मानकर चल रहा हूं कि क्रांति का वास्तविक अर्थ मौजूदा सामाजिक व्यवस्था का तख्ता पलटा है। इसे समाजवाद की व्यवस्था से बदलना होगा। कांग्रेस मध्यवर्ग के दुकानदारों और पूंजीपतियों की पार्टी है। ये ऐसा तबका है जो क्रांति के आंदोलन में अपनी जायदाद प्रापर्टी को अपने हाथों से छिन जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। क्रांति की सेवा गांवों और फैक्टरियों में है। भगत सिंह समाज की बेशुमार समस्याओं पर एक साथ मुखर थे। साल 1923 में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा कांग्रेस अधिवेशन के बाद अस्पृश्यता पर एक लेख लिखा था। यह लेख उस दौर में अमृतसर से छपने वाली पत्रिका 'किरत' में छपा था। वेद, पुराण, उपनिषद, भगवद्गीता आदि धार्मिक ग्रंथ दलितों की पहुंच से बाहर हैं। वे उन्हें छूने की कल्पना तक नहीं कर सकते। वे ब्राह्मणों की परम्परा के अनुसार गले में जनेऊ नहीं पहन सकते। छुआछूत पर उनका कहना था, 'किसी भी देश में कभी ऐसी सड़ी गली व्यवस्था नहीं होगी जैसी भारत में है।' जून 1928 को वे लिखते हैं, 'बड़ा प्रश्न दलितों का है। 30 करोड़ आबादी में 6 करोड़ अछूत हैं। अगर कोई स्वर्ण उन्हें छू लेता है तो उसका धर्म प्रदूषित हो जाता है। अगर वे मंदिरों में जाते हैं तो देवता रूठ जाते हैं। कुएं से पानी भरते हैं तो जल प्रदूषित हो जाता है। कल्पना करो एक कुत्ता हमारी गोद में बैठ सकता है, रसोई में भी जा सकता है, मगर कोई दलित आपको स्पर्श कर ले तो धर्म बर्बाद हो जाता है। महान समाज सुधारक मदन मोहन मालवीय को अगर कोई वाल्मीकि फूलों का हार पहना दे तो वे तुरंत नहाने चले जाते हैं। अपने कपड़े धोते हैं ताकि अछूत के स्पर्श से स्वयं को शुद्ध कर सकें।' तीनों क्रांतिकारियों को फांसी के पूर्व और बाद की घटनाओं में महात्मा गांधी की भूमिका को लेकर समूचा देश सकते की स्थिति में था। देशवासी चाहते थे कि गांधी वाइसराय पर फांसी रोक देने का दबाव बनाएं। लेकिन गांधी राजनीतिक हिंसा, कत्लोगारत के विरुद्ध थे। गांधी ने फांसी के बाद कहा था, 'हमें यह समझ कर संतोष करना होगा कि फांसी की सजाएं रद्द करना संधि के प्रस्तावों के निहित न था। मेरी व्यक्तिगत राय से भगत सिंह और उनके साथियों को फांसी से हमारी शक्ति बढ़ गई है। सरकार पर हम गुंडेपन का आरोप लगा सकते हैं, परंतु संधि भंग करने का दोष नहीं मढ़ सकते। फांसी से पूर्व कांग्रेस से लोगों ने अपील की थी कि वह सरकार से समझौते की शर्तों में एक शर्त भगत सिंह व उनके साथियों की रिहाई की मांग रखे। इससे गांधी ने इन्कार कर दिया था। वे बम या पिस्तौल कल्ट के विरुद्ध थे।




बीसवीं सदी में महात्मा गांधी के अलावा जिस शख्स ने देश व दुनिया भर में अपने विचारों व शहादत से बेशुमार जनमानस के हृदय को आंदोलित किया, उसके शीर्ष पर केवल एक नाम व उसके साथी सुशोभित हैं। यानी भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव। प्रायः गांधी को अहिंसा का पुजारी और भगत सिंह को हिंसा या आतंक से आज़ादी हासिल करने का प्रतीक माना जाता है। छोटी आयु में ही भगत सिंह कार्ल मार्क्स, लेनिन, मैक्सिम गोर्की व अन्य अनेक लेखकों के विचारों से अभिप्रेरित हुए थे। वे पूंजीपतियों व संसाधनों पर कब्जा जमाए अमीरजादों और मजदूरों, किसानों के मध्य बनी रहने वाले खाई को पाटना चाहते थे।


आप का नजरीया

# गिरफ्तारी के मायने

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शराब घोटाले की नियति शायद यही थी। केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के 9 समन्स को लगातार 'अवैध' करार देते रहे और कभी पेश नहीं हुए। यह करके केजरीवाल ने संविधान और कानून को भी ठेंगा दिखाया। दिल्ली उच्च न्यायालय के जरिए उन्होंने 2 माह का संरक्षण मांगा, ताकि वह आम चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए प्रचार कर सकें। इस अवधि के दौरान उन्हें गिरफ्तार न किया जाए, लेकिन ईडी की पटकथा में 'क्लाईमेक्स' तब आया, जब न्यायाधीशों ने चैंबर में शराब घोटाले और ईडी की जांच से जुड़े दस्तावेजों को देखा। नतीजतन अदालत ने केजरीवाल को संरक्षण देने से इंकार कर दिया। पटकथा अंतिम अध्याय की ओर बढने लगी। ईडी गुरुवार शाम को ही मुख्यमंत्री आवास जा धमकी। शुरुआत में कहा गया कि टीम 10वां समन देने आई है। कुछ तलाशी की दलीलें भी दी गईं। ईडी की टीम कानूनन दस्तावेज तैयार कर आई थी। अंततः 2 घंटे से अधिक समय तक आधा दर्जन अधिकारियों ने केजरीवाल से पूछताछ की, फिर वही हुआ, जो ऐसे मामलों में होता रहा है। केजरीवाल देश के प्रथम पदासीन मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। अब केजरीवाल को धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत ईडी की गिरफ्तारी में रहकर उन सवालों को झेलना पड़ेगा, जिन्हें वह और 'आप' के प्रवक्ता हंसी और हवा में उड़ाते रहे थे। अक्सर उनके तर्क रहते थे कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ केजरीवाल से ही डरते हैं, लिहाजा उन्हें जेल में डालना चाहते हैं। ऐसे तर्क सियासत की भाषा तक ही सीमित हैं, अलबत्ता मोदी 10 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और किसी से डर कर या खौफ खाकर उन्होंने ये जनादेश प्राप्त नहीं किए। अब वह तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश हासिल करने की होड़ में जुटे हैं। चूंकि धनशोधन का कानून बेहद कड़ा और पेचीदा है, लिहाजा दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया 13 महीने और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन 23 महीने से जेल की सलाखों में कैद हैं। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीते अक्तूबर माह से जेल में हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं सर्वोच्च अदालत के स्तर पर खारिज की जा चुकी हैं। आम आदमी का 'खास' और शीर्ष नेतृत्व जेल में बंद हो चुके हैं। 'आप' के लिए पहला राजनीतिक और अस्तित्व संबंधी संकट यही है। 'आप' के 14 और नेता जेल जा चुके हैं और जमानत पर बाहर हैं। ईडी ने बीते दिनों तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की नेता के. कविता की गिरफ्तारी के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया था कि कविता के जरिए 100 करोड़ रुपए आम आदमी पार्टी को दिए गए। केजरीवाल 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक हैं, लिहाजा वह प्रत्यक्ष तौर पर जवाबदेह हैं। यदि केजरीवाल खुद को बिल्कुल मासूम और निर्लिप्त मानते हैं, तो उन्हें यह साबित करना होगा। ईडी का यह भी दावा है कि 100 करोड़ रुपए की घूस और शराब नीति से 2873 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। शराब माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रुपए की लाइसेंस फीस माफ की गई। उसके एवज में 100 करोड़ रुपए की घूस दी गई। संभव है कि अब ईडी केजरीवाल और कविता को आमने-सामने बिठा कर सवाल-जवाब करेगा, तो कई सत्य बेपर्दा हो सकते हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाया गाँव के समीप रोहनिया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई जबकी दो गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया की मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने दूसरे खड़े मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी,जिसमें चाया गाँव निवासी रामदेव उरांव को गहरी चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई हालांकी मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से घायलों को 108 एम्बुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# बड़ी मात्रा में अफिम बरामद, एक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना को मिली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने गिद्धौर से बड़ी मात्रा में अफीम बरामद किया है।साथ ही एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।हालांकि इस सम्बंध में पुलिस औपचारिक तरीके से कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा,थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता छापेमारी में शामिल रहे।एसपी विकाश पांडेय वृशपतवार दोपहर गिद्धौर थाना पहुंचे। और पूरे मामले की जानकारी लीए।प्राप्त जानकारी के अनुसार बरामद अफीम की मात्रा 15 किलो के आस पास बताई जा रही है। मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों में पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के मामले में बड़ी कार्यवाई शुरू की गई है।अफीम व ब्रॉउन सुगर तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाई शुरू की



है।सूत्रों के अनुसार गुरुवार की देर शाम तक थाना क्षेत्र के अलावे जिले में विभिन्न जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस को अंतरराज्यीय तस्करों के खिलाफ सफलता हांथ लगी है।मामले की विस्तृत जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देने की बात कही जा रही है।

## रामनवमी पूजा व झांकी प्रस्तुति को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड पंचायत में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर उपर मुहल्ला व निचे मोहल्ला में ग्रामीणों की बैठक हुई। उपर मुहल्ला के ग्रामीणों ने लोटार स्थित भास्कर स्वालंबन में शंकर दांगी के अध्यक्षता में बैठक किया।जबकि संचालन भास्कर स्वालंबन क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने रामनवमी पूजा में झांकी प्रस्तुति करने का निर्णय लिया। तथा मंगलवार से मंगला जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया।जिसे लेकर संचालन समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मुकेश कुमार अध्यक्ष, प्रभात कुमार को उपाध्यक्ष, क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार को सचिव असुरंजन कुमार कुशवाहा उर्फ मंटू को कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जबकि नीचे मुंहल्ला में विजय भारती को अध्यक्ष, देवकांत मोती को उपाध्यक्ष, विनोद पासवान को सचिव, प्रनाथ दांगी को कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। बैठक में सतीश दांगी, शिक्षक सुबोध दांगी, कविनद्र दांगी, विकास कुमार, संटू कुमार, विक्की कुमार, अविनास कुमार, मनोज दांगी, देवदीप पासवान सहित कई उपस्थित थे।

## मामूली विवाद में महिला की पिट-पिट कर हत्या, दो गिरफ्तार, जेल



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा थाना क्षेत्र के ककनातू गाँव में मामूली घरेलू विवाद में 43 वर्षीय महिला अंजू देवी (पति सरजू चौधरी) को पिट-पिट कर हत्या कर दी गई।बताया जाता है की आपसी घरेलू विवाद को दोनों पक्षो के बीच विवाद शुरू हुआ और विवाद इतना बढ़ गया की प्रथम पक्ष के लोगो ने द्वितीय पक्ष की महिला को बुरी तरह से पिटाई कर दी। वही महिला को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।उक्त मामले में दोनों पक्षों से आवेदन दिया गया है, प्रथम पक्ष से कुल 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जबकी द्वितीय पक्ष से भी चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।वही प्रथम पक्ष से दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।वही थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया की घरेलू विवाद में महिला की पिट-पिट कर हत्या की गई है,त्वरित कार्रवाई करते हुवे 2 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## निजी क्लिनिकों के गोरखधंधे में खुलकर सहयोग कर रही हैं स्वास्थ्य सहीयाएं




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार और विभाग के द्वारा स्वास्थ्य सहियाओं को तैनात किया गया है। ताकि सुरक्षित और संस्थागत प्रसव कराया जा सके। परंतु कई सहियाएं चंद रूपयों के लोभ में निजी क्लीनिक संचालकों के गोरखधंधे में खुलकर साथ दे रही हैं। जो ना केवल विभाग की छवि को धूमिल कर रही हैं, बल्कि जच्चा- बच्चा के जीवन के साथ खिलवाड़ भी कर रही हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला लावालौंग थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां कमिशनखोरी के लोभ में बान्दू गांव की सहिया सरिता देवी गांव की ही एक गर्भवती महिला सुदामा देवी को लेकर लावालौंग में अवैध तरीके से संचालित मुन्ना कुमार के क्लीनिक में पहुंच गई। जहां सुदामा का प्रसव समय से पूर्व आठवें महीने में ही करवा दिया गया। नतीजा यह हुआ कि बेहद कमजोर बच्चे का जन्म हुआ। उसकी स्थिति इतनी नाजुक हो गई की आनन- फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाना पड़ा। जहां बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है और वहां बच्चे की माँ को बुलाया जा रहा था।इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे की मां सुदामा देवी को क्लीनिक के संचालक मुन्ना कुमार यह कह कर रोक लिया कि जब तक मेरा पूरा पेमेंट नहीं हो जाता है तब तक मैं बच्चे की मां को अपने क्लीनिक से नहीं जाने दूंगा। हालांकि बाद में पुलिस में मामला दर्ज करने की बात पर मुन्ना ने बच्चे की मां को अपने क्लीनिक से डिस्चार्ज कर दिया।इस बावत सहीया सरिता देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि होली का दिन होने के कारण लावालौंग अस्पताल में कोई भी नहीं था जिसके कारण मैं महिला को मुन्ना के पास लेकर गई। वहीं पूछे जाने पर मुन्ना कुमार नें मीडिया कर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि मैं किसी को अपने क्लीनिक में नहीं बुलाता हूं। कमिशन के लिए खुद मेरे पास लेकर लोग आते हैं। इसमें पत्रकारों को दर्द क्यूँ होता है। इस बावत चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि होली को ध्यान में रखते हुए लावालौंग अस्पताल में दो चिकित्सकों के अलावा दो एएनएम की चौबीस घंटे ड्यूटी की गई थी। लेकिन अस्पताल के बंद होने और प्राइवेट क्लीनिक में प्रसव होने की जानकारी फिलहाल मूझे नहीं है। मैं जांचोपरांत ही कुछ कह पाऊंगा।ज्ञात हो कि पूर्व में भी मुन्ना के द्वारा नवजात बच्चे को बेचने और नकली खून चढ़ाने जैसे गंभीर आरोप लगते रहे हैं।इन मामलों में मुन्ना जेल की सजा भी काट चुका है और अब यह कहकर धडल्ले से अपना गोरखधंधा चला रहा है कि प्रखंड के पत्रकार मेरा क्या बिगाड़ लेंगे मैं जिले के पत्रकारों को पैकेट में रखता हूँ।इधर होली जैसे जोखिम भरे त्योहार में घोर लापरवाही करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल से गायब रहना बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## ट्रांसफार्मर जल जाने से गांव अंधेरे में तब्दील, मदरसा के बच्चों को पढ़ाई में बाधा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत अंतर्गत बीमाकातु गांव में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जलकर बेकार पड़ा हुआ है जिससे गांव अंधेरे में कायम है। वहीं पास मदरसे के बच्चों को पढाई में काफी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओ को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा समस्या मदरसा में रहने वाले बच्चे को हो रही है। अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर है बुधवार को बीमाकातु गांव के दर्जनों उपभोक्ताओ ने ट्रांसफार्मर पास खड़ा होकर बिजली विभाग का विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर मुर्शिद खान, हलीम अंसारी, आबिद अली ईदन मियां समेत अन्य ने बताया कि नीमकातु गांव में पिछले 15 दिन पहले ट्रांसफार्मर जल गया



है जिससे गांव में बिजली सप्लाई बंद हो गई है। शाम ढ़लते ही गांव में अंधेरा छा जाता है बिजली नहीं रहने से मदरसा में रहने वाले बच्चों को पढ़ाई करने में काफी परेशानी हो रही है ।मदरसा के छोटे-छोटे बच्चे लालटेन जलाकर पढ़ाई कर रहे हैं वही घर की महिलाओं को खाना बनाने,कपड़ा धोने मे परेशानी हो रही है ।आगे बताया कि सबसे अधिक परेशानी में रोजेदारों को हो रही है बिजली नहीं रहने से रोजदारों को पंखा व एसी नहीं चल रहा है जिससे रोजेदार काफी परेशानी महसूस कर रहे हैं हालांकि ट्रांसफार्मर जल जाने के लेकर विभाग को कई बार सूचना देकर अवगत कराया गया है लेकिन विभाग द्वारा अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया।अगर नीमाकातु गांव में जल्द बिजली बहाल नहीं किया गया है तो हम लोग सभी उपभोक्ता मिलकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।इस सबंध में बिजली विभाग के जेई अनिल कुमार ने बताया की नीमाकातु गांव में लगे ट्रांसफॉर्मर को जांच किया जाएगा।जांच के बाद गांव में नया ट्रासफार्मर लगाया जाएगा। इस मौके पर असलम अंसारी, समीम अली, बिरजू भारती, साजिद अली, मनुव्वर अली, सरफराज आलम, सिराजुद्दीन, फैयाज समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शहीद नीलांबर पीतांबर के बलिदान दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सिमरिया विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अमर शहीद वीर नीलांबर पीतांबर का 165 वा शहादत दिवस समारोह मनाया गया।कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। इस मौके पर शहीद के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।झारखण्ड के वीर सपूत एवं अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले नायक अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर जी के बलिदान दिवस के अवसर पर चतरा स्थित इनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इनके बलिदान दिवस पर भोक्ता समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ. देश के लिए सर्वोच्च बलिदान सर्वदा स्मरणीय रहेगा।इस मौके आयोजित कार्यक्रम में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि



शहीदों के प्रति जागरूक करना समाज के लोगों की जिम्मेवारी है।उन्होंने भोक्ता समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि समाज को शिक्षित और जागरूक करना लक्ष्य होना चाहिए।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम देव सिंह भोक्ता, पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोक्ता, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि अक्ष्यवत पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।इस मौके पर चतरा सहित आस पास जिले के हजारों भोक्ता समाज के महिला और पुरुष शामिल हुए। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वालों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया।

## भंडरा थाना पुलिस ने मानसिक रुप से कमजोर किशोरी को उसके स्वजनों को सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** मानसिक रुप से कमजोर किशोरी को भंडरा थाना पुलिस ने गुरुवार को उसके स्वजनों को सौंप दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि 27 मार्च की शाम कचमची बाजार टांड़ में एक मानसिक रूप से कमजोर किशोरी की होने की सूचना मिली थी। इसके बाद किशोरी को भंडरा थाना की महिला आरक्षी अमानित लकड़ा की देख-रेख में रखा गया था। इसके बाद उसके स्वजनों का पता लगा कर सौंप दिया गया है। मानसिक रूप से कमजोर किशोरी पूजा कुमारी रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र की रहने वाली है। भंडरा थाना पहुंची उसकी मां सीमा मुंडाईन ने बताया कि विगत दो माह पूर्व से ही बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। घर से भटकर भंडरा पहुंच गई थी। जिसकी काफी खोजबीन भी की जा रही थी। इस दौरान उन्होंने भंडरा थाना पुलिस की सराहना भी की।

# चेतना इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के चटनाही स्थित 28 मार्च 2024 दिन गुरुवार को चेतना इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में वार्षिक परिणाम वितरण समारोह एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गर्व और जश्न से भरे माहौल में, चेतना इंटरनेशनल स्कूल के संरक्षक उपेंद्र नाथ पांडे ने अपने छात्रों की लगन, कड़ी मेहनत और विद्वत्तापूर्ण प्रयासों को मान्यता दी। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता, समग्र विकास और आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रमाण था। स्कूल के प्रशासन के दूरदर्शी नेतृत्व और इसके समर्पित शिक्षकों के अथक प्रयासों के तहत, चेतना इंटरनेशनल स्कूल के



छात्रों ने एक बार फिर सभी शैक्षणिक विषयों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। परिणाम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों को दर्शाते हैं, जो स्कूल समुदाय को परिभाषित करने वाले सहयोगी लोकाचार को रेखांकित करते हैं। स्कूल के मैनेजिंग निदेशक अमित कुमार पांडे के बताया की लातेहार में शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में, चेतना इंटरनेशनल स्कूल छात्रों को ज्ञान, कौशल और मूल्यों से सशक्त बनाने के अपने मिशन में दृढ़ है, जो कक्षा की सीमाओं से परे है और उन्हें एक गतिशील और परस्पर जुड़ी दुनिया में सफलता के लिए तैयार करता है।परिणाम वितरण समारोह शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति और प्रत्येक छात्र के भीतर निहित असीम क्षमता की एक मार्मिक याद दिलाता है। चेतना इंटरनेशनल स्कूल के शैक्षणिक निदेशक आर्यन गर्ग ने बताया की अपने छात्रों के लिए व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल आयोजन की घोषणा करते हुए प्रसन्नता है, जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और अपने छात्र समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।28 मार्च 2024 को आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्रों को सामान्य स्वास्थ्य आकलन, ब्लड ग्रुप जांच और पोषण संबंधी परामर्श सहित चिकित्सा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्रदान की गई।

## कुआं में डूबने से एक युवक की मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के मोंगर पंचायत के ग्राम केड़ु में बीते शाम कुआं में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान संजय कुमार राम पिता राजू मोची 25 वर्ष बड़की चापि थाना कुडू जिला लोहरदगा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक होली मनाने के लिए अपने नाना के घर लातेहार के केडू में आया हुआ था। शराब पीने के लिए अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था कि इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आस पास बैठे लोगों से पूछताछ करने लगी। पुलिस को पूछताछ करता देख युवक डर के मारे भागने लगा। अनजान जगह होने के कारण एवं अंधेरा होने के कारण युवक को कुआं दिखाई नहीं दिया। कुआं में जा गिरा जिससे सर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकाल गया एवं पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शहीद नीलांबर-पीतांबर के पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक बैजनाथ राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** शहीद नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस के मौके पर गुरुवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप स्थापित किए गए नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा के पूजन कार्यक्रम में विधायक बैजनाथ राम शामिल हुए। पाहन रति गंझु,विनेश्वर पाहन ने विधिवत पूजा-अर्चना कराया। जहाँ विधायक ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को अगरबत्ती दिखाकर एवम् माला पहनाकर उन्हें नमन किया। इससे पूर्व विधायक का स्वागत आदिवासी नृत्य ढोल-माँदर के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन खरवार भोक्ता विकास संघ के बैनर तले किया गया था। मौके पर बोलते हुए विधायक बैजनाथ राम ने कहा की वीर शहीद नीलांबर और पीतांबर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी थे।दोनों भाइयों ने 1857 में ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। लातेहार जिले के खरवार जनजाति के भोगता वंश के परिवार में केमो-सेन्या गांव में जन्मे थे। देश की आज़ादी के लिए अपनी वीरता एवं साहस से अंग्रेजी सल्तनत की नींव हिला देने वाले अमर क्रांतिकारी नीलाम्बर-पीताम्बर के बलिदान दिवस पर उन्हें हमलोंग कोटि-कोटि नमन करते है। मौके पर प्रदीप गंझू, राजेंद्र गंझु, लालदेव गंझु, अखिलेश भोक्ता, चमन गंझु, दीपक यादव, राजेश यादव, प्रभुदयाल उराँव, अंकित पांडे, औरजेब खान, प्रेम गंझु, रमन गंझु, फुलचंद गंझु, मनोज यादव, जावेद अख्तर, रवि गंझु, परमेश्वर गंझु समेत कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में आगामी सत्र 2024 - 25 हेतु तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आरंभ 28 मार्च 2024 दिन गुरुवार को किया गया।कार्यशाला का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा भारत माता के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में संचिका, पंजी एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया। द्वितीय सत्र में प्रमुख विभागों पर चर्चा की गई एवं वर्षभर के कार्यों की समीक्षा की गई। तृतीय सत्र में विद्यालय के सबल पक्षों पर तथा ÷प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों की शिक्षा व देखभाल पर विस्तार से चर्चा की गई। चतुर्थ सत्र में केंद्रीय विषय योग, शारीरिक शिक्षा, संगीत, संस्कृत, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा पर बल दिया गया, साथ ही विभागों का बंटवारा भी किया गया। इस कार्यशाला के



प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ वर्ष भर के प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाना एवं उनका समुचित ढंग से क्रियान्वयन करना है ताकि विद्यालय समाज की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर सके। इस कार्यशाला में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी शशिकांत पांडे, ओंकार नाथ सहाय, सुरेश ठाकुर, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, रजनी नाग , श्वेता श्रीवास्तव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, मधु कुमारी, खुशबू तिवारी, दीपक कुमार दास, सलमान होजाई उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के एसआर पेट्रोल पंप के पास ट्रक की चपेट में आने से बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान प्रवेश सिंह पिता विशेश्वर सिंह (30) वर्ष वहीं घायल व्यक्तियों में विशेश्वर सिंह ,रामू परहीया सीकीद लावागड़ा हेरहंज के रुप में हुई है।जबकि रामू परहिया का स्थिति नाजुक बताया जा रहा है। जिनका लातेहार सदर अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने पिता विशेश्वर सिंह का इलाज कराने के लिए लातेहार सदर अस्पताल आया हुआ था और पिता का इलाज करवा कर तीनों अपने मोटरसाईकिल से गुरुवार को अपने घर हेरंज जा रहा था। इसी बीच एसआर पेट्रोल पंप के पास डालटेनगंज की ओर से आ रही ट्रक ने तीनों को अपने चपेट में ले लिया जिससे प्रवेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सवार दो ब्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।

## डायन बता कर महिला से की मारपीट

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेरहंज थाना क्षेत्र के करदाग़ ग्राम में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर एक महिला सुगिया देवी 45 वर्ष पति हरिहर यादव के साथ उसके गोतिया के द्वारा मारपीट की गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी घटना के बाद घायल महिला को परिजनों के द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। महिला के परिजनों ने बताया कि सुगिया देवी को गोतिया रामकिशुन यादव, रामचंद्र यादव, बनवारी यादव, दिलचंद यादव, नरेश यादव द्वारा डायन कहा जाता था। जब हमलोगों ने इसका विरोध किया तो सभी मारपीट करने लगे। इसकी लिखित शिकायत हेरहंज थाना को देकर कार्यवाही की मांग करने की बात कही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## खरवार भोगता समाज विकास संघ ने मनाया नीलांबर पीतांबर शहीद दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को खरवार भोक्ता समाज विकास संघ के द्वारा शहर के नीलांबर पीतांबर चौक के समीप स्थित न्यू स्टेडियम में नीलांबर पीतांबर का शहीद दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बालदेव गंझू ने की।कार्यक्रम में समाजसेवी हर्ष अजमेरा एवं करण जायसवाल के साथ ही संघ के कई पदाधिकारी मंचासीन हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संघ के गणमान्य लोगों द्वारा नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर पर माल्यार्पण कर की गई।तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया।अपने अध्यक्षीय भाषण में बालदेव गझू ने शहीद नीलांबर पीतांबर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए आज के युवाओं को उनसे सीख लेते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग देना चाहिए।अपने संबोधन में समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीरता की प्रशंसा की।कहा कि जब भी स्वतंत्रता संघर्ष की चर्चा होगी,नीलांबर पीतांबर की शहादत स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी।

# केंद्रीय कारागार में लोकसभा चुनाव की सतर्कता के तहत हुआ औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में गुरुवार को उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन हर पहलुओं पर अपनी नजर बनाए हुए है। आज तड़के सुबह केंद्रीय कारा के औचक निरीक्षण के क्रम में सदर एसडीएम शैलेश कुमार समेत 07 दंडाधिकारी एवं लगभग 100 पुलिस के जवान औचक निरीक्षण की कारवाई में मौजूद रहे। यह निरीक्षण लगभग ढाई घंटे तक चला। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन,बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की कारवाई के उपरान्त उपायुक्त ने बताया कि नियमित अंतराल में जेल का औचक निरीक्षण किया जाता है। जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर हर बिंदुओं पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। उन्होंने बताया की इस निरीक्षण की कारवाई के दौरान कोई भी अतिगंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के भी तिथि जारी हो गई है इसे लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश प्राप्त है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह औचक निरीक्षण की कारवाई की गई है,यह एक रूटीन जांच प्रक्रिया भी है जो हर एक या दो माह में की जाती है। आगामी लोक सभा चुनाव को मद्देनजर विधि व्यवस्था के संदर्भ में यह महत्त्वपूर्ण कारवाई थी।

## अं.ब्रा. महासंघ के झारखंड प्रदेश युवा उपाध्यक्ष को हुआ पितृ शोक



**टाटीझरिया ।** अंतर्राष्टीय ब्राह्मण महासंघ के झारखंड प्रदेश युवा उपाध्यक्ष हजारीबाग जिला के नगवा निवासी आचार्य बिरेंद्र कुमार पांडेय के पिता जगदीश पांडेय जी का निधन बीते रात्रि लगभग 8॰00 बजे बुधवार को सदर अस्पताल बदला नाम शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग में हो गया । प्रदेश उपाध्यक्ष ने नम आंखों से कहा की हमारे पिता का स्वास्थ्य विगत तीन चार दिनों से खराब था उन्हें इलाज के अस्पताल लाया गया था । चिकित्सकों ने बचाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन भगवान के लेख को कोई मिटा नही सकता आखिरकार उन्होंने 27 अप्रैल 2024 को अस्पताल परिसर में अंतिम सांस लिया। बता दे कि मृतक अपने पीछे दो पुत्र प्रथम आचार्य बिरेंद्र कुमार पांडेय और द्वितीय पुत्र सैलेंद्र पांडेय समेत पत्नी , बहु ,बेटी, नाती पौता सगे संबंधी पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गए। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है मृतक के पार्थिव शरीर को स्थानीय शमशान घाट में बड़े पुत्र ने मुखाग्नि आचार्य पुरोहितो द्वारा वैदिक रीति रिवाजों के अनुसार किया । मौके पर उपस्थित जीवलाल पांडेय,कामदेव पांडेय, निरज पांडेय,रूपेश पांडेय,बैजनाथ पांडेय, विनय पांडेय,मुकेश पाण्डेय,नीतीश पांडेय,रंजित पांडेय, विकाश पांडेय,संदीप पांडेय ,दीपक पांडेय,संतोष पांडेय एवं वाट्स एप के माध्यम से अं.ब्रा.महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय,प्रवेश पांडेय,राहुल पंडा, सहित अन्य कई लोगों ने मृतक प्राणी की आत्मा को शांति सद्गति प्रदान हेतु भगवान से प्रार्थना वन्दना कर शोक संवेदनाएं प्रकट किया।

## बड़वार में श्री श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार के हरिजन टोला में नव निर्मित शिव मंदिर में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया। यंहा आचार्य पंडित अनुग्रह नारायण शर्मा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कार्य कराया। भूमि पूजन कार्य मे नरेश राम सहपत्नी मुख्य पुजारी बने। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामशरण राम, सचिव सुखदेव राम और कोषाध्यक्ष धानेश्वर राम ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक कार्यक्रम रखा गया है। जो इस प्रकार से है 20 अप्रैल जल एंव कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू होगी। और 21 अप्रैल मंडप एंव स्तम्भ प्रवेश, 22अप्रैल वेदीपुजन एंव अग्निअस्थापन, 23 अप्रैल जलाधिवास अन्नाधिवाश, 24 अप्रैल पुष्पाधिवास एंव फलाधिवास , 25 अप्रैल नगर भर्मण, 26 अप्रैल मंगलस्नान प्राणप्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति महाभंडारा एंव भव्य जागरण समारोह के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया जाएगा। भूमिपूजन ओर ध्वजारोहण के दौरान यज्ञ समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम , नरेश यादव , मनोज राम, सीता राम, कमेवश्वर राम, सुधेश्वर सिंह, अर्जुन राम , सूरज राम, इंद्रनाथ यादव, अशोक यादव, अजित यादव, राजकुमार याद , नरेश यादव , नरेश पासवान, महावीर कुमार यादव, सचिन राम, दिलीप राम, विजय राम, अजय यादव, गुलाब यादव, निरंजन यादव एंव हजारो की संख्या में बड़वार ग्रामीणों की उपस्थित रही।

## हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जेपी पटेल बनें कांग्रेस के उम्मीदवार, बरही के कांग्रेसियों ने मुलाकात कर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस ने मांडू विधायक जेपी पटेल को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। उम्मीदवार बनाये जाने के बाद बरही के कांग्रेसियों ने जेपी पटेल से मुलाकात करते हुए उन्हें बधाई दी। बरही प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि जेपी पटेल वंशानुगत राजनीतिक कार्यकर्ता है। कहा कि गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक रहे झामुमो नेता स्व. टेकलाल महतो की पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी। महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही। बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। साधारण धोती-कुर्ता और कंधे पर हमेशा एक हरा गमछा उनकी पहचान थी। कहा कि वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। इनके पिता स्व. दौलत महतो साधारण किसान तथा और माता स्व. रेशमी देवी गृहिणी थीं। तीन भाइयों में मंझले टेकलाल महतो का जन्म 15 फरवरी 1945 को हुआ था। रांची से एलएलबी की पढ़ाई की थी। शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये।

## भाजपा टाटीझरिया को मिला नया मंडल अध्यक्ष,दी गई बधाइयां



**टाटीझरिया :** लोक सभा चुनाव में नेताओं और कार्यकर्ताओं को आने - जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इस क्रम में टाटीझरिया भाजपा का मंडल अध्यक्ष का पद भी रिक्त हो चुका था। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बुधवार को टाटीझरिया मंडल का कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष का मनोनयन किया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह को प्रखंड भाजपा की कमान सौंपी गई है। मनोनीत अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि उन्हें जो कार्यभार सौंपा गया है,वे बखूबी निर्वहन करेंगे।सभी कार्यकर्ताओं के मान - सम्मान ,मतदाताओं से संपर्क करने का कार्य करेंगे। कहा कि वर्तमान समय में उनका एक ही लक्ष्य ,लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से मनीष जायसवाल और कोडरमा से अन्नपुर्णा देवी को भरी मतों से जीत दर्ज करवाना है। अध्यक्ष बनाए जाने पर मिथलेश पाठक,संतोष मंडल,राजू यादव,महेश अग्रवाल,उपेंद्र पांडेय,दशरथ नारायण सिंह,ज्योतिष पंडा,सुरेंद्र राणा,रामप्रसाद कुशवाहा,कृष्ण साव,सहदेव यादव, कौलेश्वर मिश्रा,विजय पांडेय,बजरंगी साव,रंजित तिवारी,राजेश यादव,सुरेंद्र प्रसाद,कन्हाई राम,लोकनाथ गोप,रजनीकांत चौधरी,प्रकाश गंझू,होपन सिंह,राजेंद्र मंडल,डोमन गुप्ता,शंकर बर्मन,अनिल प्रसाद,अरुण सिंह,प्रवील प्रसाद,मनीष यादव,संतोष कुमार,दिलीप शर्मा समेत अन्य शामिल हैं।

## भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी की बैठक, बैठक में संगठन की मजबूती पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की बैठक कृष्णा मेडिकल में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में की गई,तथा संचालन महामंत्री सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में संगठन को और मजबूत करने को लेकर पश्चिमी मंडल से आये पदाधिकारियो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गहनता से चर्चा की गई।बैठक में सबसे महत्वपूर्ण भाजपा हज़ारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के विष्णुगढ़ दौरे को लेकर रुट चार्ट निर्माण की चर्चा करते हुए रुट चार्ट तय किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने आखिर में जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी मंडल को चार भागों में बाँटकर संयोजक तथा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पांडेय,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,उपाध्यक्ष पिंकी देवी,महामंत्री सुनील कुमार वर्मा,मंत्री राजेश सोनी,हरि यादव,पूर्व महामंत्री शंकर प्रसाद स्वर्णकार,महिला मोर्चा अंजू देवी,अनु.जाति मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक,भाजयुमो मंत्री नीतीश कुमार बर्णवाल, कन्हाई यादव,अनुसूचित जनजाति मोर्चा मोहन कुमार हांसदा,किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक मंडल,अशोक कुमार गुप्ता,लखन कुमार,सुरेश राम,टेकलाल राम,शिबू सोरेन,राम कसेरा,शशि कुमार लाहकार, सुरेश राम,अनुज कुमार पांडेय,अशोक यादव,संदीप कुमार कसेरा,लाखो साव,संतोष पासवान समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जयप्रकाश भाई पटेल कॉग्रेस प्रत्याशी की घोषणा पर समर्थकों में उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जेपी समर्थक हिरामन महतो के निजी आवास पर हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन से जयप्रकाश भाई पटेल को उम्मीदवार बनाये जाने पर जेपी समर्थकों ने बैठक की। बैठक में घोषित प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन पूरे जोशोखरोश से हज़ारीबाग लोकसभा जीतने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जेपी समर्थकों ने जयप्रकाश भाई पटेल को आई.एन.डी.आई.ए प्रत्याशी घोषित किये जाने पर बधाई दी,तथा पार्टी के शीर्षस्थ नेतृत्व सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, मल्लिकार्जुन खरगे, लालू यादव, तेजस्वी यादव, हेमन्त सोरेन, चम्पई सोरेन, कल्पना सोरेन समेत अन्य के प्रति आभार जताया।इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष शम्भू यादव, झामुमो प्रखण्ड सचिव संजय कुमार प्रजापति, गुरु प्रसाद साव, महादेव मंडल, बासुदेव महतो, चेतलाल महतो, महेंद्र राम, महेंद्र महतो, इसरयू प्रसाद महतो,सुरेश मंडल, धनेश्वर महतो, जगरनाथ महतो, रेवतलाल महतो, विजय साव, मधु महतो, थानेश्वर महतो समेत अन्य लोग शामिल थे।

## 4000 किलोमीटर दंडवत यात्रा करेंगे महात्मा हरी सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आस्था की अलग-अलग तस्वीरे भारत में देखने को मिलती है। कई सौ किलोमीटर दंडवत करके अपने आस्था को बनाकर रखना अलग-अलग इच्छाओं के लिए अलग अलग भक्ति भावना रखते हैं। ये दंडवत करते तस्वीर राजस्थान जौहरपा मालयोकी चौक अमरगढ़ गंगापुर सेवाई के महात्मा हरी सिंह का है। उनसे पूछे जाने पर बताया कि राजस्थान सवाई माधोपुर से दंडवत यात्रा का प्रारंभ किया, जो 4000 किलोमीटर की दंडवत यात्रा करते हुए उड़ीसा के जगन्नाथपुरी मंदिर, जहां विराजमान विष्णु अवतार श्री कृष्ण भगवान का दर्शन करने का मन में अभिलाषा है। यह दंडवत यात्रा भारत देश की सुख समृद्धि का कामना के लिए है। 2023 से प्रारंभ ये यात्रा 14 माह में 3300 किलोमीटर दंडवत यात्रा करते हुए बरही की पावन धरती पर पहुंचे हैं। अभी यहां से जगन्नाथ जी के दर्शन के लिए 700 किमी. की यात्रा और करनी है। इस दंडवत यात्रा के दौरान गोवर्धन, वृंदावन, अयोध्या, अकबरपुर महादेवा, बिल्माई श्रीमाधोपुर, जौनपुर, विश्वनाथ त्रिलोचन, ताराचंडी जैसे अन्य तीर्थ स्थलों को दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने अपना आधार कार्ड दिखाते हुए विनम्रता से परिचय दिया। कहा मेरा भी गृहस्थ भरा परिवार है। उन्होंने कहा कि ये जीवन का मौका बार-बार नहीं आएगा क्यों न जगन्नाथ बाबा का दर्शन कर लें। इस दौरान कई लोगों ने महत्मा जी का दर्शन कर कुशल क्षेम पूछा और यात्रा की जानकारी ली। उनके लिए कुछ हल्की सेवाएं भी उपलब्ध किया।

## ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल ने शुरू किया अनोखा मतदाता जागरूकता अभियान



**हजारीबाग :** शहर से 12 किलोमीटर दूर कटकमदाग के फताह चौक के समीप स्थित जमुआरी में ग्रीन वैली स्कूल ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनोखी पहल की है । स्कूल के प्रिंसिपल विश्वेन्दु जयपुरियार ने कहा कि वार्षिक परीक्षा के बाद 28 मार्च शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक मीट का आयोजन कर रिपोर्ट कार्ड दिए गए। कहा चुनाव को देखते हुए उन्होंने नई शुरुआत करते हुए रिपोर्ट कार्ड के साथ हर अभिभावक को वोट डालने को लेकर एक जागरूकता पर्ची दिया। इस पर्ची में मतदान और मताधिकार को लेकर कई स्लोगन लिखे हुए थे। प्रिंसिपल ने कहा कि इसके अलावे स्कूल आने वाले अभिभावकों का स्वागत विद्यार्थियों ने डुगडुगी बजाकर और वोट डालने का नारा लगाकर किया। कहा कि चुनाव को लेकर डीसी नैन्सी सहाय के नेतृत्व में जिला प्रशासन लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। ऐसे में उन्होंने भी स्वतः ही इस अभियान का हिस्सा बनने का सोचा और इसी के तहत स्कूल में यह अनोखी पहल की। कहा कि यह अभियान फिलहाल चलता रहेगा ताकि इस इलाके के वोटर्स तक 20 मई को मतदान करने का संदेश स्कूल ऐसे ही अपने स्तर से पहुंचाता रहे। इस अभियान में शिक्षक नितिन हंस, प्रकाश हंस एवम शिक्षिकाओं में सुजाता, अंजू मिश्रा, निशा कुमारी, मिला बांडों और कविता सिन्हा ने सहयोग करते हुए हर एक अभिभावक को मतदान के लिए जागरूक किया।

## भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय ( क्षे.सं. प्र.) परिसर में प्रत्येक तिमाही के भांति इस तिमाही में भी हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया । इस कार्यक्रम की शुरुआत सांख्यिकी के जनक डॉ. (प्रो.) पी.सी. महालोनोबिस के चित्र को पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मन्मथ नाथ मिश्र, कार्यक्रम पदाधिकारी, आकाशवाणी, हजारीबाग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, हजारीबाग के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया । तत्पश्चात उन्होंने उद्बोधन भाषण में कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि हिंदी कार्यशाला का आयोजन तभी सफल होगा जब आप कार्यालयीन कार्य को शत प्रतिशत हिंदी में करें।उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य करना पहले की तुलना में अब बहुत आसान हो गया है। इसलिए सभी कार्य हिंदी में ही करें। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि प्राचीन काल से ही भारत का दबदबा भाषा, साहित्य एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में रहा है एवं विश्व का प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में वर्णित सभी वर्ण से ही अनेक आधुनिक भाषाएं विकसित हुई है । माननीय मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में हिंदी के कई पहलुओं पर चर्चा की । उन्होंने विदेशों में हिंदी भाषा किस प्रकार से बढ़ रही एवम वर्तमान में तकनीकी विकास के साथ हिंदी के प्रचार प्रसार में भी क्या बढ़ोत्तरी हुई है यह विस्तार से बताया । साथ ही आकाशवाणी के द्वारा भी हिंदी भाषा में प्रसारित हो रहे कार्यक्रमों की रूप रेखा भी बताई । वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी श्री जयदेव कुमार ने हिंदी भाषा की वर्तनी की अशुद्धि पर अपने विचार रखे साथ ही उदाहरण के माध्यम से हिंदी के साथ अपनापन की ओर ध्यान दिलाया । वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी श्री कुमार विमलेंदु शेखर जी ने कार्यालय के शत प्रतिशत कार्य हिंदी में होने की बात कही, किंतु अभी भी प्रतियोगी परीक्षा में हिंदी की उपेक्षा एवम तकनीकी शब्दावली में हिंदी का बहुत ही कम प्रयोग की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया ।

## इंडिया गढ़बंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का कांग्रेस ज़िला कार्यालय में हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** पूरे देश सहित शहर में चुनावी हलचल तेज है इसी बीच हज़ारीबाग़ से इंडिया गढ़बंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल से कांग्रेस ज़िला कार्यालय में वरिष्ठ नेता व समाजसेवी मुन्ना सिंह ने मुलाक़ात किया एवम् फूल गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने प्रत्याशी जेपी पटेल जी को लड्डू खिलाकर मुबारकबाद दिया और कहा कि भावी समीकरणों को देखते हुए हम निश्चित ही भारी उलटफेर के लिए सजग हैं। उन्होंने आगे कहा कि तीन बार विधायक रह चुके जेपी पटेल जी निश्चित रूप से सबसे प्रबल दावेदार हैं, उन्होंने आगे बताया कि हज़ारीबाग़ विधानसभा में वे और समस्त पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत है और पार्टी के विजन को आमलोगों तक पहुँचा रहें हैं। इस दौरान हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक , कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव , कांग्रेस जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजिद अली, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत समेत सेकड़ो कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग से प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का स्वागत किया।

## सदर अंचल के पूर्व सीईओ शशि भूषण सिंह से डीसी ने पूछा स्पष्टीकरण


उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग –** सदर अंचल के पूर्व सीओ शशि भूषण सिंह से डीसी नैंसी सहाय ने स्पष्टीकरण पूछा है। डीसी कार्यालय ने जिला राजस्व शाखा के ज्ञापांक 669/200 पत्र जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा है। पत्र सीधे शशिभूषण सिंह, तत्कालीन अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग, सम्प्रति अंचल अधिकारी, गोविन्दपुर, धनबाद के नाम पर भेजी गई है जिसमें कहा गया है कि आपके विरूद्ध रंजीत कुमार, पिता लालचन्द साव, ग्राम पोस्ट-बभनवै, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग का परिवाद पत्र प्राप्त है। परिवाद पत्र में वर्णित है कि सदर अंचल अन्तर्गत मौजा बभनवै, थाना-मुफ्फसिल, थाना नं0-252, खाता नं0-28, प्लॉट नं0-985, रकवा-69 डी0 खतियानी भूमि जो परिवादी के पूर्वज स्व0 बोधा महतो वो पनवा देवी के नाम से सर्वे खतियान में हाजा दर्ज है तथा जमाबंदी पंजी द्धद्ध के भौल्यूम नं0-1 पेज नं0-30 पर स्व0 बोधा महतो वो मो0 पनवा देवी के नाम से लगान रसीद वर्ष 2023-24 तक लगातार निर्गत होते चला आ रहा है। उक्त भूमि पर परिवादी रंजीत कमार शांति पूर्वक कायम काबिज वो दखलकार होकर जोत आबाद करते आ रहे है। परिवाद पत्र में परिवादी द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि आपके द्वारा पार्वती देवी पति द्वारिका मिस्त्री को विशेष लाभ पहुँचाते हुए गलत तरीके से नियम विरुद्ध एक बार में ही सन् 1958 से 2024 तक कुल 66 वर्ष का लगान रसीद निर्गत कर दिया गया है। यह कार्य आपके द्वारा राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक से बिना जाँच प्रतिवेदन प्राप्त किये अपने लॉगिन से किया गया है। यह भी उल्लेखित है कि उक्त वर्णित खतियानी भूमि को परिवादी रंजीत कुमार अथवा उनके किसी परिवार द्वारा कभी भी किसी भी प्रकार का निर्बंधित केवाला नहीं किया गया है। यह कृत्य आपकी स्वेच्छाचारिता है। आपके द्वारा यह कार्य किस नियम के तहत किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा यह कृत्य गलत मंशा एवं संबंधित व्यक्ति को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया है।अतः आप उक्त कृत्य एवं लगाए गए आरोपों के संबंध में पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें।

## रेलीगढ़ा में वार्षिक महायज्ञ के लिए हुआ भूमि पूजन



**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत के बाजार स्थित श्री श्री 108 श्री शिव हनुमान, राधा- कृष्ण, राम दरबार वार्षिक महायज्ञ के लिए गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। अवसर पर आचार्य शंकर पांडे के द्वारा मुख्य अतिथि कैलाश कुमार (मैनेजर) के उपस्थिति में पूजन हुआ। यजमान के रूप में दुर्गा शर्मा, रेखा शर्मा, सुदामा शर्मा, प्रमिला देवी, सूरज साव, जानकी साव शामिल थे। महायज्ञ आगामी 9 अप्रैल 24 से जल यात्रा के साथ आरंभ होगी, जो नौ दिवसीय चलने के बाद 18 अप्रैल 24 को भंडारा एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा। अनुष्ठान में प्रवचन कर्ता राम नारायणधारी रामजी दास महाराज के द्वारा किया जाना है। अवसर पर मुखिया गुंजन साव, रवि वर्मा, विकास ओझा (लड्डू) विनीत सोनी, संतोष राउत, राजाराम सिंह, रविंद्र साव, श्याम सुंदर पांडे, सोनू महतो, सुकेश दुबे, सूरज शर्मा, किरण देवी, वर्षा देवी, शोभा कुमारी, मंजू देवी, सिया कुमारी, राम पुकार झा, राजेंद्र यादव, सुभाष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें उपराज्यपाल : महेंद्र कुमार महतो

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि आप पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के उपराज्यपाल तत्काल प्रभाव से उसे बर्खास्त करें यह देश का पहला ऐसे राजनेता और मुख्यमंत्री साबित हुआ है की कुर्सी छोड़ने नहीं चाह रहा है जबकि केजरीवाल को नैतिकता के आधार पर अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए आज तक देश में जितने भी राजनेताओं को या मुख्यमंत्री हो या केंद्रीय मंत्री या फिर राज्य के मंत्री जिनको भी गिरफ्तारी हुई है उन्होंने सबसे पहले अपने पद से त्यागपत्र देकर अपना नैतिकता का परिचय दिया है साथ ही साथ लोकतंत्र को भी बचाने के काम किया है लेकिन केजरीवाल जानते हैं कि अगर हम मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देता हूं तो हमारा जमानत लेने वाला भी कोई सामने नहीं आएगा केजरीवाल विश्व का सबसे बड़ा नटवरलाल साबित हुए हैं और लोकतंत्र में सबसे धोखेबाज नेता साबित हुए।



## सरहुल पूजा को लेकर सरना स्थल में हुई बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को ग्राम कुरसे सरना स्थल में सरहुल पुजा समिति की बैठक किया की गई। सरहुल पुजा सफल बनाने के लिए बैठक की अध्यक्षता फुलेश्वर राम संचालन कर्ता जगन्नाथ मुंडा ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष के लिए बिजय मुंडा रखा गया है। वही 13 अप्रैल को कुरसे सरना स्थल से शोभा यात्रा के लिए भुरकुंडा में थाना पहुंचेगी। इस बैठक में जनार्दन मुंडा, रामदास बेदिया सचिन साहु, शिवलाल बेदिया, जयलाल सिंह, ,अनिल स्वर्णकार, सुरेन्द्र मुंडा,कौलेशवर बेदिया ,अजय तुरी, जगदीश मुंडा, तुलसी बेदिया, रविन्द्र बेदिया, सुनील करमाली,राजमोहन मुंडा,किरषणा बेदिया,महेश सिंह,अजय बेदिया, राजेन्द्र बेदिया,विरेन्द्र मुंडा राजेश्वर सिंह कपूर,हरिचरण करमाली,बिनोद करमाली,भुनेश्वर बेदिया,ईश्वर मुंडा, बंधन पहान आदि उपस्थित थे।

## विपरीत परिस्थितियों के बाद भी पुश्तैनी परंपरा को संजोए रखा है बासुदेव चित्रकार

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत खामारवाद के सालपातड़ा गाँव में काफी कम संख्या में निवास करने वाले जादूपेटिया का जीवन स्तर आजादी के बाद भी सुधर नहीं सका है। गरीबी, अशिक्षा, एंव अपेक्षित सहयोग-मार्गदर्शन के अभाव में आज भी इस जाति के लोग मुख्यधारा से कटे हुए है। बासुदेव चित्रकार एवं देवजीया चित्रकार नें चित्रकारिता या पट् के माध्यम से पेशें को विपरीत परिस्थितियों में भी संजोए रखा है। गौरतलब है कि देवी-देवता,पाप-पुण्य ,धर्म- अधर्म ,सच- झूठ, लोक-परलोक, स्वर्ग-नरक आदि प्रसंग से संबंधित चित्रों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। इसके तहत सही रास्ते पर चलने का लाभ,धर्म-कर्म के मूलतत्व,अधर्म के रास्ते पर चलने पाप के भागीदार बनने तथा पाप की सजा भुगतने ,यमलोक में जीवों के कर्म का विचार आदि धार्मिक एवं ज्ञानवर्धक बातों जानकारी दी जाती है। जादुपेटिया झारखंड की लोककला में से एक है। इसे विशेष जनजाति के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। मगर अब स्थिति ऐसी है। कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में 2-3 से भी कम कलाकार बचें है जो जादुपेटिया कला को बचाकर रख रहे है। वर्षो पहले आदिवासी गाँव- गाँव में जादूपेटिया के चित्र जादु की लोकप्रियता जिस तरह थी वर्तमान समय में वैसी लोकप्रियता तीव्र गति से घटने लगी है। नतीजतन दूसरों का मनोरंजन करने वाले जादूपेटिया स्वंय भूखे रह जाते है। लोगों को ज्ञान और मनोरंजन बांटने वाले को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है,जिससे जीवन दशा में सुधार नहीं होता है। विरासत में मिली पारंपारिक चित्र संगीत के माध्यम से औरों को मनोरंजन कराने की कला भी अब दम तोड़ने लगी है। इस पेशे के संबंध में बासुदेव चित्रकार बताते है। कि प्रखंड एवं आसपास क्षेत्र में चित्रकार यानि जादुपोटिया की आबादी है। लेकिन वे मुख्य पेशा को मजबूरीवश छोड़कर जीविका के लिए भिन्न-भिन्न कार्य में जुटे हुए है। उन्होंने कहा है कि सरकार ,समाज एंव सामाजिक संस्थाओं के द्वारा अगर हमारे जीवन शैली और पेशा को प्रोत्साहित किया जाता तो इस पेशे में निखार आने के साथ-साथ समाज में औरों की तरह अभिन्न अंग साबित होता ।जामताड़ा जिले में लगभग 10 गाँव है।जादुपेटिया समुदाय के लोग दो गांव सालपातड़ा और मुड़ाम में ही पट् के 2-3 ही कलाकार मिलते हैं.यहीं जानकारी मिलती है कि जिला जामताड़ा में इस समुदाय के लोगों की बसाहट करीब 9-10 गांवों में हैं. केंदवाड़ाड,आसनबेड़िया,भागा टेसजोड़िया, कुसमा, नावासार, पिपला, गांगुडीह ,नावाडीह आदि नाम वाले गांवों में लेकिन सालपातड़ा और मुड़ाम को छोड़ 10 गांव लगभग अपने इस पारंपरिक पेशे से तौबा कर चुके हैं.इन दो गांवों में ही यह कला आखिरी सांस लेते हुए जिंदा बची हुई है आदिवासीयों एवं लोगों को दिखने के लिए जादुपोटिया के पास चित्रकला पट् दस है।जगन्नाथ पट्, जम पट्, संथाल जन्म पट्, छटयर विनिती, चखु दान, कृष्ण पट्, ताराकरण पट् है।



# कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में वोटर अवेयरनेस फोरम की हुई बैठक। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया की आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु 48 वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है जो मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा की अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच वोटर हेल्पलाइन ऐप के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम के सभी सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में किसी भी मतदाता तथा उनके परिजनों के नाम की जांच करने हेतु प्रोत्साहित करने और जो मतदाता किसी अन्य राज्य के हैं और संबंधित लोकसभा क्षेत्र में रह रहे हैं जिनका मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नहीं बना है वह वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फार्म 6 भर कर निवास कर रहे लोकसभा क्षेत्र में अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं साथ ही किसी मतदाता परिवार के किसी सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें तत्काल वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से प्रपत्र 6 भरकर मतदाता के रूप में उन्हें निबंध करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन के दौरान सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों का अपने मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी संस्थान सरकारी या गैर सरकारी मतदान के लिए छुट्टी में गए कर्मियों के वेतन में कटौती नही कर सकती है । अगर ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित संस्थान पर ईसीआई के निर्देशानुसार सेक्शन 135क के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों व पदाधिकारी को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को सक्षम ऐप के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सक्षम ऐप के माध्यम से वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन सभी मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप में फॉर्म भरने के उपरांत उन सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पहुंचाने हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरणों या संसाधनों से मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। अगर कोई भी मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हो तो उस मतदाता का डिटेल सक्षम ऐप में भरने की अपील की।

## बिना लाइसेंस विदेशी शराब का भंडारण एवं बिक्री के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ के वेस्ट बोकारो ओ0पी0 अंतर्गत ग्राम सोनडीहा स्थित जगदीप लाईन होटल में अवैध शराब की बिक्री एवं भण्डारण जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार द्वारा वेस्ट बोकारो ओ0पी0 प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर सतत् रूप से छापमारी अभियान चलाने हेतु निर्देश दिया गया। प्राप्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा जगदीश लाइन होटल में छापामारी किया गया तो पुलिस बल को देख होटल में बैठकर शराब पी रहे लोग भाग गए। गठित टीम के द्वारा उक्त होटल की तलाशी ली गयीं तलाशी के क्रम में अवैध रूप से रखे 1. किंगफिसर बियर 86 बोतल 2. मैक ड्रवेल्स 25 बोतल (180 एम एल ) बरामद किया गया। इस संबंध में जगदीप लाइन होटल के संचालक प्रदीप प्रसाद पिता स्व0 डालेश्वर महतो से पूछताछ करने पर उनके द्वारा शराब के संबध में किसी प्रकार का कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त अभियुक्त को अवैध रूप से बिना लाईसेस के विदेशी शराब का भण्डारण करने तथा बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार कर अग्रीम कार्रवाई किया गया।इस छापेमारी में बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## खुदरा सब्जी विक्रेता संघ द्वारा बंद पड़े प्याऊ टंकी को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु मांग पत्र सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी अधिशाषी अधिकारी, छावनी परिषद रामगढ़ कैंट को गुरुवार को खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल और कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी के द्वारा छावनी परिषद के द्वारा न्यू बस स्टैंड में आम जनता के लिए पीने के पानी हेतु बंद पड़े पिवाऊ टंकी को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु मांग पत्र सौंपा द्य नीरज कुमार मंडल अध्यक्ष खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट ओर संजय चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष ने मांग पत्र सौंप कर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि छावनी परिषद रामगढ़ कैंट के द्वारा न्यू बस स्टैंड छावनी जेनरल अस्पताल के समीप आम जनता के हित के लिए पीने की पानी की एक पानी टंकी की निर्माण करवाई गई थी । जो कि कई दिनों से खराब ओर बंद पड़ी हुई है । चूंकि बस स्टैंड ओर छावनी अस्पताल होने के कारण यहां प्रति दिन हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं जो कि अब भीषण गर्मी की आहट भी हो चुकी है और लोग पीने की पानी को लेकर यहां वहां भटकते रहते हैं । जिनके पास समर्थ है वह तो पानी की बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझा लेते हैं लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग पीने के पानी को भी तरस रहे हैं । मौके पर अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल ने कहा की बंद और खराब पड़े पीने की पानी की टंकी की पीवाऊ की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए आम जनता के लिए सुचारू से चलाने की कृपा करें । ताकि आम जनमानस को छावनी परिषद के द्वारा लगाई गई प्याऊ की व्यवस्था की लाभ मिल सके । मांग पत्र सौंपने वालों में खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल , कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी , सचिव संजय कुशवाहा , नंदु महतो मोजूद थे।



## श्री श्री रामनवमी महासमिति कार्यालय का हुआ उदघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार संध्या रामगढ़ चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में श्री रामनवमी पूजा महासमिति कार्यालय का उद्घाटन दर्जनों रामभक्तों की उपस्थिति में नवनयूक्त अध्यक्ष दीपक मिश्रा के हाथों रिबन काट कर एवं प्रभु श्रीराम की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया।उक्त बातों की जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने बताया की कार्यकालय उद्घाटन के बाद आयोजित बैठक का मंच संचालन राजेश ठाकुर ने किया जिसमे दीपक मिश्रा ने अपने कमिटी विस्तार करते हुए सभी पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा की इस बार कमिटी में महारामनवमी पूजा के तहत रामगढ़ में आयोजित होने वाली मंगला जुलूस एवं शोभा यात्रा में जिले के सभी अखाड़ों एवं पूजा समितियों एवं मातृशक्ति प्रमुख के रूप में मधु गुप्ता, सिंधु झा,गीता मेहता सहित सभी रामभक्तों का समन्वय किया गया है साथ अगर कुछ नाम छूट गए होंगे तो उन्हे भी आगे चलकर समाहित कर लिया जाएगा।बैठक में शामिल पदाधिकारियों में मुख्य रूप से महासचिव तुलेश्वर पासवान संरक्षक अनमोल सिंह,डॉक संजय सिंह, विजय जयसवाल,रॉबिन गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख सिंधु झा,उपाध्यक्ष विशाल जयसवाल, सौरव जयसवाल, संजय बनारसी, नीरज मंडल इत्यादि पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी।अध्यक्ष द्वारा जारी की गई 141 सदस्यीय सूची में महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटन सिंह, छोटू वर्मा ,उपाध्यक्ष विशाल जयसवाल,ब्रजेश पाठक, अरुण महतो, प्रवीण सोनू, बीजू गोयनका, शिवकुमार महतो, प्रभात अग्रवाल, विनय शर्मा, रवि मिश्रा, सौरव जयसवाल,आनंद बरेलिया, सुरेंद्र महतो, दीपक साव, विक्की चंद्रवंशी, पंकज भारती, धर्मेंद्र साव भोपाली, विनोद मिश्र, दिनेश सिंह, रविंद्र शर्मा, रॉबिन गुप्ता,रमेश महतो, वरुण सिंह, चंदन मुंडा, प्रकाश मिश्र, महेंद्र मुंडा, राजेश गोयनका, रंजित पांडे, दीनदयाल कुमार, राजीव जयसवाल, श्याम शर्मा, अरुण अग्रवाल, दुर्गा विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा, अमित सिन्हा, संजय बनारसी, भगवान प्रसाद, डॉ संजय सिंह,दीपक सोनकर, पंकज महतो शामिल हैं। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों में बलराम प्रसाद कुशवाहा,विनय सिंह,सहदेव ठाकुर,रवि गुप्ता, मोहन पांडे, बलजीत सिंह बेदी, व्यास शर्मा, बुल्लू देवघरिया,मुन्ना जी, विरेंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, संजय शुक्ला, विनीत शर्मा, अनुज कुमार, राजेश राय, झूलन अग्रवाल,योगेंद्र सिन्हा, रितेश कश्यप, मनोज सिन्हा, अशोक मेहता,अयोध्या वर्मा,पंकज सिंह, रवि शेखर सिंह, हरेंद्र राय,जोगेंद्र ओझा जैसे सम्मानित लोगों को जगह दी गई है।

## वैष्णो देवी ज्वेलर्स के मालिक का शव फंदे से लटका मिला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शहर के झंडा चौक में माता वैष्णो देवी मंदिर के निकट स्थित मां वैष्णो देवी ज्वेलर्स के 40 वर्षीय मलिक बैजू कुमार का शव फंदे से लटका हुआ गुरुवार के अपराह्न चाचा कैलाश साहू के आवास में मिला है। वही बैजू कुमार के घर के लोगों का कहना है कि बैजू कुमार की हत्या कर दी गई है। इस घटना की सूचना मिलने पर रामगढ़ थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही रामगढ़ थाना पुलिस ने बैजू कुमार के चाचा कैलाश साहू एवं अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार बैजू कुमार के अपने चाचा कैलाश साहू ने घर के आवाज में ?12 लाख लिए । उसके बाद बैजू के घर को रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया । बैजू बार बार अपने चाचा कैलाश साहू से आगरा कर रहा था कि आप चलकर रजिस्ट्री करवा दीजिएद्य लेकिन कैलाश साहू रजिस्ट्री करने से इनकार करते रहेद्य अपने चाचा के इस गतिविधि से बैजू कुमार काफी नाराज चल रहा थाद्य बैजू गुरुवार को फिर एक बार अपने चाचा के घर पारसोतिया गया। वहां उसने अपने चाचा कैलाश साहू से घर को रजिस्ट्री करने के लिए कहाद्य इसके बाद की क्या घटना घटी लोगों को पता नहीं चला। अपराह्न 3ः00 बजे के लगभग कैलाश साहू की बहू ने बैजू कुमार के घर में फोन कर कहा कि हमारे घर के नीचे बैजू कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इसके बाद तत्काल लोगों ने इस बात की जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दिया। घर के लोगों ने पुलिस को बताया कि उन्हें उम्मीद है की बैजू कुमार की हत्या कर दी गई है। हत्या के बाद उसके शव को फांसी के फंदे में लटका दिया गया है । इस आप के बाद रामगढ़ थाना पुलिस ने कैलाश साहू एवं उनके घर के सभी सदस्यों को अपने हिरासत में ले लिया है।

## होली महोत्सव को लेकर बुधबाजार गिद्दी में मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** रंगों का त्योहार होली महोत्सव को लेकर बुधबाजार गिद्दी ए में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन बीते वर्ष की भांति किया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन सिंह उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में युवा सदस्यों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें मटका फोड़ प्रथम बुधबाजार आदर्श क्लब, द्वितीय बिरसा क्लब रेलीगढ़ा, तृतीय बीएके क्लब रहा। जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता शांतिपूर्ण संपन्नता पर आयोजकों ने सभी को धन्यवाद और शुभकामनाएं दिया। साथ ही प्रत्येक वर्ष होली महोत्सव के पश्चात इसी प्रकार मटका फोड़ प्रतियोगिता करने पर जोर दिया गया। थाना प्रभारी कुंदन सिंह ने रंगों के त्योहार मटका फोड़ प्रतियोगिता पर सभी को बधाई देते हुए होली का त्योहार अनेकता में एकता का रूप होने को बताया, कहा कि पूर्व समय से ही होली एक अद्भुत महोत्सव रहा है, जिसमें हर कोई हर प्रकार के गमो को भूलकर आगे बढ़ने की सोचता है, प्रतियोगिता में आयोजन के अध्यक्ष अनमोल सिंह, सचिव नितीश कुमार, श्रमिक नेता अरुण कुमार सिंह, अजय कुमार, बबलू पांडे, रणधीर सिंह, रमेश राजभर, विकास सिंह, सुनील कुमार, मणि पांडे, विकास कुमार, योगेश मिश्रा, जयनाथ प्रसाद, बिदेश्वरी सिंह, दिलीप तिवारी, केपी मेहता, आकाश सिंह, संजय प्रजापति, गोलू कुमार, राजेश यादव, रोहित सिंह, अनुपम सिंह, अविनाश, शिव दास, संतोष यादव सहित दर्जनों आयोजक समिति सदस्य व लोग उपस्थित थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा गुरूवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर गांव गांव घूम घूम कर मतदान करने हेतु अपील की।

# जय प्रकाश भाई पटेल एवं राम टहल चौधरी को दी गई बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को कॉंग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी जाहिर किया एवम प्रत्याशी को बधाई दिया।वही प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल के उम्मीदवार होने से ही मात्र हजारीबाग लोकसभा सीट पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो गई।वही रांची लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रहे राम टहल चौधरी का कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया।आगे पटेल ने कहा कि झारखंड के इन दो मॉस लीडर के कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने से रांची और हजारीबाग ही नहीं पूरे झारखंड में कांग्रेस पार्टी मजबूत मिलेगी।बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ.के के शर्मा, गंगाधर कुशवाहा,अनिल कुमार, कमलेश राम,बलदेव राम, संजीव सिंह,धनंजय सिंह मो.मुख्तार अंसारी, इमरान अंसारी,लखन राम, ओमप्रकाश राम,शिव कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर मांडू प्रखंड के असमी टोला में हुआ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर स्वीप÷ अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर मांडू प्रखंड के असमी टोला में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। इसी क्रम में आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर मतदान करने हेतु अपील की। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की निर्देशानुसार महिला मतदाताओं को मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

## जय प्रकाश को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने के निर्णय का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को कॉंग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर गुरुवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी जाहिर किया एवम प्रत्याशी को बधाई दिया । वही प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल के उम्मीदवार होने से ही मात्र हजारीबाग लोकसभा सीट पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो गई है और कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस में उत्साह का माहौल है । वही गुरुवार को रांची लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रहे राम टहल चौधरी का कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत है । पटेल ने कहा कि झारखंड के इन दो मॉस लीडर के कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने से रांची और हजारीबाग ही नहीं पूरे झारखंड में कांग्रेस पार्टी मजबूत मिलेगी और इसका लाभ राज्य की अन्य सीटों पर भी मिलेगा । नतीजन कांग्रेस पार्टी राज्य के अधिकांश सीटो पर जीतेगी । बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ,वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ. के के शर्मा ,गंगाधर कुशवाहा ,अनिल कुमार ,कमलेश राम ,बलदेव राम , संजीव सिंह , धनंजय सिंह मो. मुख्तार अंसारी ,इमरान अंसारी ,लखन राम ,ओमप्रकाश राम ,शिव कुमार आदि उपस्थित थे।

# रोजा जहन्नम से बचने की ढाल है : मौलाना शाहिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिजुआ :** जामा मस्जिद भद्रीचक सिजुआ के इमाम व खतीब मौलाना गुफरान शाहिल नदवी ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान-उल-मुबारक का महीना मुसलमानों के लिए अल्लाह तआला का बहुत बड़ा इनाम है। अल्लाह तआला ने कुरान शरीफ के सुरह बकरा के अंदर इस मुबारक महीना के तजकिरा बड़े एहतेमाम से किया है। अल्ला तआला ने अपने बंदों को बताया है कि ए मेरे बंदों ऐसा नहीं है कि रोजा सिर्फ तुम ही रख रहे हो, बल्कि पहले भी लोग रोजा रखते आए हैं। ताकि तुम परहेजगार और बुराइयों से बचने वाले बन सको। रोजा अमली तौर पर हमें मशक कराता है कि सिर्फ दिन भर नहीं रुके रहना, खाने पीने से बल्कि जिस तरह हम अपने अल्लाह के हुकम पर एक हलाल और जाइज चीज यानी खाने पीने को छोड़ देते हैं, तो जरूरी है कि हम इसी तरह अल्लाह के हुक्म को मानते हुए हर गंदे और बुरे काम को छोड़ दें। यानी झूठ न बोलें और न सुने, गलत न देखे, एक दूसरे की बुराई न करे, किसी पर गलत इल्जाम न लगाए, किसी पर जुल्म न करे, हाराम माल यानी सूद और रिश्वत वगैरह से बचें, किसी का माल गलत तरीके से न हड़पे। अल्लाह के प्यारे नबी ने हमें बताया कि रोजा दोजख यानी जहन्नम से बचाने के लिए ढाल है। इसलिए रोजेदार न गंदी बाते करें और न जहालत की बातें करे। अगर कोई उससे लड़े या उसे गाली दे तो उसका जवाब सिर्फ यह होना चाहिए कि मैं रोजे से हूं।

# रेजिडेंशियल सोसायटी के सदस्य 25 मई को चुनाव में निभाए अपनी जन भागीदारी : उपायुक्त

## 100 प्रतिशत वोटिंग करने वाली रेजिडेंशियल सोसायटी को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित

- *25 मई को अपने घरों से निकालकर जरूर करें मतदान।*
- *मजबूत लोकतंत्र गठन के लिए एक-एक वोट महत्वपूर्ण।*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने न्यू टाउन हॉल में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर उनसे 25 मई को, मतदान के दिन, मजबूत लोकतंत्र के गठन में अपनी जन भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सही मायने में जिंदा रखना और मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है। साथ ही कहा कि 100 प्रतिशत मतदान करने वाली सोसायटी को जिला प्रशासन सम्मानित करेगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी सोसायटी वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करें। इसके बाद सोसाइटी के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर प्रपत्र 6 भरकर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन करे। सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दे। विभिन्न तरह की स्वीप एक्टिविटी का आयोजन करे। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में है परंतु एपिक कार्ड नहीं है तो आयोग द्वारा दर्शाए गए अन्य 12 प्रकार के आई कार्ड से भी वे मतदान कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी से 25 मई 2024 को अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के गठन में आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान दिवस छुट्टी का दिन नहीं है। घर से बूथ की थोड़ी दूरी, बूथ पर थोड़ी सी कतार देखकर मतदान नहीं करने की मानसिकता को बदलना है। हर जिम्मेदार एवं पढ़े-लिखे नागरिक के लिए मतदान करना उनका कर्तव्य है। इस अवसर पर धनबाद के चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर ने भी लोगों से मतदान करने की अपील की। वहीं पीडब्ल्यूडी आइकॉन प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि जब हम जैसे दिव्यांग वोट करने जा सकते हैं तो आप लोगों को भी वोट करने के लिए अवश्य जाना चाहिए। बैठक के दौरान मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण ने वोटर अवेयरनेस फोरम एवं वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से अजय नारायण लाल, महेंद्र चौहान, रीता चावड़ा, भरत दोशी, नितिन पटेल, चेतन दोशी के अलावा विभिन्न सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।




## विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत पॉल उच्च विद्यालय औरा में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रबंधन की ओर से किया । वहीं छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया जिसमें सोलर शिष्टम सिंचाई से संबंधित मॉडल सड़क सुरक्षा पर्यावरण स्मार्ट सीटी जैसे मॉडल बच्चों ने बना अपनी प्रतिभा को निखारा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद सिंह उपस्थित होकर स्कूली बच्चों का हौसला को आफजाई किए वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड प्रमुख आशा राज भी कार्यक्रम में पहुंचे और छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत मॉडल को अवलोकन किए और बच्चों के इस प्रदर्शनी कार्य का सराहना कि वहीं उन्होंने कहा कि बीच-बीच में बच्चों के बीच इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से उसका बौद्धिक, मानसिक के साथ व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए बच्चों को भी चाहिए कि इस तरह का कहीं भी कार्यक्रम आयोजित होता है उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी निभानी चाहिए। वहीं निर्णायक मंडल को प्रस्तुत प्रदर्शनी में भाग लिए प्रतियोगियों के पुरस्कार विजेताओं का चयन करने में काफी जद्दोजहद करना पड़ा जिसमें कई अन्य स्कूल के शिक्षक शामिल थे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को विधायक विनोद कुमार सिंह प्रमुख आशा राज संत पॉल स्कूल के निर्देशक हाफिज अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने मेंडल मोमेन्टम देकर बच्चों को सम्मानित किया गया इस मौके पर बेको पश्चिमी पंचायत समितियों प्रतिनिधि इस्तियाक अंसारी संस्कार स्कूल के निर्देशक दिनेश साहु आर्दश उच्च विद्यालय के शिक्षक अरविन्द साहु स्कूल प्रबंधन परिवार सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चे व अभिभावक शामिल थे।

## श्री श्री चैती दुर्गा पुजा सह रामनवमी हनुमान पुजा समिति मंझिलाडीह के अध्यक्ष के रूप में तीसरी बार चुने गए दुर्गेश कुमार



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री चैती दुर्गा पुजा सह रामनवमी हनुमान पुजा के सफल आयोजन हेतु दुर्गा मन्दिर मंझिलाडीह के प्रांगण मे ग्रामीणों की एक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई, बैठक मे हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी धूमधाम से पूजा आयोजन का निर्णय लिया गया, मौके पर इस वर्ष के लिए पूजा कमिटी का गठन किया गया, जिसमे एक बार फिर जिला परिषद सदस्य दुर्गेश कुमार को अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया, बता दें कि तीसरी बार जीप सदस्य को पूजा कमिटी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है, वहीं सचिव मोतीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष शंकर साव,उपाध्यक्ष कृष्ण देव प्रसाद साहू,उप सचिव रिंटू साव,उप कोषाध्यक्ष बबलू साव,सह सचिव रोहित मिस्त्री,सरंक्षक लक्ष्मण मिस्त्री,जय प्रकाश राम व मीडिया प्रभारी अजीत कुमार शर्मा बनाए गए, इसके साथ ही 51 सदस्यों का भी चयन किया गया है, मौके पर अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने कहा की इस बार मेला का भव्य आयोजन होगा, जिसमे विधि व्यवस्था हेतु प्रशासन के साथ साथ स्थानीय लोगो का भी सहयोग पुजा कमिटी को प्राप्त होगा, साथ ही हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सभी के सहयोग से शांति पूर्वक हर्षोउल्लास व धूम धाम से पुजा मनाई जाएगी, पूजनोत्सव के दौरान नशा किये हुए व्यक्ति को मन्दिर मे या मेला मे प्रवेश निषेध रहेगा, साथ ही पूरे गाँव मे शराब व माँस मदिरा पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, बैठक मे पुजा कमिटी के तमाम सदस्यों के साथ साथ संतोष कुमार, राजू साव, सुजीत कुमार शर्मा, गंगा शर्मा, कैलाश साव, सरयू साव, मदन भुइयाँ, तुलसी राम, सतेंदर राम, भोला राम, राजेश महतो, मनोज महतो, कपिलदेव शर्मा, गुप्ता जी, गगन कुमार, राजश्री वर्मा, हिरालाल राम, संदीप शर्मा, कारू मिस्त्री, गगन कुमार,सूरज राणा, रंजीत कुमार, ललन राणा, बिनोद बिहारी शर्मा, अजित कु.शर्मा, महेंद्र मंडल, संजय साव, काकु, नीतीश राणा, रवि शंकर प्रसाद, कौलेश्वर राणा, राजकुमार साव, सुरेश मिस्त्री,संजय राणा, रोहित राणा, बलदेव साव,सहदेव भुइयाँ समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## कतरास में एचडीएफसी बैंक का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** कतरास राजगंज रोड एलआईसी कार्यालय के निकट गुरुवार को एचडीएफसी बैंक कतरासगढ़ शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल धनबाद के अध्यक्ष चेतन गोयंका ने फीता काटकर किया। गोयंका ने कहा कि एचडीएफसी बैंक, कतरास के व्यापारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कतरास में बैंक खोले जाने पर बैंक अधिकारियों को बधाई दी। मौके पर कांग्रेसी नेता अशोक लाल, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह, एरिया हेड मनोज रजक, सेल्स मैनेजर तापस दास, विराली दोशी, साजिद परवेज, संजीत कुमार, उदय वर्मा, सुषमा वर्मा, प्रीति वर्मा, रणधीर बर्मन, अनूप मित्तल, उत्कर्ष वर्मा, हरिश्चंद्र गुप्ता, किशन खंडेलवाल, शिल्पी शर्मा, सुब्रत लाल, राजू शर्मा, श्याम किशोर, अमित सिंह, मेवा लाल स्वर्णकार, मनोज गुप्ता, हरि अग्रवाल, विष्णु चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि शरद महतो, मुखिया संघ के सचिव समीर लाल, मुखिया संघ के अध्यक्ष धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# असर्फी अस्पताल में स्कल की हुई जटिल सर्जरी, स्वस्थ होकर मरीज अपने घर लौटी

## जांघ के मांस व चर्बी को कपाल में फिट कर मरीज की बदली जिंदगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी अस्पताल में एक महिला की कपाल (स्कल बेस) की दुर्लभ एंडोस्कोपिक सर्जरी की गई। सर्जरी असर्फी अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. विवेक डोकानिया के नेतृत्व में उनकी टीम ने की। जिस महिला की सर्जरी की गई वह धनबाद के छाताबाद निवासी है तथा उनकी आयु 36 वर्ष है। डॉ. विवेक डोकानिया ने बताया कि महिला के दिमाग का पानी नाक से निकल रहा था। झुकने पर पानी और ज्यादा बहने लगता, जिससे वह परेशान रहती थी। अस्पताल आने पर उनकी जांच शुरू हुई। कपाल (स्कल बेस) का सीटी स्कैन किया गया तो सीएसएफ रोइनोरिया नामक बीमारी निकली, जिसके वजह से कपाल के आंतरिक हिस्से में 1 सेंटीमीटर छेद हो गया था, जिससे दिमाग का पानी नाक होकर निकल रहा था। ऐसी स्थिति में सर्जरी करना जरूरी हो जाता है। सर्जरी नहीं करने पर मरीज के दिमाग में इन्फेक्शन का खतरा बना रहता है। डॉ. डोकानिया ने बताया कि मरीज की बिना चीर-फाड़ दूरबीन डालकर एंडोस्कोपिक सर्जरी की गई और छेद को ग्लू (विशेष प्रकार की जैविक गोंद) से बंद कर जांघ से मांस और चर्बी का टुकड़ा लेकर चिपका दिया गया, जिससे पानी निकलना बंद हो गया।

# महुदा के कुंजी आदिवासी टोला में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सरहुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेलमोचो पंचायत के कुंजी आदिवासी टोला में सरहुल पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी आदिवासी महिला पुरुष बच्चो को उपस्थिति में पूरे गांव का नगाड़ा गाजे बाजे के साथ भ्रमण किया गया।

लोगो ने बताया की यह हमारा संस्कृति है परंपरा के अंतर्गत यह कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। देर रात तक सभी ग्रामीण एक साथ मिलकर अपनी संस्कृति का प्रस्तुत किया।

# महाप्रबंधक ने यात्रियों से बातचीत की और फीडबैक लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंधक किए गए हैं । महाप्रबंधक तरूण प्रकाष द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है । इसी क्रम में महाप्रबंधक ने आज संध्या पटना जंक्षन पहुंचकर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित उपलब्ध करायी जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन स्थित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली नियंत्रण कक्ष (सीसीटीवी कैमरा का कंट्रोल रूम), यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, पे एंड यूज आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने पटना जंक्षन पर यात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक लिया। उन्होंने पटना जं. पर नई दिल्ली जा रही संपूर्ण क्रांति के यात्रियों से भी बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधा के लिए निरंतर चैकस रहने का निर्देष दिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने पटना जं. पर उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि होली के उपरांत स्टेषनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा भीड़ प्रबंधन तथा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु कई कदम उठाए गए हैं । नई दिल्ली, मुंबई, पुणे, सूरत, सिकंदराबाद, कोटा, जयपुर, जोधपुर, रांची, टाटा आदि स्टेशनों के लिए पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेषनों से स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इस साल होली के दौरान 75 जोड़ी स्पेषल ट्रेन चलायी गयी । इन स्पेषल ट्रेनों द्वारा 317 फेरे लगाये जाएंगे । इन स्पेषल ट्रेनों द्वारा लगभग 05 लाख अतिरिक्त सीटें उपलब्ध करायी गयी हैं । होली के उपरांत अब तक पूर्व मध्य रेल द्वारा बिहार से देष विभिन्न शहरों के लिए होली स्पेषल ट्रेनों के 100 फेरे लगाए जा चुके हैं तथा प्रतीक्षा सूची और भीड़ पर नजर रखा जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार और स्पेषल ट्रेन चलायी जा सकती है । यात्रियों की सहायता हेतु प्रमुख स्टेषनों पर ''मे आई हेल्प यू/हेल्प डेस्क'' एवं मेडिकल बूथ बनाए गये हैं जहां संबंधित विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी आवष्यक जानकारी के साथ निरंतर ड्यूटी पर तैनात हैं।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत बगोदर व जमुआ प्रखंड में मतदाता जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बगोदर व जमुआ प्रखंड के विभिन्न क्लस्टरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया।

मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –21 वर्ष 2023–2024

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि एवं समय : दिनांक: **04.04.2024** को अपराह्ण **1:00** बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **05.04.2024** को अपराह्ण **3:00** बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: **05.04.2024** को अपराह्ण **3:30** बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Structural work for the Construction of Storng Room & Counting Hall at Birsa College Khunti, Dist Khunti on the eve of Parliament Election 2024. | 45,78,400.00 | 5,000.00 | 91,600.00 | 01 Month |

नोट:- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 323430 Building (23-24)_D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय :– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा।**
**(MCMC कोषांग)**

एतद् द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification & Monitoring Committee - MCMC) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में किया गया है।

- यह जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) जिला जनसम्पर्क कार्यालय (सूचना भवन), कोडरमा में कार्यरत्त है। जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) प्री–सर्टिफिकेशन का कार्य करेगी तथा पेड न्यूज पर कडी निगरानी रखेगी।
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के सामाग्री के प्रसारण के पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से पूर्वानूमति आवश्यक होगी।
- कोई भी राजनितिक दल/प्रत्याशी/कोई व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह/एशोसिएशन/ ऑर्गनाईजेशन/ट्रस्ट अगर इलेक्ट्रानिक मीडिया पर कोई भी विज्ञापन का प्रसारण करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। पजीकृत (Registered) राजनीतिक दल के प्रत्याशी को विज्ञापन प्रसारण की तिथि से तीन दिन पूर्व एवं संगठन, अपंजिकृत (Unregistered) राजनीतिक दल, व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के सात दिन पूर्व Media Certification and Monitoring Committee से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु (MCMC) द्वारा Pre-Certification अनिवार्य होगा। इसके लिए विज्ञापन प्रसारण तिथि से कम से कम दो दिन पूर्व MCMC को आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज– 1. आवेदन प्रपत्र 2. दो–दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन का हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी 3. दो स्व–अभिप्रमाणित प्रति हार्ड कॉपी 4. प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत 5. विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगी, उनकी विवरणी।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 323402 Election(23-24)D



**Office of the Executive Engineer**
**R.C.D, Road Division, Garhwa**

**CORRIGENDUM**

In partial modification of Tender Reference No.-RCD/Garhwa/279/2023-24 Date:-23.02.2024 [PR 320251 Road(23-24):D] under Road Division, Garhwa may be read as follows :-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Widening, Strengthening & Reconstruction work of Nagaruntari (NH-75) to Rohinian via Garbandh Road (Total Length 15.740 km.) under Road Division, Garhwa |
| Corrigendum Title | Changes in Following Dates |
| Corrigendum Detail | **Please read followingchanged date.** |

| | |
|---|---|
| Bid Submission Close Date | **10-04-2024** (12.00 Noon) |
| Date & Time of opening of technical bid | **12-04-2024** (12.30 A.M.) |

PR 323382 Road (23-24)_D

**Executive Engineer**
**R.C.D,Road Division, Garhwa**



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
**Ph. No.: +91-651-2225878 e-mail Id-juidcolimited@gmail.com**
**CIN: U45200JH2013SGC001752,**

Project Name: **Construction of Townhall at Adityapur Municipal Corporation, Jharkhand.**
NIT No.: **JUIDCO/NIT/TH/Adityapur/2024/603**
PR. No.: **321460** Tender ID: **2024_UDD_85174_1**
This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Construction of Townhall at Adityapur Municipal Corporation, Jharkhand".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum - 1**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | Description | As per Tender Document | As per Corrigendum - 1 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date/Time for submission of online bids | 26.03.2024 17:00 Hrs. | 04.04.2024 17:00 Hrs. |
| 2. | NIT | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Online) | 26.03.2024 17:00 Hrs. | 04.04.2024 17:00 Hrs. |
| 3. | NIT | Date & Time of Online Bid Opening | 27.03.2024 17:30 Hrs. | 05.04.2024 17:30 Hrs. |

Note: Other terms and conditions remain unchanged.

PR 323357 Urban Development and Housing(23-24)D

**Sd/- Project Director (Technical) JUIDCO Ltd.**

# डीसी और एसपी सिमडेगा ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत सचिवालय परिसर में सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक ग्रामीणों के समक्ष मतदान करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया । इस दौरान मतदान को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में ओडगा पंचायत के बुथ संख्या 125 मे पिछले चुनाव में बहुत कम 47 प्रतिशत मतदाता के द्वारा ही मतदान किया गया,जो बहुत चिंता का विषय है, उन्होंने कहा अबकी बार 80 प्रतिशत से अधिक मतदान करना है, इस दौरान उन्होंने और भी मतदान केन्द्रों में किए गए मतदान के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए लोकतंत्र के मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान कम मतदान को लेकर ग्रामीण मतदाताओं ने भी अपने अपने सुझाव साझा किये। इस दौरान जिला के एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया गया है, किसी तरह की समस्या या घटना होती है तो तत्काल उक्त नंबर पर कॉल करें, पुलिस आपकी सेवा में हाजिर हो जाएगी । कार्यक्रम पूर्व मंचासीन उपायुक्त, एसपी के अलावे उपस्थित अधिकारीयों पदाधिकारीयों का स्वागत माल्यार्पण कर महिला समूह की महिलाओं ने किया। मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, ओडगा ओ पी प्रभारी जितेंद्र कुमार, पंचायत सचिव वंदना उरांव, रोजगार सेविका सीता देवी, इंजीनियर सोनू नायक, ओडगा मुखिया मुकुट समद, कुटुंगिया मुखिया जानकी देवी, ओडगा पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो, महिला मंडल की महिलाएं, सहिया, बी एल ओ, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## नहीं थम रहा जंगली हाथीयों का तांडव, हर दिन उजड़ रहा हाथी प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के राजस्व ग्राम टाटी नवाटोली में अहले सुबह लगभग 5 बजे अचानक झुण्ड से बिछड़े जंगली हाथी आ पहुंचा। हाथी के आने के पूर्व ही 4 बजे बानो प्रखण्ड का केबेटांग गांव के ग्रामीणों के द्वारा फोन के माध्यम से टाटी के ग्रामीणों को सुचना दिया गया कि हाथी को टाटी की ओर खदेड़ दिए हैं। फिर इसकी सूचना सभी गांव वालों को दिया गया। टाटी के ग्रामीण तैयारी कर ही रहे थे तब तक बानो के केबेटांग से बिंतुका टुड़यू होते हुए देव नदी पार कर तुरंत टाटी के नवा टोली पहुंच कर बिरसा बुढ़ का घर को तोड़ कर एक बोरा धान को निकाल कर खा गया। तत्पश्चात टाटी नवा टोली निवासी प्रकाश लुगुन का तिरपाल से बना घर को अपना निशाना बनाया। प्रकाश लुगुन का घर को पिछले सप्ताह शनिवार को भी एक बोरा चावल खाया था। दुबारा आज बचा हुआ चावल को खा गया। दोनों परिवार का कुछ सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़ित परिवार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा हाथी को हुटुबदा की ओर खदेड़ दिया गया।

## अवैध बालू ढुलाई के विरुद्ध पुलिस की कारवाई, दो ट्रैक्टर जब्त




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू परिवहन मामला में प्रशिक्षु डिएसपी अमित कुमार सिंह ने कारवाई करते हुए बालू लदा दो ट्रैक्टर को एकागुड़ी रियाडा के पास स्थित हनुमान मंदिर के समीप से पकड़ कर थाना लाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी रियाडा पथ स्थित हनुमान मंदिर के समीप से बिना नम्बर का एक महिंद्रा ट्रैक्टर व एक जेएच 08 एच 0344 नम्बर का ट्रैक्टर से अवैध बालू परिवहन करते हुए प्रशिक्षु डिएसपी अमित कुमार सिंह द्वारा बालू लदा हुआ दो ट्रैक्टर को रोक चालक से कागजात की मांग किया गया। परंतु चालक द्वारा बालू परिवहन से सम्बंधित किसी तरह का कागजात प्रस्तुत नही करने पर बालू लदा दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु डिएसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना का सत्यापन के दौरान बालू लाद कर दो ट्रैक्टर को बालू परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा की जप्त ट्रैक्टर व ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत नियम संगत कारवाई करने हेतु अंचलाधिकारी को अवगत कराया गया है। जिसे उनके निर्देश पर खनन विभाग द्वारा नियम संगत करवाई किया जायेगा। साथ ही कहा कि खनन विभाग का खनिज संपदा तथा राजस्व क्षति का रोक के लिये लगतार थाना क्षेत्र में कारवाई किया जाएगा।

## सुखदेव भगत को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनाए जाने पर जीत सुनिश्चित : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, कम्युनिस्ट पार्टी के इंडिया गठबंधन की ओर से सुखदेव भगत को इंडिया गठबंधन का संयुक्त प्रत्याशी बनाए जाने पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति सदस्य आलोक कुमार साहू ने उन्हें बधाई देते हुए पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का आभार प्रकट करते हैं कि इस क्षेत्र के कद्दावर लोकप्रिय नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत को कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार बनाऐ। लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत को टिकट मिलने से इंडिया गठबंधन दलों के नेता कार्यकर्ता एवं आम जनता काफी उत्साहित है। लोगों को विश्वास है कि जिस प्रकार विधानसभा में जनसमस्याओं को लेकर मुखर होकर बात को उठाते थे उसी प्रकार संसद में भी सुखदेव भगत इस क्षेत्र के समस्याओं को लेकर मुखर होकर आवाज उठाएंगे। विदित हो कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाले सभी पांचो विधानसभा में इंडिया गठबंधन दल के विधायक है। इस चुनाव में सुखदेव भगत को सभी वर्गो का व्यापक जन समर्थन मिलेगा। लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल घोषित

# परिश्रम ही सफलता की जननी : शरत कुमार विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संरक्षक द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। अपने आशीर्वचन में प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा, परिश्रम ही सफलता की जननी है। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा परीक्षा में जिन्हें अच्छा अंक नहीं मिला उन्हें असफलता से निराश नहीं होना चाहिए और फिर से मेहनत करना चाहिए। कक्षा अरुण से प्रथम श्रुति कुमारी,द्वितीय अमन उरांव तथा तृतीय स्मृति कुमारी। कक्षा उदय से प्रथम किट्टू साहु, द्वितीय कैफ अंसारी, तृतीय अंजना उरांव। कक्षा प्रथम रोहित उरांव, द्वितीय सैफ अंसारी, तृतीय भूमि कुमारी। कक्षा द्वितीय से प्रथम काजल कुमारी, दूसरे स्थान पर शानवी कुमारी, तृतीय स्थान पर सिद्धि कुमारी। तृतीय कक्षा से प्रथम स्थान पर रितिका कुमारी, द्वितीय स्थान पर अमन उरांव तथा तीसरे स्थान पर अनान्या कुमारी रही। चतुर्थ कक्षा से प्रथम स्थान पर दीपिका कुमारी, सुहाना कुमारी व अमित उरांव। पंचम से सूरजमुनी उरांव, फरहान अंसारी, प्रिंस उरांव। षष्ठ कक्षा से मुस्कान कुमारी,काजल कुमारी,नूतन उरांव। सप्तम से राकेश उरांव, सृष्टि उरांव, अर्चना कुमारी। अष्टम से हिमानी पांडे,शशिबाला कुमारी, सौम्या कुमारी। नवम से प्रतिमा कुमारी, सुगंधा कुमारी, निखिल सोनी अव्वल रहें। मौके पर गंगा साहु, डा.भोला प्रसाद, बजरंग उरांव, शंभू सोनी, बजरंग सोनी, रवि प्रजापति, धर्म सहाय उरांव, प्रभु भगत, और अशोक सोनी आदि उपस्थित थें

# लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कण्डरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा एस आई मनीष कुमार महतो के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में किसी राजनीति पार्टी का चुनावी पोस्टर, झंडा, अवैध हथियार, गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब या अन्य नशिला पदार्थ तथा पैसा का जांच किया गया। वही वाहन जांच के दौरान जानकारी देते हुए एस आई मनीष कुमार महतो ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 50 हजार रुपैया नगद या उसे अधिक पैसा साथ लेकर चलना या अन्य किसी तरह से चुनाव में धनबल का दुरुपयोग करना तथा चुनाव को बाधित करने के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्यो को रोकने के लिये वाहन जांच किया जा रहा है। जिसके लिये चुनाव आयोग द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त है यदि कोई भी व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने किसी तरह का गलत कार्य करता है तो उस पर अचार संहिता का उलघ्नन के तहत नियम संगत करवाई किया जायेगा तथा नगद पैसा के साथ पकड़ा जाता है तो उन्हें इसकी पूरी जानकारी देना होगा। मौके पर दण्डाधिकारी अनिल उराँव और एस आई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

## मतदाता जागरूक अभियान को लेकर की बैठक, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में लोकसभा चुनाव में मतदात जागरूक अभियान को लेकर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक आयोजन कर दिशानिर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिये जागरूक करें जिसे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। साथ ही कहा कि जिन आगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पानी, रैम्प व शौचालय नही है वैसे केंद्र की सेविकाएं जल्द उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें जिसे व्यवस्था निश्चित किया जा सके तथा जिस जगहों में बिजली का कार्य हो रहा है वैसे जगह का रिपोर्ट दें। मौके पर पर्यवेक्षिका अंजनी बेक के अलावे किरण कुमारी, गीता देवी, शहनाज बेगम, टिंकी देवी, रजनी देवी, शांता मिंज, अनिता उराँव सहित अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे।

## लोक सभा चुनाव को लेकर सीओ ने की बैठक

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा सीओ सह प्रखंड निर्वाचन अधिकारी दुर्गा कुमार ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन प्रखंड में चल रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने अब तक की गई चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशाा-निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तर पर सभी तैयारी समय पर पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी बूथों का निरीक्षण करके वहां पर बिजली,रैंप आदि की आवश्यक सुविधाएं कराएं। वेब कास्टिंग को लेकर कैमरों की स्थापना का कार्य चुनाव आयोग के तय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाए। सीओ ने स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

# पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने किया जेल का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंडल करा लोहरदगा का निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा अधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सह एसडीओ अमित कुमार, जेलर सुबोध कुमार, सीजीएम डॉक्टर चंदन एवं डालसा सचिव राजेश कुमार भी अपस्थित रहे। पीडीजे ने जेल के वीभिन्न वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही साथ पाकशाला में जाकर खाने की गुणवत्ता की भी मुआयना किया। महिला बंदियों से रूबरू होते हु पीडीज ने उनके समस्याओं को भी सुना। वर्तमान पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष का कार्यकाल 31 मार्च 2024 तक की है। अतः उन्हें जेल के अधीक्षक अमित कुमार ने शाल एवं बुके प्रदान कर उनका सम्मान किया।

## विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के आदेशानुसार चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान कानूनी साक्षरता के कार्यक्रम में गुरुवार को सेन्हा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत के सुदूर ग्रामीण इलाकों में अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव, फून्नी साहू, पीएलबी प्रियांशु कुमार, मंजु खाखा, दुखिता मिंज के द्वारा कानुनी जानकारी दी गई। अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव द्वारा ग्रामीणों को दुर्घटना मुआवजा, डायन बिसाही, कानून को अपने हाथ में नहीं लेने तथा प्राधिकार द्वारा सरकारी खर्च पर निःशुल्क अधिवक्ता निःशुल्क कागजात निःशुल्क कोर्ट फीस के लिए खर्च अभिलेखों को तैयार करने का खर्च गवाहों को आने-जाने का खर्च मुकदमे से संबंधित अन्य जरूरी खर्च के विषय में बताया। वही अधिवक्ता पुन्नी साहू के द्वारा ग्रामीणों को शराब का सेवन न करने घरेलू हिंसा न करने बिना हेलमेट के वाहन का प्रयोग नहीं करने लाइसेंस बनवाने आदि के संबंध में बताया गया। इस कार्यक्रम में जिसके अंतर्गत बूटी डूमर टोली, भड़गांव, जोगना झकरा आदि के ग्रामीण उपस्थित थे।

## भंडरा प्रखंड के बड़ा अंबेरा में धूमधाम से मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत अंतर्गत बड़ा अंबेरा में गुरुवार को धूमधाम से प्राकृतिक पर्व सरहुल बनाया गया। इस दौरान स्थानीय सरना स्थल में पुजार मनु उरांव एवं पहान बंदे उरांव द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। तत्पश्चात गांव के युवक युवतियों द्वारा गांव का अखाड़ा में पारंपरिक गानों पर झूमते नजर आए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों का मुख्य पर्व सरहुल पूजा है। जिसमें प्रकृति की पूजा होती है। यह पर्व एकता एवं शांति का पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्व के दिन लोग सरना स्थल पर शाल वृक्ष की पूजा करते हैं क्योंकि पेड़ है तो हमारा जीवन है। उन्होंने कहा कि इससे सिर्फ आदिवासी ही नहीं बल्कि सभी समुदाय के लोगों को लाभ मिलता है। साथ ही अपने सभी बच्चों को स्कूल भेजकर अच्छी शिक्षा दें तो इस शिक्षित समाज के परंपरा को पूरी दुनिया मांगेंगी और दुनिया का सबसे पहला पायदान पर खड़ा हो सकता है। सरहुल आदिवासी एकता और भाईचारा का संदेश देता है। इस प्रकृति पर्व को हम सभी को मनाना चाहिए और पेड़ पौधो की सदैव रक्षा करनी चाहिए। इस मौके गणेश महली, भैरो उरांव, कुलदीप लोहरा, सुधु उरांव, सिबु मिंज, सूरज उरांव व ग्रामीण मौजूद थे।

### वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह 2024 का हुआ आयोजन

# परिश्रम जीवन को सफल एवं सार्थक बनाता है : शशिधर लाल अग्रवाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया सरस्वती वंदना के पश्चात कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार सिंह, श्री कमल महतो, श्री राहुल कौशल, राजीव कुमार, श्यामसुंदर मंच पर उपस्थित थे। कक्षा से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा अरुण के भैया सत्यम उरांव, बहन आराध्या राज एवं बहन आरवी कुमारी तथा कल्यांशु उरांव को प्राप्त हुआ। कक्षा उदय के भैया साहित्य शर्मा भैया, उत्कर्ष नगेसिया एवं भैया अदम्य में ट्विंस को पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रभात की बहन खुशबू, उरांव भैया प्रणीत गुप्ता एवं बहन नंदिनी गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रथम से भैया प्रज्ञान कुमार, बहन आश्वी सहदेव एवं अरनव भगत तथा सृष्टि कुमारी को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा द्वितीय क की बहन अर्पिता कुमारी भैया, शिव शंकर उरांव एवं बहन परिधि कुमारी को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा द्वितीय ख से भैया प्रणीत कुमार,भैया शौर्य कुमार तथा अमन लोहरा को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा तृतीय की बहन आराधना मेहता,बहन पायल कुमारी एवं बहन सिद्धि शर्मा को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा चतुर्थ से बहन पलक मेहता, बहन माही कुमारी एवं बहन दिव्या उरांव को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा पंचम क के भैया अंकित कुमार प्रजापति,भैया कृष्ण कुमार साहू एवं भैया आयुष कुमार एवं गौरव प्रताप को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा पंचम के भैया सुप्रशांत भगत भैया वत्सल कुमार गुप्ता एवं भैया सिद्धार्थ शर्मा को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही साथ कक्षा पंचम के भैया गौरव प्रताप को प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रांतीय स्तर पर तृतीय स्थान लाने पर उन्हें नगद राशि ?3000 प्रदान किया गया। साथ ही साथ विद्यालय की आचार्य सुश्री सुनीता कुमारी को विद्यालय स्तर पर सक्रिय आचार्य के रूप में समिति के सचिव एवं अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। वाटिका खंड में सर्वोत्तम अंक लाने हेतु भैया साहित्य शर्मा को पुरस्कृत किया गया वहीं मंदिर खंड में सर्वोत्तम अंक लाने हेतु भैया प्रणीत कुमार को पुरस्कृत किया गया। स्वच्छता एवं अनुशासन के लिए कक्षा चतुर्थ के भैया ऋषभ राज को पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वाधिक उपस्थित के लिए कक्षा चतुर्थ के भैया निखिल भगत को पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन परीक्षा विभाग प्रमुख आचार्य श्री महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। आज के इस अवसर पर इस श्री शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा परिश्रम जीवन को सार्थक एवं सफल बनाता है अतः विद्यार्थी को निरंतर परिश्रम करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से सुनील कुमार सिंह ने कहा विद्यार्थी को पांच लक्षणों से युक्त होकर निरंतर पढ़ाई में रत रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य से सुरेश चंद्र पांडे ने कहा जीवन में सफलता तभी अर्जित किया जा सकता है जब हम संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण करें। माता-पिता एवं गुरु जनों का आदर करना विद्यार्थी का प्रथम कर्तव्य होता है। आज के इस कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी तथा भैया बहन उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए सिमडेगा जिला के 08 सहित झारखंड की 10 खिलाड़ी आमंत्रित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैम्प के लिए सिमडेगा ज़िले के 8 खिलाड़ियों के सिलेक्शन के साथ कुल 10 खिलाड़ियों का सिलेक्शन हुआ है जिसमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे ,संगीता कुमारी ,रोपनी कुमारी, दीपिका सोरेंग, सोनल मिंज, महिमा टेटे,प्रमिला कुमारी, अंजना डुंगडुंग और अनीशा डुंगडुंग शामिल हैं। इससे पूर्व जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए भी सिमडेगा के पांच सहित झारखंड के 06 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है ।01 अप्रैल से 07 अप्रैल तक 2024 तक साई सेंटर बंगलुरु में आयोजित सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए सिमडेगा जिला के 08 सहित झारखंड के 10 महिला हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, रोपनी कुमारी, दीपिका सोरेंग, सोनल मिंज और महिमा टेटे जो हॉकी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किए थे एवम प्रमिला कुमारी, अंजना डुंगडुंग और अनीशा डुंगडुंग जो हॉकी बंगाल टीम का प्रतिनिधित्व किए थे को आमंत्रित किया गया है।इन 10 खिलाड़ियों के अलावा झारखंड की ब्यूटी डुंगडुंग पूर्व से ही बैंगलोर में ही है।इन सभी खिलाड़ी का चयन 13 से 23 मार्च तक पुणे में आयोजित 14ह्व्ह्र हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। सीनियर महिला टीम के लिए आमंत्रित सलीमा टेटे,संगीता कुमारी, रोपनी कुमारी, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे, अंजना डुंगडुंग, प्रमिला कुमारी और अनीशा डुंगडुंग सिमडेगा जिला की है जबकि निक्की प्रधान खूंटी जिला और सोनल मिंज गुमला जिला की रहने वाली है। साई रांची के सीनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों का स्थानांतरण सीनियर साई एकसिलेंसी सेंटर कोलकोता में हो गया है इसलिए झारखंड के कई खिलाड़ी अब सीनियर नेशनल में हॉकी बंगाल का प्रतिनिधित्व करते है। सीनियर के अलावा जूनियर इंडिया टीम के कैंप में भी झारखंड के नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर, निशा मिंज और संजना होरो कुल 06 को आमंत्रित किया गया है।सीनियर कैंप के लिए आमंत्रित 10 खिलाड़ियों में से 06 खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, सोनल मिंज, दीपिका सोरेंग और रोपनी कुमारी रांची रेलवे में कार्यरत है जब कि चार खिलाड़ी महिमा टेटे अंजना डुंगडुंग, प्रमिला कुमारी और अनीशा डुंगडुंग अभी एकलवय रांची और साई कोलकाता में प्रशिक्षण ले रहे है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### रांची : नीलांबर पीतांबर के शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरवार भेगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति के तत्वाधान में मोराबादी स्थित नीलांबर पीतांबर पार्क में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शाही भोगता का 166 वाँ शहादत दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।उपस्थित लोगों ने नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।साथ ही बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।साथ ही वक्ताओं ने कहा नीलाम्बर पीताम्बर ने देश की आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई और अपने प्राणों की बलि दे दिया। इस मौके पर रांची जिला सचिव हर्षनाथ भोगता ,रांची जिलाउपाध्यक्षअजय कुमार सिंह भोगता,जिला कोषाध्यक्ष संजय भोगता,परमेश्वर भोगता ,राँची जिला राँची जिला प्रवक्ता सुधीर भोगता, युवा संघ शैक्षणिक सलाहकार युवा मोर्चा अमृत खरवार, जय सिंह खरवार, संदीप कुमार भोगता,संजीत कुमार गंझू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पत्रकार के निधन पर रांची प्रेस क्लब ने जताया शोक, क्लब करेगा हरसंभव मदद : अध्यक्ष

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरमांझी के पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता के आकस्मिक निधन पर रांची प्रेस क्लब ने गहरा शोक जताया है। क्लब के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनके पिता लक्ष्मण साव और भाई अजय कुमार गुप्ता और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। दुख के इस घड़ी में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा की जय प्रकाश गुप्ता का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, क्लब जीवन के हर मोड़ पर उनके परिजनों के साथ खड़ा है। प्रीनिधिमंडल में रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, संयुक्त सचिव रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद, सदस्य प्रमोद सिंह, रोहित लाल, संतोष गुप्ता, आमोद साहू मुख्य रूप से मौजूद थे।

### झॉलीवुड प्रीमियर लीग सेलिब्रिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 30 मार्च से

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झॉलीवुड प्रीमियर लीग सेलिब्रिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 30 मार्च 2024 दिन शनिवार समय सुबह 8:00 से शाम 5:00 बजे तक जेके इंटरनेशनल स्कूल अगरू रातू रांची झारखंड में होने वाला है। जिसमें झॉलीवुड के सारे कलाकार आपको क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे, यह क्रिकेट टूर्नामेंट शांति, प्रसन्नता, उत्साह, एकता व प्रेम सारे झारखंड में बाटेंगे, फाइनल मैच भी 3:00 बजे से इसी ग्राउंड में खेला जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक कर्ता - मोनू राज, राजेश कश्यप, प्रवीण सर ,मनीष तिर्की, वर्षा ऋतु, रवि तिग्गा, सूरज मुंडा, डीजे पवन और आदित्य प्रसाद है इस कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर जितेंद्र सिंह को स्पॉन्सर पुरुषोत्तम कुमार हैं।

# एसपी ने 3 एएसआई को किया ससपेंड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जब्त पशुओं के जिम्मेनामा के नाम पर एक एएसआई ने 70 हजार की वसूली की थी. पूरे मामले में शिकायत के बाद जांच की गई. जांच के बाद आरोपी एएसआई को निलंबित कर दिया गया है. वहीं होली के दौरान विधि व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले एक और एएसआई को निलंबित किया गया है.दरअसल पलामू के छतरपुर थाना में 23 मार्च को तस्करी के लिए ले जा रहे 26 पशुओं को पुलिस ने जब्त किया गया था. जबकि पूरे मामले में नावाबाजार के रहने वाले सिराजुद्दीन अंसारी, पिपरा के रहने वाले सफीना बीबी, फिरदौस खान, हरिहरगंज के अररुआ के रहने वाले अतहर हुसैन, पड़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले टीकू अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. तस्करी के इस मामले का अनुसंधानकर्ता एएसआई जयप्रकाश तिवारी को बनाया गया था.जय प्रकाश तिवारी ने जब्त पशुओं को अमानुल्लाह अंसारी और गुलाम गौस अंसारी को दिया था. जिम्मेनामा लेने वाले दोनों व्यक्ति छतरपुर के रहने वाले हैं. पुलिस के वरीय अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि मुकदमे के अनुसंधानकर्ता जयप्रकाश तिवारी ने जिम्मेनामा के नाम के नाम पर आर्थिक लाभ लिया है. पूरे मामले में छतरपुर के सीडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया था.जांच के दौरान पाया गया कि जयप्रकाश तिवारी ने जिम्मेनामा के नाम पर 70 हजार रुपए की उगाही की है. पूरे मामले में आरोपी एएसआई से पुलिस के अधिकारियों ने जवाब भी मांगा था, लेकिन एएसआई ने शोकॉज का जवाब नहीं दिया. पूरे मामले में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कार्रवाई करते हुए आरोपी एएसआई को निलंबित कर दिया. इधर एक अन्य मामले में पलामू के सदर थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह को भी निलंबित किया गया है. पलामू एसपी रीष्मा रामेशन ने निलंबन की पुष्टि की है.

# स्नेक बाईट मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** सदर अस्पताल के सभागार में स्नेक बाइट मैनेजमेंट की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यशाला में सभी मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ फार्मासिस्ट, एएनएम, जीएनएम को एंटी रैबीज इंजेक्शन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महामारी नियंत्रक डॉ. संतोष मिश्रा ने बताया कि आने वाले मौसम में स्नेक बाइट के मरीज बढ़ जाते है। इस कार्यशाला में स्नेक बाइट के मरीज को दी जाने वाली विभिन्न उपचार के बारे में जानकारी दी गई है। कार्यशाला में भंडरिया पदाधिकारी विजय रजक, रंका प्रभारी डॉ. असजद अंसारी, गढ़वा प्रभारी डॉ संजय कुमार, नगर ऊंटरी प्रभारी डॉक्टर सुचित्रा कुमारी, मझिआंव प्रभारी गोविंद सेठ, मेराल प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# एमएसए स्कूल में हुआ दावत-ए-इफ्तार

*** बेहद पाक और रहमत वाला महीना है रमज़ान : शफ़ीक सर**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द में शफीक एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा आज रोजेदारों के लिए दावतें ए इफ्तार का आयोजन किया। इस इफ्तार पार्टी में शाही बावर्चीयों ने रोजेदारों के बीच अनेकों शाही लज़ीज़ पकवान पड़ोसा। इस इफ्तार पार्टी कार्यक्रम में स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ साथ काफ़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे। मौके पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा रमजान का महीना बेहद पाक और इबादत वाला होता है। इस पाक महीना में इबादत का 70 गुणा सवाब मिलता है। मौके पर कियामुद्दिन साहब ने बताया रमज़ान को कुरान का महीना भी कहा जाता है। रमजान में इफ्तार कराने वाले को भी शबाब हासिल होता है। कार्यक्रम का अध्यक्षता स्कूल के सचिव सह उप प्राचार्य अफज़ल शफीक सर कर रहे थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अमन अंसारी, मेहनाज अंसारी, मोज्जमील हुसैन, संजर अंसारी, एहसान, तौफीक, अलीशा, अफताब अंसारी, जहांगीर अंसारी, जाहिद अंसारी, सक्रिय थे।

# सुप्रिया श्रीनेत को कांग्रेस ने नहीं दिया टिकट भारी पड़ी कंगना रनौत पर अभद्र टिप्पणी





एजेंसी

**लखनऊ.** कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के लोकसभा चुनाव लड़ने पर ग्रहण लग गया है. बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के बाद सुप्रिया श्रीनेत को टिकट नहीं दिया गया है.

कांग्रेस ने बुधवार को अपने प्रत्याशियों की आठवीं लिस्ट जारी की जिसमें सुप्रिया श्रीनेत का नाम नहीं था. सुप्रिया श्रीनेत यूपी की महाराजगंज सीट से चुनाव लडने वाली थीं. अब उनकी जगह कांग्रेस ने वीरेंद्र चौधरी को प्रत्याशी बनाया है.गौरतलब है कि सुप्रिया श्रीनेत ने महाराजगंज सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था. हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. इस बार भी उनका टिकट तय माना जा रहा था, लेकिन टिकट घोषणा से पहले सुप्रिया श्रीनेत ने अपने ऑफिसियल एक्स अकाउंट से कंगना रनौत को लेकर बेहद अमर्यादित पोस्ट लिख दी. जिसके बाद बीजेपी ने इसे मुद्दा बनाते हुए महिला सम्मान से जोड़ दिया.

अब कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने डैमेज कण्ट्रोल करते हुए सुप्रिया श्रीनेत को टिकट नहीं दिया. सपा के साथ गठबंधन के तहत 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने अब तक 13 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. मंगलवार को भी चार प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया. इनमें कांग्रेस ने गाजियाबाद से डॉली शर्मा को टिकट दिया है. बुलंदशहर से शिवराम वाल्मीकि को उम्मीदवार बनाया गया है. सीतापुर से पूर्व मंत्री नकुल दुबे और महाराजगंज से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी लड़ेंगे चुनाव.

हालांकि कांग्रेस ने रायबरेली-अमेठी सहित शेष 4 सीटों पर अभी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है.

# प्रथम मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को स्थानीय गोविन्द प्लस टू उच्च विद्यालय में 1148 प्रथम मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद भी उपस्थित थें। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान चुनाव कार्य में लगने वाले मतदान पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस बार सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र पर जाना है। क्लस्टर की व्यवस्था इस बार नहीं है। इसलिए पूरी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण लेना आवश्यक है ताकि मतदान सुगमतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान ही डाक मतपत्र कोषांग द्वारा चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मियों को फॉर्म 12, चुनाव ड्यूटी का पत्र तथा फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति प्राप्त की गई ताकि ऐसे कर्मी भी चुनाव आयोग के निदेशानुसार अपना वोट दे सकें। मौके पर उपायुक्त द्वारा प्रशिक्षण पा रहे मतदान पदाधिकारियों से ईवीएम एवं वीवीपीएटी आदि के व्यावहारिक जानकारी के बारे में पूछी गई। वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि 30 मार्च को द्वितीय मतदान पदाधिकारी तथा दिनांक 01 अप्रैल को तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। संबंधित कर्मियों को पत्र भी तामिला कराया जा चुका है। 02 अप्रैल को महिला मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराना निर्धारित किया गया है। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय जिला नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही नियंत्रण कक्ष में सभी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

### रांची : प्रेमिका की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने प्रेमिका के हत्या के दोषी पवन गोप को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उसपर 75 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। पवन गोप को एकतरफा प्यार में अपनी कथित प्रेमिका प्रियंका कुमारी की हत्या कर दिया था । अदालत ने जुर्माने की आधी धनराशि मृतका के परिजनों को देने का निर्देश दिया है। युवती के परिजनों ने रांची के ओरमांझी थाना में मामला दर्ज करवाई थी।




# रामनवमी मेले की मुख्य सचिव व डीजीपी ने की समीक्षा



एजेंसी

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व रामनवमी मेले की तैयारी को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंदिर परिसर में अधिकारियों और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने कहा कि राम जन्म भूमि की सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के पूर्व दोनों उच्च अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए। राम लला के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश, आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि रामनवमी मेले को लेकर दोनों उच्च अधिकारियों के निर्देश हैं कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश हैं। रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल व्यवस्था व अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये हैं। रामनवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओ के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद हैं। 17 अप्रैल को रामनवमी मनाया जाएगा। भव्य और दिव्य मंदिर में भगवान राम लला की पहली रामनवमी मनाई जाएगी क्राउड मैनेजमेंट के लिए मुख्य सचिव व डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए । उन्होंने बताया कि सभी निर्देशों का पालन कराया जाएगा। बैठक में एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर, कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य अधिकारी मौजूद रहे।।मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व डीजीपी प्रशांत कुमार समीक्षा बैठक कर एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हुए ।

# दिल्ली से रांची लौटीं सीता सोरेन कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहु एवं जामा की पूर्व विधायक और दुमका संसदीय क्षेत्र की लोकसभा उम्मीदवार सीता सोरेन गुरुवार को नई दिल्ली से रांची पहुंची। एयरपोर्ट पर रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीता सोरेन का काफिला भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा, जहां उनका महिला मोर्चा की बहनों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भानु प्रताप शाही सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और परिचय प्राप्त किया।

प्रदेश अध्यक्ष मरांडी, नेता प्रतिपक्ष बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री सिंह ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से सीता सोरेन का स्वागत किया।इस दौरान प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सीता सोरेन ने झामुमो एवं राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झामुमो को अपने खून पसीने से सींचने वाले झामुमो के कद्दावर नेता उनके पति स्व. दुर्गा सोरेन का अपमान उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं। उन्होंने दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की।सीता सोरेन ने कहा कि उन्होंने परिवार में कई बार इस बात को उठाया, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया गया। मैंने परिवार में दर्द और पीड़ा सहते हुए अपनी बच्चियों का लालन-पालन किया है। झामुमो अब स्व दुर्गा सोरेन के जमाने की पार्टी नहीं रही। यह पार्टी अब दलाल और बिचौलियों की पार्टी बनकर रह गई है। जहां जाइए जिलों में भी केवल दलाल और बिचौलिए ही पार्टी पर हावी हैं।भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि झामुमो में महिलाओं का सम्मान नहीं है। वे लगातार पार्टी और परिवार में अपमानित महसूस कर रही थीं, इसलिए बड़ा राजनीतिक फैसला लिया।

### फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल

**मुंबइ :** फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा आहूजा गुरुवार को शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि गोविंदा ने कोई मांग नहीं की है और शिवसेना के लिए सक्रिय रूप से काम करने की इच्छा जताई है। सीएम शिंदे ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी फिल्म कलाकारों के हित के लिए काम करती रहेगी। इस अवसर पर गोविंदा ने विश्वास जताया कि मुझे दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगा। लोकसभा चुनाव ल?ने के सवाल पर उन्होंने सधी हुई प्रतिक्रिया दी। जब मैं शुरुआत में 2004 से 2009 तक राजनीति में था, जब मैं बाहर निकला तो मैंने सोचा कि शायद मैं दोबारा राजनीति में नहीं आऊंगा लेकिन 14 साल के वनवास के बाद मैं फिर से शुरुआत कर रहा हूं। अभिनेता गोविंदा आहूजा पहले भी कांग्रेस पार्टी से सांसद रह चुके हैं। वह अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए।

# देश के विकास में उद्यमियों का अहम योगदान : बंडारू दत्तात्रेय




एजेंसी

**फरीदाबाद :** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश के विकास में उद्यमियों का अहम योगदान है। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज को भारत के साथ विश्व में पहचान बनाने के लिए सभी उद्यमी भागीदार बनें। राज्यपाल दत्तात्रेय गुरुवार को स्थानीय मैगपाई काम्पलेक्स में ऑल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई की ओर से आयोजित प्रथम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। दत्तात्रेय ने महोत्सव में उपस्थित सभी अतिथियों, उद्यमियों एवं मीडिया कर्मियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी उद्यमियों एवं ऑल इंडिया फोरम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल दत्तात्रेय और अन्य मेहमानों ने दी प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि एक शिल्पकार से लेकर शहरी क्षेत्र में मौजूद स्टार्ट अप, स्मार्ट सॉल्यूशन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तक आते हैं। आज एमएसएमई/ एमएसएमई के अंतर्गत न केवल मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस उद्योग आते है, अपितु व्यापार को भी इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन एवं करदाता के रूप में आपका योगदान महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि एक उद्यमी का जीवन चुनौतियों से परिपूर्ण है। इन चुनौतियों के बीच आपका संयम, साहस, जोखिम एवं प्रतिदिन बदलने वाली टेक्नोलॉजी के मध्य खड़े रहना प्रेरित करने वाला है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौर में उद्यमियों द्वारा की गई मेहनत की बदौलत जो एक अच्छा ईसीओ सिस्टम हमारे देश में उपलब्ध है। उसकी प्रशंसा पूरे देश में की जाती है। इसी के परिणाम स्वरूप है। राज्यपाल दत्तात्रेय ने एआईएफओएम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इस संस्था का निर्माण करके हजारों उद्यमियों को विकास का एक रास्ता दिखाया है। इसके अतिरिक्त इस राष्ट्रीय महोत्सव के दौरान सम्मानित होने वालों को बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद करते हैं कि जो उद्यमी आज अवार्ड नहीं ले पाये हैं। वे और अधिक मेहनत एवं अच्छा कार्य करेंगे। भविष्य में अवश्य यह अवार्ड प्राप्त करेंगे।